
रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित * * * * * सोमवार, 01 जनवरी 2024 पौष कृष्णपक्ष 06 , संवत 2080 पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 वर्ष : 1, अंक : 254 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र





# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


खेतों की मेड़ों पर धूल-भरे पांव को,
कुहरे में लिपटे उस छोटे-से गांव को,
नए साल की शुभकामनाएं!

जांते के गीतों को, बैलों की चाल को,
करघे को, कोल्हू को, मछुओं के जाल को,
नए साल की शुभकामनाएं!

इस पकती रोटी को, बच्चों के शोर को,
चौके की गुनगुन को, चूल्हे की भोर को,
नए साल की शुभकामनाएं!

वीराने जंगल को, तारों को, रात को,
ठंडी दो बंदूकों में घर की बात को,
नए साल की शुभकामनाएं!

- सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.1 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 26.5 | 13.6 |
| डालटनगंज | 19.0 | 12.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,600 |
| चांदी (किलो) | 77,000 |

## ब्रीफ खबरें

### नल से जल योजना का झारखंड में इंतजार

**नयी दिल्ली।** भारत सरकार ने 2024 तक देश के प्रत्येक गांव के हर घर में नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन अभी भी ग्रामीण इलाकों में 5,33,46,499 (लगभग 5.33 करोड़) घरों को नल से जल का कनेक्शन उपलब्ध नहीं हो पाया है. आरटीआई से मिली जानकारी के अनुसार राजस्थान, झारखंड और पश्चिम बंगाल में इस संबंध में स्थिति ज्यादा खराब है. इन राज्यों में आधे भी कम हो पाया है.

### छात्रा से गैंगरेप में 3 आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** लंका थाना इलाके में स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के आईआईटी की एक छात्रा के साथ कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म और वीडियो बनाये जाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. तीनों आरोपी भाजपा आईटी सेल से जुड़े बताये जा रहे हैं. पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी. सोशल मीडिया पर तीनों आरोपियों के फोटो के साथ विपक्ष ने भाजपा पर जोरदार हमला बोला है.

### फैक्ट्री में आग से छह श्रमिकों की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में रविवार तड़के दास्ताने बनाने वाली एक फैक्ट्री में आग लगने से कम से कम छह श्रमिकों की मौत हो गयी. कई लोगों के घायल होने की भी खबर है. पुलिस के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी.

### जवाब में रूस ने यूक्रेन पर किये ड्रोन हमले

**कीव।** रूस ने सीमावर्ती शहर बेलग्राद में किये गये हमले के जवाब में रविवार की रात को यूक्रेन पर ताजा ड्रोन हमला किया. इससे पहले रूस ने कहा था कि बेलग्राद हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा.

### भारतीय पुरुष व महिला हॉकी टीम के नये कप्तान

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए रविवार को भारतीय टीम की घोषणा की. जिसमें सिमरनजीत सिंह और रजनी इतिमारपु क्रमशः पुरुष और महिला टीम की कमान संभालेंगे.

## 2024 से उम्मीदें : हेमंत सरकार के कुछ फैसले रहे सुर्खियों में

# प्राथमिकताएं और चुनौतियां

**प्रवीण कुमार। रांची**

राज्य की हेमंत सोरेन सरकार अपना चार साल का कार्यकाल पूरा करके चुनावी वर्ष 2024 में प्रवेश कर चुकी है. इस लिहाज से 2022 और 2023 का वर्ष सरकार के लिए काफी अहम रहा. बीते वर्ष को कई फैसलों के लिए याद किया जाएगा. इसका असर 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव पर पड़ना लाजिमी है.

हेमंत सरकार ने कई ऐसे फैसले भी लिए, जिनसे राजभवन और विपक्ष से टकराव की भी स्थिति बनी. राज्य में लंबे समय से हो रही आदिवासी /सरना धर्म कोड की मांग को राज्य सरकार ने विधानसभा से पारित कर फैसला केंद्र के पाले में डाल दिया है. यह फैसला सरकार के लिए काफी अहम है. इसके अलावा भी कई ऐसे मुद्दे हैं, जिनको लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष समय समय पर उलझते दिखे. उन मुद्दों को सरकार ने अमल में लाना शुरू कर दिया है.

सरकार ने 2023 में एक अहम फैसला फिर से लिया. राजभवन ने जिस 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को संविधान का हवाला देते हुए कई सवाल खड़े किये थे. सरकार ने उसी नीति को बिना किसी की परवाह किए फिर से हुबहू सदन में लाकर पास करा लिया. अभी तक राजभवन के पास ओबीसी का 27 प्रतिशत आरक्षण देने सहित मॉब लिंचिंग विधेयक विचाराधीन हैं. इसके अलावे झारखंड में किन्नरों को ओबीसी सूची में लाने का हेमंत सरकार ने फैसला लिया. इसकी भी चर्चा देशभर में हुई.

हेमंत सरकार ने 25 जुलाई 23 को कैबिनेट की बैठक में पांच पूर्व मंत्रियों अमर कुमार बाउरी, रणधीर कुमार सिंह, डॉ. नीरा यादव, लुईस मरांडी और नीलकंठ सिंह मुंडा के विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति के मामले में एसीबी में पीई दर्ज करने का फैसला लिया. बिहार में हुए जाति आधारित सर्वे के बाद झारखंड में भी इसकी मांग ने जोर पकड़ लिया. आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में जाति आधारित सर्वे कराने की घोषणा कर दी.



### राज्य के युवाओं को उम्मीदें

राज्य के युवा हेमंत सरकार से अब भी उम्मीद लगाये बैठे हैं. युवाओं को उम्मीद है कि 2024 चुनावी साल में सरकार उनके हित में कुछ बड़े फैसले लेगी, जो उनके लिए मील का पत्थर साबित होंगे. युवा राज्य में खाली सरकारी पदों को भरने की लगातार मांग कर रहे हैं. 2019 में यूपीए के नेताओं ने अपने जारी मेनिफेस्टो में युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था. ऐसे में युवाओं को पूरी उम्मीद है कि सरकार चुनावी साल में जेपीएससी और जेएसएससी की लंबित परीक्षाओं का आयोजन करेगी. जानकारी के अनुसार सरकार भी इन परीक्षाओं के आयोजन को लेकर तैयारी में है. इसी को लेकर सरकार ने 11वीं सिविल सेवा के विज्ञापन का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए जेपीएससी नियमावली में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया था, जिस पर राजभवन की मुहर लग गई है. इससे भी युवाओं की उम्मीद बढ़ी है.

### सरकार की प्राथमिकताएं और चुनौतियां

पांचवें और चुनावी साल में सरकार की पहली प्राथमिकता होगी चुनावी वादों को पूरा करने की. जिसमें संविदाकर्मियों को नियमित करने का मुद्दा, पारा शिक्षकों के हित में फैसला लेना. मगर यह सब सरकार को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप करना होगा, जो चुनौती है. पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक, वित्त रहित शिक्षाकर्मियों की मांगों को पूरा करना सरकार के लिए चुनौती है. ऐसे संविदाकर्मियों की संख्या राज्य में करीब ढाई लाख हैं. हेमंत सरकार की प्राथमिकता अबुआ आवास योजना के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को घर देने की होगी. चालू वित्तीय वर्ष के शेष बचे तीन महीने में दो लाख और वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम छमाही में ढाई लाख आवास देने की योजना है, जो चुनौती से कम नहीं है.

### पिछले सालों के बड़े फैसले

- शहरी क्षेत्र में पेड़ लगाने पर प्रति पेड़ 5 यूनिट बिजली फ्री का निर्णय.
- सभी महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने का फैसला.
- झारखंड प्रतियोगी परीक्षा अधिनियम 2023 की स्वीकृति,नकल करते पकड़े जाने पर 3 साल तक की सजा,10 करोड़ तक का जुर्माने का प्रावधान.
- अबुआ आवास योजना के जरिए चालू वित्तीय वर्ष में 2 लाख, 2024-25 में 03 लाख 50 हजार और 2025-26 में 02 लाख 50 हजार पक्का आवास देने का निर्णय सरकार ने लिया है.
- इसी प्रकार राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों के लिए सहायक आचार्य नियुक्ति-प्रोन्नति एवं सेवा शर्त नियमावली की स्वीकृति दी गयी.
- हेमंत सरकार ने झारखंड के गरीब और पिछड़े बच्चों की शिक्षा के लिए गुरु जी स्टूडेंट्स क्रेडिट कार्ड योजना की शुरुआत की.
- राज्य कर्मियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम लागू की.
- इसके अलावा मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत जरूरतमंद कैंसर रोगियों को 25 लाख तक की चिकित्सा सुविधा देने का निर्णय लिया.
- 11वीं सिविल सेवा के विज्ञापन का इंतजार कर रहे छात्रों के लिए जेपीएससी नियमावली में संशोधन के सरकार का प्रस्ताव पर राजभवन की मुहर लगना.

### गुमला के मलगो में संचालित स्कूल की पीएम मोदी ने मन की बात में की चर्चा, ग्रामीणों में हर्ष

## कुड़ुख भाषा व स्कूल के विकास की जगी उम्मीद

**मन की बात**

**संवाददाता। गुमला**

मन की बात कार्यक्रम के 108 वें एपीसोड में रविवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने गुमला जिला के सिसई प्रखंड के मंगलो गांव में संचालित कार्तिक उरांव आदिवासी कुड़ुख स्कूल की चर्चा किए जाने से विद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है. ज्ञात हो कि आदिवासी युवक अरविंद उरांव ने ग्रामीणों के सहयोग से मंगलो गांव में इस विद्यालय का स्थापना 2008 में किया है. विद्यालय आरंभ करने का उद्देश्चय कुड़ुख भषी बच्चों को उनके भाषा संस्कृति से अक्षुण्ण रखना है. शिक्षक अरविंद उरांव ने बताया कि उनके कुड़ुख शिक्षा के संरक्षण व संवर्धन के सोच को मंगलो के ग्रामीणों ने ढाई एकड़ भूमि दान कर उसका हौसला बढ़ाया.

ग्रामीणों ने विद्यालय खोलने के लिए आर्थिक सहयोग भी किया. तत्कालीन शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव ने 85 हजार रुपए निजी तौर पर आर्थिक सहयोग किया है. यहां नर्सरी से कक्षा दस तक पढ़ाई होती थी, लेकिन विद्यालय को स्थापना अनुमति नहीं मिली, जिस कारण अभी नर्सरी से कक्षा आठवीं तक ही पढ़ाई होती है. विद्यालय के संस्थापक शिक्षक अरविंद उरांव ने कहते हैं कि जनजातीय भाषा में विद्यालय खोलने की प्रेरणा उन्हें मंगलो गांव के बच्चों से मिली. मंगलो गांव के सारे बच्चे आपस में कुड़ुख भाषा में बात करते हैं. इसी को ध्यान में रखकर अरविंद उरांव ने खुद एवं गांव वालों के सहयोग से कुड़ुख भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कुड़ुख स्कूल ही खोल डाला.

वर्तमान में स्कूल मे करीब 300 बच्चे पढ़ाई कर रहे है, जिन्हें शिक्षा देने के लिए स्कूल में कुल सात शिक्षक कार्यरत है. स्कूल में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है. इसके बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मन की बात कार्यक्रम में इस विद्यालय को चर्चा में शामिल कर कुड़ुख भाषा और विद्यालय के विकास की उम्मीदें जग गई है.



अरविंद उरांव

### पीएम मोदी ने आदिवासी गांव को किया याद

प्रधानमंत्री ने अपने मन की बात में झारखंड के गुमला जिले के मलगो गांव का जिक्र करते हुए कहा,मैं आपको झारखंड के एक आदिवासी गांव के बारे में बताना चाहता हूं. इस गांव ने अपने बच्चों को मातृभाषा में शिक्षा देने के लिए एक अनूठी पहल की है. इस स्कूल को शुरू करने वाले अरविंद उरांव कहते हैं कि आदिवासी बच्चों को अंग्रेजी भाषा में दिक्कत आती थी, इसलिए उन्होंने गांव के बच्चों को अपनी मातृभाषा में पढ़ाना शुरू कर दिया. अपनी भाषा में पढ़ाई करने से बच्चों के सीखने की गति तेज हो गई. वहीं, पीएम मोदी ने गुजरात में डायरा की एक परंपरा का जिक्र किया. पीएम मोदी ने कहा," रात भर हजारों लोग डायरा में शामिल हो कर मनोरंजन के साथ ज्ञान को अर्जित करते हैं.

## मणिपुर में हालात फिर बेकाबू

**इंफाल।** मणिपुर में अभी पूरी तरह से शांति स्थापित नहीं हुई है. मणिपुर के मोरेह में पुलिस और सशस्त्र उग्रवादियों के बीच बढ़ते टकराव से हालात बेकाबू हो गए हैं. उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर घात लगाकर आधी रात को रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) अटैक किया. इस हमले में पुलिस के 4 कमांडो घायल हो गए. आरपीजी अटैक से पहले 30 दिसंबर को दिन में भी उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर हमला किया था. इस दौरान एक पुलिसकर्मी के पैर में चोट आई थी.आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए आईईडी का इस्तेमाल किया. रात करीब 11:40 बजे उग्रवादियों ने पुलिस पर आरपीजी हमला किया. जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई. बताया जा रहा है कि रातभर दोनों ओर से फायरिंग होती रही.

- कुकी उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर किया आरपीजी अटैक
- 4 कमांडो घायल

हमलावरों ने स्पेशल कमांडो के आवास वाले बैरक को निशाना बनाया, जिससे 4 अधिकारी घायल हो गए. जो अपने क्वार्टर में आराम कर रहे थे. आरपीजी अटैक इतना घातक था कि पुलिस अधिकारियों को न सिर्फ गंभीर चोटें आई हैं, बल्कि एक पुलिस अधिकारी की सुनने की शक्ति भी खत्म हो गई है.

### नरेंद्र मोदी सरकार का बड़ा एक्शन !

## तहरीक-ए-हुर्रियत आतंकी संगठन घोषित




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कश्मीरी अलगाववादी 'तहरीक-ए-हुर्रियत' को आतंकी संगठन घोषित कर दिया गया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसकी जानकारी दी है. शाह ने बताया, तहरीक-ए-हुर्रियत को यूएपीए के तहत 'गैरकानूनी संगठन' घोषित कर दिया गया है. केंद्र लगातार कश्मीरी अलगाववादी संगठनों पर कार्रवाई कर रहा है. दरअसल, पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार ने तहरीक-ए-हुर्रियत पर ऐसे समय पर कार्रवाई की है, जब कुछ दिनों पहले ही मुस्लिम लीग कश्मीर (मसर्रत आलम गुट) को बैन आतंकी संगठन घोषित कर दिया. इस संगठन के नेता मसर्रत आलम भट भारत विरोधी एजेंडा चलाता था. वह पाकिस्तान के सपोर्ट में घाटी में गतिविधियां भी कर रहा था.

### कश्मीर में इस्लामिक शासन लागू करने की रची थी साजिश

**शाह ने एक्स पर जानकारी दी :** गृहमंत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में बताया, तहरीक ए हुर्रियत को यूएपीए के तहत आतंकी संगठन घोषित किया गया है. पीएम मोदी की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कोई भी व्यक्ति या संगठन अगर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल मिलेगा, तो उसे नेस्तानाबूद कर दिया जाएगा. सरकार ने इस पर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. इसमें कहा गया है कि तहरीक ए हुर्रियत सेना पर पत्थरबाजी करने और आतंकी गतिविधियों के लिए फंड इकट्ठा करने में लिप्त रहा है. इसके लोग सेना के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकियों को श्रद्धांजलि देने के साथ लोकतांत्र में विश्वास नहीं रखता है.

## राम से नफरत तो पाकिस्तानी भी नहीं करते: आचार्य प्रमोद

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

### विपक्ष को सलाह

- मोदी का विरोध करें, लेकिन उनसे नफरत न करें
- राम भारत की आत्मा हैं, हमारे रोम-रोम में राम

कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने विपक्षी नेताओं को एक सलाह दी है. उन्होंने कहा, विपक्षी नेता पीएम मोदी का विरोध करें, लेकिन उनसे नफरत न करें. मैं सबको रामजी के पुनरागमन की बधाई देता हूं. आचार्य ने कहा कि राम भारत की आत्मा हैं, राम के बिना न तो भारत की कल्पना की जा सकती है.

राम से नफरत तो पाकिस्तानी भी नहीं करते, तो भारत में तो श्रीराम का विरोध होना ही नहीं चाहिए, हमारे रोम रोम में राम हैं. कल्कि पीठाधीश्वर ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि 22 जनवरी को रामजी की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है. जिस रामराज्य की कल्पना गांधी ने की थी, उसको आज साकार किया जा रहा है. जो लोग राम से नफरत करते हैं, उनका तो भारत की राजनीति में स्थान नहीं होना चाहिए. जिन्हे प्राण प्रतिष्ठा का न्योता मिला है, उनको जरूर जाना चाहिए. यह उनका सौभाग्य है और जो नहीं जाएगा, उसका दुर्भाग्य है. रामजी की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सभी भारतवासी के लिए उत्सव का विषय है, इस दिन सभी को त्यौहार की तरह मनाना चाहिए. आचार्य प्रमोद कृष्णम अपने बेबाक बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं. इतना ही नहीं वह इंडिया गठबंधन के दलों पर भी निशाना साधते रहते हैं.

### खरसावां शहीद दिवस पर विशेष

## नववर्ष के स्वागत के बदले शहीदों को नमन करते हैं स्थानीय लोग

**रेहान अहमद। खरसावां**

खरसावां में 1 जनवरी 1948 के गोलीकांड में शहीद हुए लोगों की याद में आज भी वहां हर साल 1 जनवरी को शहीद दिवस मनाया जाता है और गोलीकांड में शहीद हुए लोगों को याद किया जाता है. आज अगर यहां जय झारखंड का उदघोष होता है तो इसका पूर्ण श्रेय इन झारखंडी शहीदों को ही जाता है. सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक के नेता यहां शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचते हैं.

वर्षों से शहीदों के परिवारों को न्याय और सम्मान दिलाने की ढेरों वादे करते हैं, लेकिन सभी दलों के तमाम प्रयासों के बाद गिनती के कुछ प्रयासों को छोड़ दिया जाए, तो अधिकतर वादे अबतक अधूरे ही हैं. शहीदों की याद में यहां श्रद्धांजलि अर्पण करने की भावना तो हर किसी के जेहन में रहती है. शहीद समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले हर व्यक्ति के समक्ष झारखंड के नवनिर्माण की चुनौती है, क्योंकि शहीद आत्माएं इस राज्य की सिर्फ तस्वीर ही नहीं तकदीर भी बदलते देखना चाहती हैं.

### रघुवर सरकार की पहल पर दो शहीदों की पहचान हुई



गोलीकांड के शहीदों की पहचान नहीं हो सकी है. शहीदों की पहचान के लिए सबसे कारगर प्रयास वर्ष 2016 में रघुवर सरकार ने की थई. सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने विशेष टीम बनाकर इस के साक्ष्य और शहीदों की पहचान की पहल की और अफसरों ने दस्तावेज की खोज में चाईबासा, रांची, पटना, कोलकाता, ओडिशा जैसी जगहों पर पड़ताल की, लेकिन कुछ सफलता नहीं मिली. लेकिन शहीदों को सम्मान देने के वादे को पूरा करने को लेकर सरकार ने प्लान बी पर काम करते हुए स्थानीय स्तर पर बुजुर्ग लोगों से सर्वे के आधार पर काफी मेहनत कर दो शहीदों की पहचान की और शहीद दिवस के मौके पर शहीद डोले सोय के आश्रित बिट्टू राम सोय और शहीद सिंगराय बोदरा के आश्रित नंदू बोदरा को एक- एक लाख रुपये देकर सम्मानित किया गया.

### हाट शिफ्ट कर शहीद स्थल का सौंदर्यीकरण किया गया

रघुवर सरकार के प्रयास के पहले और बाद में अब तक कोई वैसा कारगर प्रयास नहीं हुआ. पहले शहीद स्थल खरसावां हाट के बीच में था. लेकिन अब खरसावां हाट को दूसरी जगह शिफ्ट करते हुए इस स्थान का सौंदर्यीकरण करते हुए खूबसूरत बना दिया गया. इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी और गोली खाकर भी जीवित बचे मांगू सोय और दशरथ मांझी के जीवित रहने के दौरान उन्हें कोई बड़ा सम्मान तो नहीं मिला, लेकिन कुछ वर्ष पूर्व उनकी मृत्यु के बाद उनके गांव में उनकी प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धांजलि जरूर दी गयी.

**शहीदों के सम्मान में बना पार्क :** 1 जनवरी 1948 को हुए गोलीकांड में शहीद हुए लोगों के समाधि की पवित्रता बनाये रखने के लिए सरकार ने से इसके सौंदर्यीकरण योजना 2011-12 के तहत 1.72 करोड के लागत से शहीद पार्क का निर्माण कराया गया है.

**दो आश्रितों को मिला एक-एक लाख :** गोलीकांड के अश्रितों को सम्मान के नाम पर मात्र दो आश्रितों को 1-1 लाख सरकार ने दिए हैं. 2016 में तत्कालीन सीएम रघुवर दास ने नंदू बोदरा व बिटूराम सोय को एक-एक लाख रुपए का चेक दिया था.

## रिपोर्ट : औद्योगिकीकरण के मामले में अग्रणी राज्य बन रहा झारखंड

# 2023 में पटरी पर लौटी झारखंड की अर्थव्यवस्था

**प्रवीण कुमार । रांची ।** कोविड के बाद झारखंड की अर्थव्यवस्था पटरी पर लौट आयी है. कोविड काल में राज्य का जीएसडीपी वर्ष 2019-20 में केवल 1.1 प्रतिशत बढ़ा था. जबकि वर्ष 2020-21 में 5.5 प्रतिशत तक सिकुड़ गया. वहीं 2022-23 में देश की विकास दर 7 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान लगाया गया, दो इस समय 7.8 प्रतिशत है.

रिपोर्ट के अनुसार झारखंड में गरीबी का हेड काउंट अनुपात 13 प्रतिशत कम हो गया. रिपोर्ट के अनुसार झारखंड तेजी से औद्योगिकीकरण के मामले में भारत अग्रणी राज्य बनता जा रहा है. झारखंड का प्रशासन सक्रिय रूप से कौशल विकास का काम कर रहा है. राज्य में निर्यात की मात्रा बढ़ रही है.

## कृषि विभाग: 4.52 लाख किसानों की कर्ज माफी भी



राज्य सरकार अब तक 452618 किसानों का कर्ज माफ कर चुकी है. इसके एवज में 1818.17 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं. ऋण माफी स्कीम का लाभ सबसे अधिक पलामू के किसानों ने लिया है. वहां किसानों का 158.70 करोड़ माफ किया गया है. सबसे कम 24.50 करोड़ ऋण माफी का लाभ सिमडेगा के किसानों ने लिया है. रांची के किसानों का 112.93 करोड़ ऋण माफ किया गया है. चालू वित्तीय वर्ष में मात्र 34,700 किसानों ने ही ऋण माफी के लिए आवेदन किया है. अब कृषि विभाग अब नॉन परफॉर्मिंग ऐसेट (एनपीए) घोषित खाताधारी को ऋण माफी योजना का लाभ देने पर विचार कर रहा है. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग) राज्य में पशुपालन को बढ़वा देने के लिए सरकार ने पंचायत में पशुओं की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दे रहा है. इसके तहत तथा पशुओं को बीमारी से बचाव से संबंधित जानकारी देना है. पशुओं में महामारी से बचाव के लिए आवश्यकतानुसार विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है. साथ ही कृषकों को लाभ देने के लिए कई योजनाओं को संचलान किया जा रहा है है. राज्य फसल राहत योजना के माध्यम से राज्य सरकार सूखे का मार झेल रहे किसानों को राहत देने का काम कर रही है. राज्य में करीब 45 लाख किसान सरकार ने सूचीबद्ध कर रखा है.

[ पंचायती राज विभाग ]

### पेसा की प्रक्रिया में बीत गया साल, अबुआ आवास योजना विभाग का बड़ा लक्ष्य



ग्रामीण विकास विभाग और पंचायती राज विभाग का साल क्रमश: गरीब ग्रामीणों को आवास देने और पेसा कानून लागू करने की प्रक्रिया पूरी करने में ही निकल गया. अब तक एक भी गरीब ग्रामीण को आवास राज्य सरकार की ओर से नहीं दिया जा सका है. अभी इसके चयन की ही प्रक्रिया चल रही है. वहीं भारत सरकार से इस साल एक भी प्रधान मंत्री आवास योजना से आवास स्वीकृत नहीं हो सका है. मनरेगा से मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराये जा रहे हैं, लेकिन रोजगार उपलब्ध कराने की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है, क्योंकि साल भर ग्रामीण विकास विभाग कोष अभाव में रहा. केंद्र से राशि मिलने के बाद मजदूरों के बकाया मजदूरी का ही भुगतान हो रहा है. अभी भी बकाया रह गया है. वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना में 87,462,301 मानव दिवस रोजगार का सृजन हुआ. हालांकि जुलाई माह से मनरेगा योजना में रोजगार सृजन काम होता जा रहा है जिससे राज्य के ग्रमीण इलाके में पलायन तेजी से बढ. रहा है. झारखंड अबुआ आवास योजना मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा शुरू की गई है. इस योजना के माध्यम से राज्य के गरीब परिवारों को तीन कमरे वाला पक्का मकान मुहैया कराया जाएगा. ग्रमीण विकास विभाग की ओर से चालू वित्त वर्ष में दो लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना का लाभ मार्च देने का लक्ष्य रखा है, इसके लिए आवेदन भी लिए गये है.

[ पीएमजीएसवाइ ]

### इस साल 3000 किमी सड़क और 135 पुलों की स्वीकृति झारखंड के लिए केंद्र से मिली



इस साल प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से करीब 428 किमी सड़क का निर्माण कराया गया है. इस साल 3000 किमी सड़क और 135 पुलों की स्वीकृति झारखंड के लिए केंद्र से मिली है. यानी 325 नयी सड़कें बनेंगी. इन सारी योजनाओं का टेंडर निबटारा करके काम शुरू करा दिया गया है.

[ झारखंड हाईकोर्ट ]

### झारखंड हाईकोर्ट ने इस साल कई मामलों में अपना ऐतिहासिक फैसला सुनाया



झारखंड हाईकोर्ट ने इस साल कई ऐसे मामलों में ऐतिहासिक फैसला सुनाया, जो सुर्खियों में रहा. साल की शुरुआत जनवरी महीने में हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री एनोस एक्का की आय से अधिक संपत्ति मामले में मिली सजा के खिलाफ दायर अपील को खारिज कर दिया तो वहीं बाद के महीनों में 26001 पदों पर होने वाली सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में सीटेट पास अभ्यर्थियों के अलावा झारखंड सहित पड़ोसी राज्यों से टेट पास झारखंड निवासी अभ्यर्थियों के शामिल होने के पक्ष में फैसला सुनाया. साल के अंत में हाईकोर्ट ने सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ खनन पट्टा लीज मामले में दायर पीआईएल को खारिज कर उन्हें राहत प्रदान की. भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी की ओर से दलबदल मामले में स्पीकर के न्यायाधिकरण में फैसला सुरक्षित रखे जाने के खिलाफ दायर याचिका को हाइकोर्ट ने सुनवाई योग्य नहीं मानते हुए खारिज कर दिया. राज्य जाति छानबीन समिति के द्वारा कांके विधायक समरीलाल का जाति प्रमाण पत्र खारिज किए जाने के आदेश को हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया. इस मामले में हाईकोर्ट ने सरकार को दोबारा कमेटी बनाकर नियमानुसार समरी लाल के जाति प्रमाण पत्र की जांच कराने का निर्देश दिया. झारखंड राज्य ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड के सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन मामले में हाईकोर्ट ने 31 दिसंबर 2020 को झारखंड उर्जा उत्पादन निगम के द्वारा प्रोन्नति को अस्वीकृत करने की अधिसूचना को रद्द कर दिया. हाईकोर्ट ने 26 फरवरी 2015 को राज्य सरकार की हिंदी विद्यापीठ, देवघर की मान्यता रद्द करने आदेश को निरस्त कर दिया. सिल्ली के पूर्व विधायक अमित कुमार महतो को हाईकोर्ट ने रांची की निचली अदालत द्वारा दी गई 2 साल की सजा को 1 साल में बदला. डाल्टनगंज विधायक आलोक चौरसिया के निर्वाचन को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर कोर्ट ने केएन त्रिपाठी की याचिका को खारिज कर दिया. हाईकोर्ट ने वंदना दादेल की अपील को स्वीकृत करते हुए उनके खिलाफ सीबीआई जांच करने एवं उनपर विभागीय कार्रवाई करने के एकल पीठ के आदेश को रद्द कर दिया.

[ ग्रामीण सड़कें ]

### पहली बार चौड़ी और बेहतर क्वालिटी की सड़कें गांवों में, बेहतर बन रही सड़क



राज्य गठन के बाद पहली बार झारखंड के गांवों में चौड़ी और बेहतर की सड़कें बनायी जा रही हैं. पहले ग्रामीण सड़कें पतली और नॉर्मल स्पेसिफिकेशन की बन रही थी, लेकिन इस बार बेहतर सड़कें बनायी जा रही हैं. ग्रामीण कार्य विभाग ने इस बार सड़क योजनाओं में 1000 करोड़ और पुल योजनाओं में 585 करोड़ का प्रावधान किया था. लगभग सारी राशि का आवंटन हो गया है. 80 प्रतिशत से ज्यादा योजनाओं की स्वीकृति हो गयी है. अधिकतर का टेंडर होकर काम शुरू हो गया है.

[ पथ निर्माण विभाग ]

### 23 वर्षों के सफर में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ा है झारखंड




झारखंड में करीब 3200 किमी सड़क को राष्ट्रीय उच्च पथ के अधीन लेकर विकसित किया जा रहा है. 23 वर्षों के सफर में झारखंड रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ा है. यहां के गांवों में पक्की सड़कें बन गयी हैं. नदी- नाला में पुल-पुलिया बन गये हैं. 250 और उससे कम आबादी वाले गांव भी सड़कों से जुड़ गये हैं. गांवों में मौजूद अस्पताल और स्कूलों को पक्की सड़कों से जोड़ दिया गया है. वहीं प्रखंड मुख्यालय से पंचायत तक सड़क से जुड़ गये हैं. कई स्टेट हाइवे और मेजर डिस्ट्रिक्ट रोड फोर लेन में तब्दील हो गये हैं

# नगर विकास में धरातल पर उतरीं योजनाएं

*प्रमुख संवाददाता । रांची । नगर विकास विभाग ने 2023 में कई नई योजनाएं और बंद पड़ी पुरानी योजनाओं में युद्ध स्तर पर काम शुरू किया. इनमें रांची का ट्रांसपोर्ट नगर, आईएसबीटी, फुट ओवरब्रिज, कांटाटोली फ्लाईओवर, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, नगर निकायों में सिवरेज-सेप्टेज, जलापूर्ति योजनाएं, गैस फायर्ड विद्युत शवदाह गृह जैसी योजनाएं शामिल हैं.*




- **स्मार्ट सिटी :** 2023 में रांची स्मार्ट सिटी के एडीबी एरिया में नगर विकास विभाग ने अपोलो अस्पताल के लिए जमीन उपलब्ध कराई. वहीं परिवहन विभाग को भी स्मार्ट सिटी परिसर में 3.5 एकड़ जमीन ट्रैफिक चिल्ड्रेन पार्क के लिए उपलब्ध कराई गई. इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर का काम भी 90 फीसदी से अधिक पूरा कर लिया गया है.



- **आईएसबीटी :** देवघर का इंटर स्टेट बस टर्मिनल 2023 में शुरू हुआ, वहीं रांची, धनबाद और जमशेदपुर में बनने वाले आईएसबीटी के लिए भी कई बार टेंडर निकाले गये, लेकिन अबतक काम शुरू नहीं हो पाया है.



- **कांटाटोली फ्लाईओवर :** 2018 से रांची का कांटाटोली फ्लाईओवर आकार नहीं ले पाया था, लेकिन साल 2023 में कांटाटोली फ्लाईओवर ने आकार लिया. अतिक्रमण और अन्य सभी बाधाएं दूर हुईं. 48 फीसदी से अधिक काम हो चुका है.



- **फुट ओवरब्रिज :** रांची में 8 फुटओवर ब्रिज बनाने के लिए नगर विकास विभाग 2021 से ही टेंडर निकाल रहा था, लेकिन कोई कंपनी नहीं मिल रही थी. 2023 में एक (अलबर्ट एक्का चौक) फुट ओवरब्रिज के लिए काम करने वाली कंपनी मिली. काम शुरू हो गया है, जल्द ही यह फुटओवरब्रिज तैयार होगा.



- **ट्रांसपोर्ट नगर :** 2023 में डेढ़ दशक बाद रांची में ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण शुरू हुआ. कांके के सुकुरहुटू में 40.68 एकड़ जमीन पर ट्रांसपोर्ट नगर डेवलप हो रहा है. यहां 424 वाहनों के ठहराव की व्यवस्था होगी. एक फेज का काम लगभग पूरा हो चुका है.




- **जलापूर्ति योजना :** राज्य के 15 निकायों के 1.6 लाख घरों को पेयजल मुहैया कराने के लिए 1447 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई गई. अमृत-02 योजना के तहत इन सभी निकायों के घरों में मुफ्त वाटर कनेक्शन दिये जाएंगे.

## झारखंड में 35 लाख परिवारों तक पहुंचेगा पूजित अक्षत

**रांची ।** अयोध्या के नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम 22 जनवरी को विराजेंगे. उस दिन अयोध्या में होने वाले भव्य उत्सव व अनुष्ठान की प्रतीक्षा पूरा देश कर रहा है. देश के लाखों मंदिरों में इस अवसर पर विशेष पूजा-अनुष्ठान आदि के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. दूसरी ओर अयोध्या के आयोजन में शामिल होने के लिए आरएसएस, विहिप और संघ के सभी समविचारी संगठनों के कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को निमंत्रण देने एक जनवरी से निकलेंगे.


CLASSIFIED
















































# शुभम संदेश 2024

एक राज्य - एक अखबार

सोमवार, 01 जनवरी 2024 ● पौष कृणपक्ष 06 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 254 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र




तापमान

24⁰ अधिकतम

11.6⁰ न्यूनतम



# आधी रात को रांची बोली- हैप्पी न्यू इयर



**रांची।** अपने-अपने अंदाज में जश्न के साथ लोगों ने 2023 को विदाई दी और नये साल 2024 का स्वागत किया. घड़ी की सुई 12 पर पहुंचते ही लोग हैप्पी न्यू इयर की शुभकामनाओं के साथ एक दूसरे को बधाई देने लगे. इस दौरान राजधानी रांची में लोगों ने खूब मस्ती की. शहर में कई स्थानों पर होटलों और क्लबों में नृत्य, संगीत और डीजे की धुन पर खूब थिरके और लजीज व्यंजनों के का लुत्फ उठाया. साल के अंतिम दिन आम दिनों में शांत और नीरवता के साये में रहने वाला शहर की रंगीनी देखने लायक थी. नये साल के स्वागत की इस मस्ती में हर आयु वर्ग के लोग शामिल थे. शहर के होटल और रेस्तरां में नए साल को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए गए. 2023 की विदाई और नए साल के स्वागत में देर रात तक शहर गुलजार रहा. इस दौरान जगह-जगह पुलिस लोगों की सुरक्षा में मुस्तैद थी. **फोटो : रमीज**











## हमें नए साल ने दी हैं नई आशाएं : बिशप थियोडोर मास्करेन्हास

**रांची।** रांची के संत मरिया महागिरजाघर में रात्रि मिस्सा मेदिनीनगर के बिशप थियोडोर मास्करेन्हास ने की. उन्होंने कहा कि हम ईश्वर की कृपा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं. यीशु ने नयी शुरुआत का समय हमें प्रदान किया है. वे रांची में नए आर्चडायसिस आ चंबिश प से भी मिले. उन्होंने कहा कि सभी तरह से नयी शुरुआत का यह समय है. हम इसके लिए भी ईश्वर को धन्यवाद देते हैं. हर एक व्यक्ति को प्रभु के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, क्योंकि उन्होंने हमें एक नया साल दिया है. इसमें हम नई आशाएं और नए सपने देख सकते हैं. यह ईशा माता मरियम के महोत्सव का दिन भी है. हम माता मरियम की मध्यस्थता से यह पूरा साल ईश्वर को अर्पित करते हैं.



## तीन कारोबारियों से मांगी गई एक करोड़ की रंगदारी

### कोबरा गैंग ने पुंदाग में की बमबाजी

संवाददाता। रांची

कोबरा गैंग के नाम पर तीन कारोबारियों से एक एक करोड़ की रंगदारी मांगी गई है. वही पुंदाग इलाके में मोहन कुमार शर्मा नाम के व्यक्ति जो जमीन का धंधा करते हैं, उनके घर में किसी अज्ञात युवक ने बम चला दिया. बम चलने की घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. इधर पुंदाग ओपी पुलिस मामले की जांच में जुटी है. बताया जा रहा है कि मोहन शर्मा जमीन कारोबार से जुड़े है. उन्हें पहले भी धमकी मिल चुकी है. इधर घटना की जांच पुलिस ने शुरू कर दी है. मोहन शर्मा के मुताबिक रविवार सुबह 5.40 बजे में एक लड़का बाइक से उनके घर के पास आया और बम फेंक कर भाग गया.

**तीन कारोबारियों से मांगी गई रंगदारी :** कोबरा गैंग के नाम पर तीन जमीन कारोबारियों से एक एक करोड़ की रंगदारी मांगी गयी है. जानकारी के मुताबिक, मोहन शर्मा नाम के व्यक्ति के मोबाइल पर व्हाट्सएप पर मैसेज कर एक करोड़ की रंगदारी मांगी गयी है. इसके अलावा उसी तरह का मैसेज डोरंडा इलाके के रहने वाले हीरा लाल साहू और नगड़ी के अखिलेश राय से भी एक एक करोड़ की रंगदारी मांगी गई है. रंगदारी मांगे जाने के बाद तीनों का परिवार दहशत में है. इधर रंगदारी मांगे जाने के बाद पुलिस उक्त नंबर का पता लगा रही है जिससे रंगदारी के लिए मैसेज भेजा गया है. टेक्निकल सेल का पुलिस मदद ले रही है. जल्द मामला का खुलासा का भी दावा किया जा रहा है. वहीं घर की दीवार पर फेंके गए बम की जांच पुलिस कर रही है.शुरुआती जांच में पता चला है कि सुतली बम था. पुलिस उस बाइक सवार की तलाश में जुटी है.जिसने सुबह सुबह मोहन शर्मा के घर पर बम फेंका है.

## रांची के सभी टूरिस्ट स्पॉट पर मजिस्ट्रेट-पुलिस बल तैनात

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जिलेवासियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं. कहा कि नया साल हम सभी के लिए सुख-शांति का संदेश लेकर आये. डीसी ने लोगों से पिकनिक स्पॉटों पर अनुशासित रहने की अपील की, तोकि कोई अप्रिय घटना ना घटे. साथ ही स्वच्छता का भी ख्याल रखने को कहा. डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन की तरफ से सारे टूरिस्ट प्वाइंट पर पुलिस और मजिस्ट्रेट की नियुक्ति पर्याप्त संख्या में रहेगी, ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न घटे. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शहर में कई ऐसे इलाके हैं, जहां पूर्व में कोई घटना-दुर्घटना घटी हैं, वहां पैनी नजर रखी जाएगी.

- रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जिलावासियों को दी नववर्ष की शुभकामनाएं



## नव वर्ष 2024 आज खुले बाहों से स्वागत के लिए पर्यटन स्थल हैं तैयार

# पार्क, नदी, डैम व फॉल में जुटेंगे सैलानी



संवाददाता। रांची

नव वर्ष 2024 के लिए राजधानी के पार्क, नदी, डैम, झरने, फॉल, रिसॉर्ट आने वाले सैलानियों एवं पर्यटकों एवं राजधानीवासियों के लिये सजधज कर तैयार हैं. शहर के बड़े छोटे होटलों एवं रेस्टोरेंटो में भी थर्टी फर्सट नाइट का शहरवासियों ने जम कर आनंद उठाया. कहीं डीजे की धुन पर हुई मस्ती, तो कहीं सुर ताल पर संगीत प्रेमियों ने समा बांधा. नये साल के स्वागत में युवाओं ने आतिशबाजी, स्वादिष्ट पकवानों का भी खूब आनंद उठाया.

**जेल पार्क में जुटे लोग :** जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा जेल पार्क की खूबसुरती देखते ही बन रही थी. 31 दिसंबर को इस पार्क में 500 से अधिक लोग घूमने मनोरंजन के लिए पहुंचे. बड़े, बूढ़े, युवा, बच्चे, लड़कियां सभी पार्क में मनोरंजन करते नजर आये. पार्क में बड़ों का प्रवेश शुल्क 50 रुपये, बच्चों का 30 रुपये है. वहीं पार्क के अंदर बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, सर्कल कार, जंपिंग जंप, झूले आदि की अलग अलग दर ली जा रही थी. प्रति बच्चों से 5 मिनट के लिए 30 से 50 रुपए लिये जा रहे थे. पार्क में फूल, पौधे, पानी का मोहक नजार था.

**नक्षत्र में दिखी गुलाब की खूबसूरती :** नक्षत्र वन में एक हजार से अधिक किस्म के गुलाब के फूल लगे थे. यहां बच्चों के लिये लगे झुले, हिंडोले का अलग से कोई चार्ज नहीं लिया जा रहा है. प्रवेश शुल्क भी 15 रूपये एवं बच्चों का 10 रूपये लिया जा रहा है. रविवार को सुबह से शाम तक 200 लोग घूमने पहुंचे थे.




## रिम्स ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|
| मेडिसिन | डॉ विद्यापति |
| सर्जरी | डॉ शीतल मलुआ |
| कार्डियोलॉजी | डॉ प्रकाश कुमार |
| ऑर्थोपेडिक | डॉ विनय प्रभात |
| न्यूरोसर्जरी | डॉ सीबी सहाय |
| टीबी एवं चेस्ट | डॉ ब्रजेश मिश्रा |
| ऑब्स गायनी | डॉ एसबी सिंह |
| सीटीवीएस | डॉ अंशुल कुमार |
| न्यूरोलीजी | डॉ सुरेंद्र कुमार |
| ईएनटी | डॉ आरके चौधरी |
| सायकेट्री | डॉ अजय बाखला |
| प्लास्टिक सर्जरी | डॉ विक्रांत रंजन |
| पीएमआर | डॉ अमित चैतन्य |
| रेडिशन ऑन्कोलॉजी | डॉ अनूप कुमार |
| सर्जिकल ऑन्कोलॉजी | डॉ अजीत कुमार कुशवाहा |
| यूरोलॉजी | डॉ अरशद जमाल व डॉ राणा प्रताप सिंह |

## सदर ओपीडी

| विभाग | डॉक्टर का नाम |
|---|---|
| मेडिसिन | डॉ बीएन पोद्दार, डॉ रुचिका |
| कार्डियोलॉजी | डॉ राकेश झा |
| यूरोलॉजी | डॉ पंकज कुमार |
| पीडियाट्रिक सर्जरी | डॉ मोहम्मद इमरान |
| ऑब्स एंड गायनी | डॉ वंदिता, डॉ समरीना कमल और डॉ उमा सिन्हा |
| पीडियाट्रिक(शिशु रोग) | डॉ अमरेश |
| हेमाटोलॉजी | डॉ अभिषेक रंजन |
| गैस्ट्रोएंटरोलॉजी | डॉ जयंत घोष |

## बाला जी का किया गया भव्य शृंगार



**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में रविवार को बाला जी का भव्य शृंगार कर पूजन-आरती किया गया. इन दिनों यहां श्रीगोदा रंग महोत्सव चल रहा है. मंदिर के रंजन सिंह ने बताया कि महोत्सव के 15 दिन पूरे होने और साल की विदाई पर भगवान का आकर्षक पुष्प शृंगार किया गया. नये साल को लेकर मंदिर में भी सजावट की गयी है. उन्होंने बताया कि सोमवार को साल के पहले दिन दर्शनार्थियों को हर संभव सहयोग दिया जायेगा. श्रीतिरुपति बाला जी का विशेष शृंगार-पूजन कर लडडू प्रसाद चढ़ाया जायेगा.

## नवयुग का हो रहा आगमन : निर्मला

**रांची।** नये साल के साथ नव युग का आगमन हो रहा है. पुराना वर्ष बीतने के साथ अब स्वार्थ और अहंकार को छोड़, संसार को बदलना है. उक्त बातें संस्थान की संचालिका निर्मला बहन ने कही. बहन जी रविवार को नव वर्ष के आगमण पर आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रम में आशीर्वचन प्रदान कर रही थीं. उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बेहतर दुनिया हम सबकी नजरों के सामने होगी.

## अक्षत कलश पहुंचा मदन मोहन मंदिर

**रांची।** श्रीराम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर अयोध्या से लाया गया पूजित अक्षत कलश मदन मोहन मंदिर, बोड़या पहुंचा. रविवार को सुबह आठ बजे हनुमान मंदिर, सुकुरहुटू नीचे टोला से श्रद्धालु जब बैंड बाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में मंगल कलश लेकर निकले तो पुष्प वर्षा कर सभी का स्वागत किया गया. सुसज्जित वाहन में विराजमान कलश की आरती उतारी गयी.

### राज्य निर्वाचन आयोग कराएगा मतदान केंद्रों का स्वतंत्र सामाजिक अंकेक्षण, कमी और गैप को किया जाएगा दूर

# वोटरों और मतदान कर्मियों को मिलेंगी सभी न्यूनतम जरूरी सुविधाएं : सीईओ

**विशेष संवाददाता। रांची**



राज्य निर्वाचन आयोग राज्य के मतदान केंद्रों का सोशल ऑडिट कराएगा. इसके जरिए आयोग मतदान केंद्रों में मिल रही सुविधाओं और गैप को दूर करेगा. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के निर्देश और पहल पर आगामी लोकसभा आम चुनाव 2024 हेतु राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद शुरू कर दी गयी है.

दरअसल, वर्तमान में झारखंड राज्य के मतदान केंद्रों में जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की स्थिति क्या है, इसको लेकर सोशल ऑडिट स्टेट यूनिट की मदद से थर्ड पार्टी सामाजिक अंकेक्षण कराए जाने का निर्णय लिया गया है.

**देश में पहली बार सोशल ऑडिट :** के रवि कुमार ने कहा कि देश में संभवतः यह पहला अवसर है, जब निर्वाचन विषयों को लेकर स्वतंत्र सामाजिक अंकेक्षण करवाया जा रहा हो. इस पहल को लेकर सीईओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग का हमेशा से निर्देश रहा है कि मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर न केवल सभी जरूरी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हों. बल्कि, इन सभी केंद्रों पर त्यौहार जैसा माहौल हो.

इसलिए, निष्पक्ष सामाजिक अंकेक्षण करवाने का निर्णय लिया गया है, ताकि मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट मिल सके.

रिपोर्ट के आधार पर यदि कोई अंतराल पाया गया तो बूथों पर आवश्यक सुविधाओं को ससमय दुरुस्त और बेहतर किया जाएगा.

### कवायद शुरू

- बूथों पर न्यूनतम जरूरी सुविधाओं का लिया जाएगा जायजा
- मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति की मिलेगी रिपोर्ट

### अंकेक्षण में भाग लेने वाले सर्वेक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण

धुर्वा स्थित निर्वाचन कार्यालय के सभागार में रविवार को राज्य सोशल ऑडिट यूनिट के सर्वेक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण करवाया गया. इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि अंकेक्षण करने जिलों में जा रहे इन सर्वेक्षकों को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर अपेक्षित न्यूनतम जरूरी सुविधाओं तथा इससे जुड़े प्रावधानों की जानकारी मिल सके. इस प्रशिक्षण में सोशल आडिट टीम से जुड़े राज्य के सभी जिलों के सर्वेयर मौजूद रहे.

### फरवरी में पूरा हो जाएगा सोशल ऑडिट का काम

सामाजिक अंकेक्षण का कार्य आगामी फरवरी माह में पूर्ण हो जाएगा. इसके बाद किसी भी अंतराल या कमी को एक माह के अंदर पूर्ण कर लिए जाने की योजना है. इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय के ओएसडी श्रीमती गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुनील कुमार सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी धीरज कुमार तथा सोशल ऑडिट यूनिट के समन्वयक हलधर महतो सहित राज्य में सामाजिक अंकेक्षण के लिए गठित टीम के सभी सदस्य मौजूद थे.

### मिशन 2024 : 21 को रामगढ़ में 'नीतीश जोहार यात्रा' की तैयारी में जुटा प्रदेश जदयू

# झारखंड से शंखनाद करेंगे नीतीश

**कौशल आनंद। रांची**

जदयू के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने लोकसभा चुनावी अभियान का आगाज झारखंड से करेंगे. 21 जनवरी को नीतीश कुमार रामगढ़ में 'नीतीश जोहार यात्रा' के जरिए अपने अभियान का शुभारंभ करेंगे. हालांकि 21 को रामगढ़ में यह कार्यक्रम पहले से तय था.

मगर अब इस कार्यक्रम के स्वरूप में थोड़ा परिवर्तन किया गया है. पिछले दिनों दिल्ली में हुए जदयू राष्ट्रीय परिषद की बैठक में नीतीश कुमार के फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने जाने के बाद कार्यक्रम के स्वरूप में परिवर्तन किया गया है. नीतीश कुमार अब पूरे देश में जातिगत जनगणना जनजागरण यात्रा पर निकलेंगे. इसके माध्यम से लोकसभा चुनाव तैयारी का भी पार्टी का आगाज होगा. इसका शुभारंभ पहले से तय 21 के रामगढ़ में सभा से होगा. झारखंड प्रदेश जदयू ने इस कार्यक्रम का नाम 'नीतीश जोहार यात्रा' दिया है.

**पार्टी संगठन अचानक सक्रिय :** नीतीश कुमार इस कार्यक्रम को लेकर पार्टी प्रदेश संगठन इकाई अचानक से रेस है. पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, केंद्रीय नेतृत्व प्रदेश इकाई को इस सभा में एक लाख लोगों को जुटाने का निर्देश दिया है, ताकि नीतीश कुमार के अभियान का शानदार आगाज हो. इसका संदेश राष्ट्रीय स्तर पर जाना है. इसलिए, प्रदेश इकाई कोई कोर-कसर छोड़ना नहीं चाहती है. जनवरी 2024 के पहले से सप्ताह से पार्टी की गतिविधि झारखंड में शुरू जाएगी.

**महतो बहुल क्षेत्र पर रहेगी नीतीश की नजर :** पार्टी द्वारा नीतीश कुमार के कार्यक्रम के लिए रामगढ़ को चुना जाना एक रणनीति का हिस्सा है. दरअसल नीतीश की नजर महतो बहुल क्षेत्रों पर है. जिसमें रामगढ़, हजारीबाग, गोला, गिरिडीह, धनबाद आदि जिले शामिल हैं. यह जिले कुरमी महतो बहुल क्षेत्र के रूप में जाना जाता है. नीतीश कुमार रामगढ़ के अपने चुनावी सभा से एक तीर से कई निशान साधना चाहते हैं.

इसके जरिए नीतीश कुमार न केवल लोकसभा बल्कि 2024 के दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव की जमीन भी नापना चाहते हैं ताकि मजबूती के साथ दावेदारी कर सकें. इसके अतिरिक्त झारखंड पार्टी संगठन को भी मजबूत करना इस कार्यक्रम का मुख्य एजेंडा रहेगा.

### जनवरी के पहले सप्ताह से आएंगे राष्ट्रीय नेता

नीतीश कुमार के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जनवरी के प्रथम सप्ताह से पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं का झारखंड आना शुरू हो जाएगा. जदयू के प्रदेश प्रभारी झारखंड में कैंप कर सकते हैं. इसके अतिरिक्त कई और बड़े नेता भी यहां आएंगे. खुद राष्ट्रीय नेता कार्यक्रम की सफलता के लिए मॉनीटरिंग करेंगे. एक-एक तैयारी और कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय करेंगे.



### जिला अध्यक्ष और प्रमंडलीय प्रभारी को दी गयी जिम्मेवारी

कार्यक्रम की सफलता के लिए जिला अध्यक्षों और प्रमंडलीय प्रभारियों को जिम्मेवारी सौंप दी गयी है. सभी को जनवरी के पहले से सप्ताह से अपने काम में जुट जाने का निर्देश दिया गया है. अभी पार्टी ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की बैठक हजारीबाग में कर लिया है. क्योंकि, नीतीश कुमार की सभा इसी प्रमंडल अंतर्गत रामगढ़ में होनी है. इसके अलावे अन्य सभी प्रमंडलीय प्रभारियों और जिलाध्यक्षों को अपने-अपने जिला में बैठक कर अधिक से अधिक से अधिक जन की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है. यह कार्यक्रम रामगढ़ के फुटबॉल मैदान होगी.

### नीतीश के कार्यक्रम के मुख्य मुद्दे यह रहेंगे

- राष्ट्रीय जातिगत गणना जनजागरण यात्रा का शुभारंभ
- केंद्र सरकार के नीतियों पर प्रहार
- बिहार सरकार के कार्यों को एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत करना
- बिहार की तर्ज पर झारखंड में भी पूर्ण शराबबंदी
- लोकसभा चुनाव का शंखनाद
- लोकसभा और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए जमीन तैयार करना
- पार्टी संगठन झारखंड इकाई में नयी जान फूंकना और मजबूत करना.
- इंडिया गठबंधन को मजबूत करना

# 7 लोकसभा व 40 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगा भाजमो

**प्रमुख संवाददाता। रांची**



भारतीय जनतंत्र मोर्चा लोकसभा की सात और विधानसभा की 35 से 40 सीटों पर चुनाव लड़ेगा. भाजमो के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने यह घोषणा की है. उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने झारखंड को विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए जनहित के सभी मामलों को प्रमुखता से सरकारी तंत्र के सामने उठाया है. पार्टी ने जन मुद्दों के समाधान के दिशा में पहल कर सरकार पर दबाव भी बनाया है.

राज्य के 20 जिलों में मोर्चा काम कर रहा है. तिवारी ने कहा कि पार्टी के संरक्षक विधायक सरयू राय ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को 'संपर्क, समस्या और समाधान' का मूल मंत्र दिया है. पार्टी इसी मंत्र पर चल रही है. उन्होंने कहा कि पार्टी ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे चुनाव लड़ने के लिए तैयार रहें. पार्टी झारखंड के विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से जनता के बीच जाने को तैयार है. आगामी लोकसभा और विधानसभा का चुनाव पार्टी अपने बल पर कार्यकर्ताओं के सहयोग से लड़ेगी.

लोकसभा चुनाव में जमशेदपुर, धनबाद, पलामू, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह में पार्टी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करेगी. तिवारी ने कहा कि जनता के जुड़े लोगों को ही पार्टी अपना प्रत्याशी बनाएगी. पार्टी ने चुनाव लड़ने के लिए दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के 8, उत्तरी छोटानागपुर के 6, कोल्हान के 8, संथालपरगना के 5 और पलामू प्रमंडल के 8 विधानसभा सीटों को चिन्हित किया है.

जनवरी महीने में कार्यकारिणी की बैठक में चुनावी समीक्षा होगी. इसमें सभी जिलों के अध्यक्ष और महामंत्री उपस्थित रहेंगे. फरवरी महीने में सभी प्रमंडल में बूथ स्तर की बैठक होगी और फिर जिलों में बैठक होगी.


### चुनावी निर्णय

- भाजमो के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने की घोषणा
- कहा- राज्य के 20 जिलों में मोर्चा कर रहा काम
- संपर्क, समस्या व समाधान के मूल मंत्र के तहत कार्य

# अब पेसमेकर के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी

- पारस एचईसी अस्पताल के डॉ अभिषेक ने लेफ्ट बंडल एडवांस पेसिंग से बचायी मरीज की जान

**संवाददाता। रांची**



पारस एचईसी अस्पताल में 59 वर्षीय सज्जन को अचानक बेहोश होने पर उनके परिजनों ने भर्ती कराया. इमरजेंसी वार्ड में अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ कुंवर अभिषेक आर्य ने मरीज की जांच में पाया कि उसके हृदय में कंडक्शन ब्लॉकेज है, जिसके लिए पेसमेकर की आवश्यकता है. डॉ अभिषेक ने मरीज के परिजनों को प्राकृतिक ( लेफ्ट बंडल पेसिंग) बनाम गैर प्राकृतिक पेसिंग के बारे में बताया और दोनों विकल्पों में से एक को चुनने की सलाह दी. मरीज के परिजनों ने डॉ अभिषेक आर्य की सलाह के अनुसार प्राकृतिक पेसिंग का विकल्प चुना और रजामंदी जतायी.

हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ अभिषेक आर्य का कहना है कि वर्तमान समय में लेफ्ट बंडल एडवांस पेसिंग हार्ट के लिए पेसिंग का सबसे उन्नत तकनीक होने के साथ-साथ किफायती और मरीज के लिए लाभदायक है. सामान्य पेसमेकर के साथ कई समस्या पाई गई है, जैसे गति प्रेरित कार्डियोमापैथी, हार्ट फेल्योर के कारण अस्पताल में भर्ती होना, एएफ, एवी और वीवी डिस्सिंक्रोनी में वृद्धि आदि. लेकिन प्राकृतिक पेसिंग के साथ ऐसी कोई भी समस्या नहीं होती है.

पारस अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश का कहना है कि आजकल दिल की बीमारी की समस्या बढ़ गयी है. आहार में शुद्धता की कमी और प्रदूषित वातावरण के कारण ज्यादातर लोग हृदय रोग का शिकार हो रहे हैं. पारस अस्पताल परिवार हृदय रोगियों के लिए उन्नत तकनीक के माध्यम से किफायती इलाज की सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है. अब पेसमेकर के लिए लोगों को बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी.

# सिटी एनसीपीए स्कॉलरशिप फॉर यंग म्यूजिशियंस' की हुई घोषणा

**संवाददाता। रांची**

नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए), मुंबई और सिटी इंडिया ने 'सिटी एनसीपीए स्कॉलरशिप फॉर यंग म्यूजिशियंस' (युवा संगीतकारों के लिए सिटी एनसीपीए स्कॉलरशिप) की घोषणा की है. छात्रवृत्ति के आवेदन के लिए वैसे छात्र मान्य हैं, जो हिंदुस्तानी संगीत के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण ले रहे हैं. इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य मुख्य रूप से युवा और संगीत (वोकल- ध्रुपद और ख्याल, इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक- मेलोडी) का प्रशिक्षण लेने वाले 18 से 35 आयु वर्ग के के युवाओं को प्रोत्साहित करना है. नौ उम्मीदवारों को स्कॉलरशिप के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाएगा, ताकि वे हिंदुस्तानी संगीत में कुशलतापूर्वक पूर्णकालिक उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें.

### स्कॉलरशिप का ब्योरा

- हिंदुस्तानी संगीत (वोकल- ख्याल / ध्रुपद, और मेलोडी इंस्ट्रूमेंट्स- बांसुरी, हारमोनियम, वायलिन, सितार, सरोद आदि) के क्षेत्र में उन्नत प्रशिक्षण के लिए आवेदन मान्य है.
- **स्कॉलरशिप राशि :** दो वर्षों के लिए 10,000/- रुपये प्रति माह (अप्रैल 2024 से मार्च 2026)
- आवेदन भेजने के लिए लिंक : indianmusicscholarships‹bha› @‹/bha›ncpamumbai.com
- **आवेदन करने की अंतिम तिथि :** 10 जनवरी 2024
- शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों के लिए ऑडिशन का आयोजन वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर फरवरी 2024 में किया जाएगा
- **कॉन्टैक्ट नंबर :** 8928001896 (सिर्फ सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 .00 बजे से शाम 5 .00 बजे के बीच)
- ख्याल और मेलोडी इंस्ट्रूमेंट्स के लिए आयु सीमा : 18 से 30 वर्ष (1 मार्च 2024 तक)
- ध्रुपद के लिए आयु सीमा : 18 से 35 वर्ष (1 मार्च, 2024 तक)

**ध्यान रखने योग्य बातें**

- कृपया अपने बायोडाटा में उस श्रेणी (ख्याल / ध्रुपद / मेलोडी इंस्ट्रूमेंट का नाम) का उल्लेख करें, जिसके लिए आप आवेदन कर रहे हैं.
- आवेदन में उम्मीदवार का नाम, जन्मतिथि, पता, कॉन्टैक्ट नंबर / अल्टरनेट कॉन्टैक्ट नंबर, ईमेल आईडी, पेशेवर योग्यता, शिक्षकों / गुरुओं सहित संगीत प्रशिक्षण का विवरण, कुल प्रशिक्षण में लगने वाले वर्षों की संख्या, उपलब्धियों / पुरस्कार / स्कॉलरशिप और प्रस्तुतियों का विवरण और अन्य उल्लेखनीय विवरण देना है.
- कृपया संगीत प्रस्तुतियों के प्रमाण पत्र की स्कैन की हुई कोई प्रतियां / ऑडियो या वीडियो क्लिप न भेजें
- लिस्टिंग फॉर्मेट में सभी विवरणों वाला बायोडाटा पर्याप्त होगा. शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ईमेल या टेलीफोन के माध्यम से आगे की सूचना दी जाएगी
- पात्रता मानदंड और सामान्य निर्देश :
- उम्मीदवार के बायोडाटा को ही उसका आवेदन माना जाएगा. भरने के लिए अलग से कोई फॉर्म नहीं है.
- जो उम्मीदवार अप्रैल 2024 से मार्च 2026 के दौरान संगीत के क्षेत्र में अन्य छात्रवृत्ति / अनुदान के लाभार्थी हैं, वे पात्र नहीं हैं.
- जो उम्मीदवार पूर्णकालिक / अंशकालिक कामकाजी पेशेवर हैं, वे आवेदन करने के पात्र नहीं है. ऑल इंडिया रेडियो के 'ए' ग्रेड वाले सहित पेशेवर संगीतकार भी इस स्कॉलरशिप के पात्र नहीं हैं.
- कूरियर के माध्यम से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे. सिर्फ ऊपर उल्लेखित ईमेल आईडी पर प्राप्त आवेदनों को ही मान्यता प्राप्त होगी.
- सिर्फ भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं
- 10 जनवरी 2024 के बाद जो आवेदन प्राप्त होंगे, उन्हें स्वीकार नहीं किया जाएगा.
- एनसीपीए चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा
- अधिक जानकारी के लिए फोन नं 8928001896 ( सोमवार से शुक्रवार, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक) पर संपर्क किया जा सकता है.

# सैकड़ों बच्चों ने कैनवस पर उकेरी आशाओं से भरी 2024 की उम्मीदें



**संवाददाता। रांची**



कलाकृति स्कूल ऑफ आर्ट्स और कलाकृति आर्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में नव वर्ष के अवसर पर कलर्स ऑफ होप 2023 चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के सैंकड़ों बच्चों ने हिस्सा लिया. इस अवसर पर बच्चों के द्वारा '2024 आशाओं का वर्ष' विषयक पेंटिंग बनाई गई.

इस तरह के मंच द्वारा बच्चों को कला के माध्यम से आने वाले वर्ष की आशाओं और उम्मीदों को कैनवस पर उकेरने का अवसर मिला. इस अवसर पर कलाकृति स्कूल ऑफ़ आर्ट्स के निदेशक और चित्रकार धनंजय कुमार ने बताया कि चित्रकारों ने अपनी पेंटिंग्स के माध्यम से दर्शाया कि आने वाला वर्ष उम्मीदों और प्रगति का वर्ष है.

### रखे विचार 2022 के मुकाबले वर्ष 2023 देश के लिए बेहतर रहा, ढेर सारी योजनाएं चलाई गईं

# नफरत की हवा को मिठास में बदलें : मौलाना तहजीबुल

**रेहान अहमद। रांची**



शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के चेयरमैन मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि वर्ष 2022 के मुकाबले वर्ष 2023 देश के लिए अच्छा रहा. हुक्मरानों ने भी ढेर सारी कल्याणकारी योजनाएं चलाईं, जिससे देश के विभिन्न समुदाय के लोगों को लाभ पहुंचा. प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना से बेघरों को घर मिला, जो कि बेहद सराहनीय पहल है.

मौलाना तहजीबुल ने कहा कि वर्ष 2024 देश व देशवासियों के लिए उम्मीदों का साल है. इस साल देशावासियां का कर्तव्य बनता है कि देश में फैली नफरत की हवा को मिठास में बदल दें. इसी से हमारे देश का विकास तेजी से हो सकता है. देश में अमनो आमान को कैसे बढ़ाया जाए, इसे लेकर योजना बनाने की जरूरत है. सरकार उन लोगों पर कठोर कार्रवाई करे, जो नफरत के बीज बोते हैं, हम पहले इंसान हैं और सच्चे हिंदुस्तानी है. एकता ही हमारी पहचान हो.

### एदार ए शरिया ने स्वास्थ्य, समाज सुधार तालीम पर किया काम : मौलाना कुतुबुद्दीन

एदार ए शरिया झारखंड के नाजिम ए आला मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी ने कहा कि शरिया की ओर से वर्ष 2023 में शिक्षा,



स्वास्थ्य, समाज सुधार, तालीम की अहमियत पर पूरे झारखंड में काम किया गया. इसका अभियान पूरे झारखंड में तेजी से चलाया जा रहा है. अभियान में अबतक 35 लाख से अधिक लोगों ने जुड़ कर लोगों को शिक्षा, तालीम, तरबीत के प्रति जागरूक किया. महिला सशक्तीकरण पर जोर, युवाओं को रोजगार के लिए अच्छी शिक्षा की तैयारी के साथ जोर जैसे कार्य किये जा रहे हैं. एदार ए शरिया के 135 मदरसे झारखंड में संचालित हैं, जहां बच्चों को दीन व दुनिया दोनों तालीम दी जाती है. 2024 में इन अभियानों को और मजबूती के साथ चलाएंगे.

### गरीब परिवार को तालीम देने पर जोर : मुफ्ती अजहर

मुस्लिम मजलिस ए उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर



कासमी ने कहा कि मजलिस ए उलेमा झारखंड की ओर से तालीम की जरुरत, सामाजिक सुधार, हिंदू मुस्लिम एकता पर जागरुकता फैलाने के साथ कार्य किये जा रहे हैं. लोकतंत्र बचाओ संविधान बचाओ, शिक्षा पर जोर, गरीब से गरीब परिवार को अपने बच्चों को तालीम जरूर दिलाने जैसे मुद्दों पर काम किए जा रहे हैं.

# बलिराम यादव बने बीएमएस के अध्यक्ष

**संवाददाता। रांची**

### दो दिवसीय अधिवेशन का समापन



धुर्वा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सभागार में रविवार को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के त्रिवार्षिक दो दिवसीय अधिवेशन का समापन हुआ. तीन सत्रों में अधिवेशन संपन्न हुआ. मौके पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला द्वारा बीएमएस की नई कमेटी की घोषणा की गयी.

अध्यक्ष पद पर बलिराम यादव, उपाध्यक्ष सुनील कुमार, रामचंद्र गोप, कृष्णा राय व रंजना शरण, महामंत्री राजीव रंजन सिंह, मंत्री अंगद उपाध्याय समेत संगठन के अन्य लोगों को जिम्मेदारी दी गई. मौके पर भारतीय मजदूर संघ के क्षेत्रीय संगठन मंत्री धर्मदास शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, वर्किंग जर्नलिस्ट ऑफ इंडिया के मनोज प्रसाद, संगठन मंत्री विश्वनाथ भगत उपस्थित थे.

महाधिवेशन के पहले सत्र में कार्यकर्ता निर्माण, सदस्यता अभियान पर काम करने पर विशेष जोर दिया गया. दूसरे सत्र में संगठन मंत्री द्वारा कार्यकर्ता विकास, विस्तारक गतिविधि व्यवस्था और असंगठित क्षेत्र में कार्य करने को की महामंत्री पुष्पा देवी ने कहा कि रसोईया पिछले कई वर्षों से काम कर रही हैं, लेकिन उनलोगों को दो-तीन महीने में एक हजार प्रोत्साहन राशि मिलती है. ऐसे में रसोईया माताओं के बीच नया संगठन खड़ा कर उनके हक के लिए आवाज उठाने की जरूरत है. प्रदेश अध्यक्ष एसएन सिंह ने पुरानी कमेटी को भंग कर दिया.

# मछली घर कार्निवाल में बच्चों ने मचाया धमाल






- साल के अंतिम दिन हर वर्ग के लोगों ने की खूब मस्ती और मचाया धमाल
- वर्ष के अंतिम रविवार को एक्वा वर्ल्ड के कार्निवल में खूब भीड़ उमड़ी
- बेस्ट साड़ी प्रतियोगिता की विजेता रहीं प्रिया सिंह, मिले पुरस्कार

रांची। रविवार को मछली घर कार्निवल के चौथे दिन भी कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं की धूम रही. साल के अंतिम दिन खूब भीड़ उमड़ी. बड़ी संख्या में लोगों ने कार्निवल में आकर आनंद उठाया. सबसे पहले ट्रेजर हंट का आयोजन किया गया. बेस्ट मास्क कंपीटिशन में काफी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा. 'जालिमा' बेस्ट मेकअप प्रतियोगिता में महिलाओं ने जमकर 2 मिनट में मेकअप कर दिखाया. चॉकलेट ईटिंग कंपटीशन में सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया. इसे कई राउंड में करना पड़ा.

- रविवार की सेल्फी का थीम था सेल्फी विद कुतुब मीनार, जहां लोगों ने कुतुब मीनार की तस्वीर के गुंबद को छूते हुए सेल्फी ली.
- बेस्ट साड़ी कंपीटिशन में बड़ी संख्या में महिलाओं व युवतियों ने हिस्सा लिया.
- देर शाम 'बच्चों का फैशन शो आकर्षण का केंद्र रहा जहां सैकड़ों की संख्या में बच्चे हिस्सा लिए. फैशन शो के निर्णायक और मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ नीरज प्रसाद एवं बिंदु प्रसाद उपस्थित थे.

**01 जनवरी के कार्यक्रम :** 11:30 बजे- न्यू ईयर रेजोल्यूशन कॉम्पिटिशन, 12:00 बजे- जैम शो, 12:30 बजे- 'व्हाट झुमका' बेस्ट झुमका प्रतियोगिता, 2:00 बजे- मम्मी पापा फैशन शो, 3:00 बजे- जलेबी बेबी (जलेबी ईटिंग प्रतियोगिता), 3:30 बजे- चॉकलेट ईटिंग प्रतियोगिता, 4:00 बजे- जोरू का गुलाम, 4:15 बजे- लाइव म्यूजिक परफॉर्मेंस, 6:30 बजे- डांस मस्ती, 7:30 बजे- आउटफिट प्रतियोगिता (व्हाइट थीम), 8:30 बजे- बंपर लकी ड्रॉ (एलईडी)

**कार्यक्रम को सफल बनाने में** प्रतुल शाह देव, डॉ विद्या झा,सत्य प्रकाश चंदेल, अहसन अली, लोकेश, राहुल शाह देव,सौरव, गोपाल शाह देव, आनंद आदि सक्रिय हैं. इवेंट्स का आयोजन सिनेमैटिका के द्वारा किया जा रहा है. जिसमें मुख्य रूप से अभिषेक, अनुष्का, खुशबू सौम्या,आकाश, आदित्य, पीयूष,आदित्य,अभिषेक प्रसाद, शिवेश, अश्का सिंह, शगुन, अंशु, सलोनी, सत्यम ने सक्रिय भूमिका निभायी.

# विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



संवाददात। रांची

जौहर एकेडमी धुर्वा में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई. प्रदर्शनी में कक्षा 6 से कक्षा 10 के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल पेश कर अपनी प्रतिभा दिखाई. बच्चों ने दीन से जुड़े एतिहासिक स्मारक जैसे मजिद ए अक्सा, काबा का विकास, पैगंबर नूह (अ.) के इतिहास पेश किये. बच्चों ने विज्ञान के चमत्कार जैसे लावा लैंप, बिग बैंग सिद्धांत, वैक्यूमर क्लीनर, रक्त परीक्षण, मानव नेत्र, एटीएम मशीन, ग्लोबल वार्मिंग, सौर ऊर्जा, हाइड्रोलिक ब्रिज, डैम, जल विद्युत का उत्पादन, स्मार्ट सिटी मॉडल पेश किया. स्कूल की प्रधानाचार्या नाजिया परवेज ने संदेश दिया.संचालक मो सेराजद्दीन, संचालक मो जकिउर रहमान, प्रभारी मो इम्तियाज ने भी अपने विचार रखे.

## चित्रकला प्रतियोगिता के साथ कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन

# रंगों-रेखाओं से व्यक्त किये भाव

संवाददाता। रांची

- समय इंडिया के 10 दिनी राष्ट्रीय पुस्तक मेले का तीसरा दिन
- जिला स्कूल परिसर में लगा मेला सात जनवरी तक चलेगा

समय इंडिया के तत्वावधान में जिला स्कूल में जारी 10 दिनी राष्ट्रीय पुस्तक मेला का रविवार को तीसरे दिन था. तीसरे दिन कई पुस्तक प्रेमियों ने विभिन्न स्टॉल्स पर घूम-घूमकर पुस्तकों को देखा. इसके साथ चित्रकला प्रतियोगिता के साथ कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया. किताबों पर केन्द्रित यह पुस्तक मेला 7 जनवरी तक जारी है.

**आज होगा कविता सुनाओ व कहानी लेखन प्रतियोगिता का आयोजन :** पुस्तक मेला में बच्चों की कविता सुनाओ-कहानी लेखन प्रतियोगिता सोमवार 3 बजे आयोजित किया जाएगा. इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी कविता सुनाने और कहानी लेखन की कला का प्रदर्शन कर सकेंगे. प्रतियोगिता प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क है. पुस्तक मेला में शाम 4 बजे से पुस्तक पठन संस्कृति पर संवाद कार्यक्रम आयोजित है. इस कार्यक्रम में पुस्तक प्रेमी, लेखक, पत्रकार और संस्कृतिकर्मी अपने विचार रखने के लिए आमंत्रित किए गए है.



### चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

पुस्तक मेला में जारी शैक्षिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में रविवार को बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था. इस प्रतियोगिता में तीनों आयु वर्ग के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और रंगों-रेखाओं के सहारे अपने भावों को व्यक्त किया.

### मिल रही हैं अच्छी और सस्ती किताबें

राजपाल एंड संस, आर्यन बुक सेलर, पिनव्हिल पब्लिकेशन्स के स्टॉल्स पर बच्चों की सस्ती और अच्छी पुस्तकें भारी तादाद में उपलब्ध हैं. इन पुस्तकों में जंगल की कहानी, वीर सिपाही, बर्फ की रानी, आप का भविष्य आपके हाथ में, गुरुनानक अर्जुन, शिव और पार्वती, हनुमान, चाणक्य, सुभाष चन्द्र बोस, अशोक, महात्मा गांधी, राम, कृष्ण, झांसी की रानी, जातक कहानियां (3 खंड), जादू नगरी, रोबिन हुड, गुलिवर की यात्राएं, तीसमार खां, खजाने की खोज, समुद्री दुनिया की रोचक कहानियां आदि उपलब्ध हैं. यह पुस्तकें बच्चों को भारतीय परंपरा, इतिहास, चरित्र नायकों, पौराणिक कथाओं और रोमांचक यात्राओं से समृद्ध करने में समर्थ हैं. समय प्रकाशन, यश प्रकाशन के स्टॉल पर हंस ले इंडिया, चुटकुलों की बौछार, मजेदार चुटकुले, हंसी के फव्वारे, कबीर के दोहे, गबन, गोदान, अपनी शक्ति पहचानें, बड़ी दीदी, निर्मला, वरदान, तितली, पंचतंत्र, हितोपदेश जैसी चर्चित पुस्तकें हैं. यह पुस्तकें खूब बिक रही हैं और पुस्तक-प्रेमी उन्हें बड़े उत्साह से खरीद रहे हैं. सस्ता साहित्य मंडल के स्टॉल पर पूर्व राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद की आत्मकथा, खलील जिब्रान की प्रतिनिधि रचनाएं, पं. जवाहर लाल नेहरू की विचार और व्यक्तित्व, गांधी का नागरिक धर्म, चंपारण सत्याग्रह के सहयोगी, गांधी और अंबेडकर, संवाद पुरुष गांधी, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में काला पानी की ऐतिहासिक भूमिका जैसी तमाम महत्वपूर्ण और उपयोगी पुस्तकें पाठकों के लिए उपलब्ध है.

## मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के 10 वर्ष पूरे हुए, चार को होगी बैठक



**रांची।** मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी की अध्यक्षता में रविवार को बैठक हुई. मौके पर मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने कहा कि मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड की स्थापना को 10 वर्ष हो गये. अपनी स्थापना के पहले दिन से, मजलिस मुसलमानों की राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक व सांप्रदायिक सद्भाव के लिए नियमित सेमिनार, सम्मेलन, बैठकें कीं. भविष्य में मुसलमानों के राजनीतिक व सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए योजना तैयार होगी. इसके लिये 4 जनवरी 2024 को रहमानिया मुसाफिर खाने में मजलिस की बैठक होगी. जिसमें सभी राष्ट्रीय, संगठनात्मक, शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों व मस्जिदों, मदरसों, स्कूलों व मस्जिदों के उपदेशकों, सामाजिक व राजनीतिक नेतागण भाग लेंगे. भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, राजनीतिक एवं सामाजिक जागरूकता का प्रमाण दें.

## नए साल की पूर्व संध्या पर मंदिरों में जमकर बही भक्ति धारा

# आज उमड़ेगा आस्था का सैलाब

संवाददाता। रांची

सूर्य देव की पहली किरण के साथ सोमवार को चहुंओर नव वर्ष 2024 का उल्लास छा जायेगा. सनातनी अपने इष्ट का दर्शन-पूजन कर नये संकल्पों के साथ साल के पहले दिन की शुरुआत करेंगे. राजधानी के सीरमौर पहाड़ी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ेगा. शहर के अन्य मंदिरों में भी दर्शनार्थियों मेला लगेगा.

इधर नव वर्ष पूव संध्या पर रविवार को जमकर भक्ति धारा बही. शहर के विभिन्न मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना और आराधना तो की ही गयी, सांझ ढलते कई मठ-मंदिरों में भजन संध्या का खास आयोजन भी किया गया. पहाड़ी मंदिर में रविवार को सुबह से देर शाम तक दर्शनार्थियों का तांता लगा रहा. भक्तों ने भोले बाबा का जलाभिषेक पूजन कर मनोवांक्षित फल की कामनाएं की. इसके अलावे शहर के अन्य मंदिरों में भी भक्तों का तांता लगा रहा.

**देवी मंडल किशोर गंज में भजन संध्या पर झूमे श्रद्धालु :** देवी मंडप किशोर गंज चौक में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भक्ति संध्या का खास आयोजन किया गया. पहाड़ी मंदिर की भजन मंडली भोले की फौज ने एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत कर सब को झुमाया. शाम पांच बजे पूजन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई. पुजारी राजेश पंडित ने पूजन संपन्न कराया. इसके बाद मंडली के सुधीर प्रसाद, मुकेश कुमार, राजेश कुमार,विकास कुमार, कृष्ण, राहुल तिवारी, प्रेमचंद राकेश कुमार, राहुल कुमार यादव, अभिषेक श्रीवास्तव आदि ने गणेश वंदना से शुरुआत कर भक्ति गीतों की लड़ियां लगा दी. मोहन पाठक, मनोज अग्रवाल, बंटी कुमार, नीरज कुमार, धीरज कुमार, कुनाल कुमार, उदेश, मनीष, सोनू शर्मा आदि ने इसके सफल संचालन में अपना मुख्य योगदान दिया.

**आज 301 महिलाएं उतारेंगी मां की आरती :** देवी मंडप, किशोर गंज चौक में सोमवार की शाम नववर्ष के उपलक्ष्य में 301 महिलाएं माता की आरती उतारेंगी.



### भक्ति रस से सराबोर रहा श्रीजीण माता मंदिर

श्रीजीण माता मंदिर, पहाड़ी मंदिर लेन में रविवार को भक्ति रस की खूब धारा बही. नये साल के पूर्व संध्या पर यहां भजनों के कार्यक्रम का खास आयोजन किया गया. शाम पांच बजे माता का दरबार सजा श्रद्धालुओं ने पूजन-आरती की. इसके बाद भक्ति गीतों का कार्यक्रम शुरू हुआ, जो देर शाम तक चला. आनंद पराशर संग नूतन शर्मा और रिता ने सुंदरकांड और जीण माता का सस्वर पाठ कर भक्ति की अलख तो जगायी ही, साथ ही भजन प्रस्तुत कर भी सब को झुमाया. श्रीजीण माता जी मंदिर प्रचार समिति के अध्यक्ष दिलीप पटवारी, उपाध्यक्ष विक्रम खेतावत, सुभाष अग्रवाल, संजय मारोदिया, प्रदीप सिंघानिया आदि ने इसमें योगदान दिया.

## यीशु के जन्म पर्व के बाद आराधना

**रांची।** राजधानी के चर्चों में रविवार को परमेश्वर का विशेष विनती की गयी. संत मरिया महागिरजा घर, एनडब्ल्यु जीईएल चर्च, जीईएल चर्च और सीएनआई चर्च में विशेष प्रभु भोज का आयोजन किया गया. इस दौरान रांची के चर्च में जन्म पर्व के बाद पहली आराधना सुबह 8.30 बजे रेव्ह शशि मिंज और उपदेश आर्च बिशप आर एस टोप्पो व सहयोग रेव्ह यीशु नासरी मिंज ने किया. सीएनआई चर्च बहुबाजार में रात 11.30 बजे प्रभु भोज की आराधना की गयी. पुरोहित डेविड, पुरोहित जे कुजूर मुख्य अनुष्ठक के रूप में शामिल हुए. सभी विश्वासियों को यीशु मसीह से जुड़े बाइबल का पहला पाठ दूसरा पाठ लोगों को सुनाया गया. जीईएल चर्च में वर्ष का अंतिम दिन में रविवार शाम 4 बजे यीशु मसीह का विशेष विनती की गयी.



## धन्यवादी प्रार्थना व प्रभु भोज आयोजित

**रांची।** 2023 वर्ष अब खत्म हो गया. ऐसे में रांची के विभिन्ना प्रमुख गिरजा घरों में साल के आखरी दिन 31 दिसंबर को चर्च में धन्यवादी प्रार्थना व प्रभु भोज का आयोजन किया गया. 2023 वर्ष को सुखद व समृद्ध बनाने के लिए विश्वासी कलीसिया 31 दिसंबर की विशेष रात्रि प्रार्थना की गई. जीईएल चर्च में विषेश प्रभु भोज शाम के 4 बजे आराधना शुरू हुई. रेव्ह एजे भेंगरा ने अनुष्ठान कराया. मुख्य उपदेशक बिशप सीमांत तिर्की ने संदेश में कहा कि मनुष्य को हर तरह की सहायता यहोवा की ओर से मिलती है, जो आकाश और पृथ्वी का कर्ता है. यहोवा अपने लोगों की रक्षा हमेशा करता है और सदा तक करता रहेगा. यीशु के इस वाचा ने पूरे वर्ष हम सभी विश्वासी कलीसिया को संभाले रखा.



## हरगड़ी स्थल की होगी पारंपरिक पूजा

**रांची।** पुरुलिया रोड स्थित कोनका मौजा में हरगड़ी पूजा को लेकर सैकड़ों आदिवासी समाज के लोग रविवार को बैठक की. अध्यक्षता करते हुए सरना समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुजूर ने कहा कि 3 जनवरी को हरगड़ी की साफ सफाई की जाएगी. 4 जनवरी को पूर्वजों को याद किया जाएगा और हरगड़ी स्थल में मुख्य पाहन धाधु किस्पोट्टा और पारनो किस्पोट्टा की अगुवाई में विधि-विधान के साथ पूजा पाठ की जाएगी. अखिल भारतीय आदिवासी विकास विकास परिषद रांची महानगर अध्यक्ष पवन तिर्की ने कहा कि उरांव आदिवासी समुदाय में पूर्वज पुरखों के दफनाए गए स्थान मसना में जाकर उनकी पत्थलगड़ी में उड़द चावल पकाकर, चावल की रोटी पकवान, तेल, फूल, धुवन, अगरबत्ती चढ़ाने की परंपरा है.



## ठहाकों के साथ विदा हुआ साल 2023


**रांची।** रंगकर्मियों की संस्था 'ठहाका मिलन' का 11वां ठहाका मिलन समारोह मोराबादी के नीलांबर-पीतांबर पार्क में संपन्न हुआ. इस मौके पर 50 से भी अधिक रंगकर्मियों ने मिलजुल कर ठहाके लगाए और 2023 को ठहाकों के साथ विदाई दी. इस मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी केदारनाथ पांडे का जन्मदिन भी मनाया गया. कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुशील अंकल ने उनपर लिखी अपनी कविता भेंट की. विश्वनाथ प्रसाद ने ठहाका मिलन पर तो राकेश चंद्र गुप्ता और संध्या गुप्ता ने नए साल पर गीत प्रस्तुत किए. मौके पर डॉ. कमल बोस, अनिकेत भारद्वाज, सुरेंद्र वर्मा, कुमकुम गौड़, झरना मजूमदार, शशिकला पौराणिक, ऋषिकेश कांस्यकार, इंद्रजीत सिंह ,अनिल ठाकुर, सूरज खन्ना, दीपक वर्मा, केदारनाथ पांडे, राकेश रमण , राकेश चंद्र गुप्ता, सुकुमार मुखर्जी, खुकू रानी दास, विश्वनाथ प्रसाद, रीना सहाय और विनोद जायसवाल समेत कई कलाकार मौजूद रहे.
























▼ ब्रीफ खबरें

### 2 वर्षीय बच्ची आग से झुलसी, भर्ती

**नोवामुंडी।** छोटानागरा पंचायत अंतर्गत बाईहातु निवास मालती जातरमा की दो वर्षीय बेटी शनिवार देर शाम आग से झुलस गई. स्थानीय लोगों की मदद से उसे गुवा सेल अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना के संबंध में 2 वर्षीय बच्ची की मां मालती जातरमा ने बताया कि ठंड की वजह से घर में आग जल रही थी और बच्ची वहीं पर खेल रही थी. किसी काम के सिलसिले में वह घर से बाहर पड़ोस के घर गई थी. आने के बाद देखा कि बच्ची आग से झुलस गई है. तुरंत पड़ोसियों की मदद से उसे गुवा सेल अस्पताल में भर्ती कराया. बच्ची के दोनों हाथ और आग से झुलस गए हैं.

### बिरसानगर में महिला ने की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर थाना अंतर्गत जोन नंबर 8 निवासी 26 वर्षीय करुणा रुहीदास ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना मिलने पर परिजनों ने करुणा को फंदे से उतारा और एमजीएम अस्पताल लेकर पहुंचे. जहां जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया. कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. करुणा के पति आकाश मजदूरी कर जीवनयापन करता है. उसने पुलिस को बताया कि वह काम पर गया था तभी करुणा ने बच्चों को खेलने के लिए मोबाइल दिया और खुद को कमरे में बंद कर दुपट्टे से सहारे फांसी लगा ली. करुणा ने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी आकाश नहीं दे पा रहा है.

### दाल चोरी मामले में युवक गिरफ्तार हुआ

**गढ़वा।** जिले के रंका अनुमंडल के सदर प्रखंड परिसर में स्थित एफसीआई गोदाम में रखे हुए जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को मुहैया कराने वाला चना दाल का 56 बोरा चोरी मामले में कार्रवाई हुई. चोरी के आरोपी रंका थाना क्षेत्र के पाल्हे ग्राम निवासी प्रदीप पासवान को रंका पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है. रंका थाना पुलिस के प्रभारी थाना प्रभारी पिंकू कुमार राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले 28 दिसंबर को इस संबंध में गोदाम के प्रबंधक रुपेश तिवारी ने रंका थाना में प्राथमिक की दर्ज की थी, जिसमें बताया गया था कि एफसीआई गोदाम रंका से 56 बोरा चने की दाल की चोरी कर ली गई है.

### रुपयों से भरा गुल्लक ले उड़ी कामवाली

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के उलीडीह ओपी अंतर्गत वाटिका ग्रीन सिटी एच2/51 निवासी सन्नी कौड़ा के घर पर कामवाली ने रुपयों से भरे गुल्लक की चोरी कर ली. इस संबंध में सन्नी ने उलीडीह ओपी में कामवली प्रेमलता के खिलाफ शिकायत की है. सन्नी की मानगो हनुमान मंदिर के पास मशीनरी की दुकान है. सन्नी ने बताया कि वे हर दिन गुल्लक में रुपये जमा करते है. तीन माह में ही गुल्लक में लगभग दो लाख रुपये जमा हो गए होंगे. उनके घर पर चार कामवाली है. प्रेमलता को कॉलोनी में ही काम करने वाली एक महिला ने 21 दिसंबर को ही काम पर लगाया था. प्रेमलता के आधार कार्ड में पता शंकोसाई रोड नंबर 1 है जबकि उसने बताया था कि वह डिमना बस्ती की रहने वाली है.

### दुर्घटना में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**बहरागोड़ा।** विगत दिन बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुडिया पंचायत अंतर्गत सालदोहा चौक में माटिहाना चाकुलिया मुख्य सड़क पर बीते शनिवार को तुहिना दे (उम्र 34) नामक महिला को तेज रफ्तार से चल रहे ट्रक द्वारा टक्कर मार देने से बुरी तरह से घायल हो गई थी. घटना के बाद स्थानीय लोगों की सहायता से तत्काल निजी वाहन द्वारा पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम ले जाया गया था. वहां से उच्च चिकित्सा के लिए कोलकाता ले जा गया. फिर रात में कोलकाता से कटक ले जाया गया. रविवार को कटक अस्पताल में उनकी चिकित्सा के दौरान मौत हो गई. परिजनों के मुताबिक मृतका एक ग्रहणी थी.उनकी पति सुब्रत दे हार्डवेयर दुकान का संचालक हैं. मृतका अपने पीछे दो छोटे बच्चे छोड़ गई है.जिसमें बड़ा बेटा 6 साल की राहुल दे तथा 1 साल की बेटी अंकिता दे है.

# 2023 की आपराधिक घटनाएं, जो राज्यभर में हुईं चर्चित



संवाददाता। रांची

झारखंड पुलिस के लिए साल 2023 चुनौतियों भरा रहा. इस दौरान कई ऐसी आपराधिक घटनाएं हुईं, जो राज्यभर में चर्चित रहीं. आइये साल 2023 के जाते-जाते इन आपराधिक घटनाओं पर एक नजर डालते हैं.

### ये आपराधिक घटनाएं राज्य भर में रहीं चर्चित

**03 दिसंबर 2023 :** धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी.

**28 जुलाई 2023 :** दुमका जिले के बासुकीनाथ में गैंगस्टर अमरनाथ सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी.

**09 मई 2023 :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव में अमन साहू गिरोह के अपराधियों ने रित्विक कंपनी के कोऑर्डिनेटर को गोलियों से भून डाला था.

**28 अक्टूबर 2023 :** धनबाद जिले के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित मटकुडिया मोड़ में कारोबारी दीपक अग्रवाल को अपराधियों ने गोली मारी थी. इसके विरोध में धनबाद के कारोबारी विरोध प्रदर्शन किया था.

**12 फरवरी 2023 :** देवघर जिले के नगर थाना क्षेत्र के कृष्णा टॉकिज के पीछे देर रात गोलीबारी की घटना में दो पुलिस जवान शहीद हो गये थे.

**12 अगस्त 2023 :** लातेहार के बालूमाथ में जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सह भाजपा नेता और कोयला कारोबारी राजेंद्र साहू की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी.

**17 जुलाई 2023 :** रामगढ़ में पतरातु थाना क्षेत्र में अपराधियों के साथ हुई मुठभेड़ में एटीएस के डीएसपी और दरोगा घायल हो गये थे.

**08 दिसंबर 2023 :** जमशेदपुर के मानगो में अपराधियों की गोली से जिला पुलिस का एक जवान शहीद हो गये थे. जबकि एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी.

**27 जुलाई 2023 :** रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित दलादली चौक के पास माकपा नेता और जमीन कारोबारी सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी. इस मामले में चार अपराधियों की भी गिरफ्तारी की गयी थी.

**14 सितंबर 2023 :** रांची के कांके में जमीन कारोबारी अवधेश कुमार को गोली मारी गयी थी. इस घटना की साजिश पटना जेल से रची गयी थी. इस घटना में शामिल 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था.

**12 अगस्त 2023 :** रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित चिरौंदी में जूस काउंटर संचालक मुकेश साव और उसके स्टाफ की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी. इस घटना में शामिल चार अभियुक्त को पुलिस से धर दबोचा था.

**01 सितंबर 2023 :** जमशेदपुर कोर्ट में पेशकार को चापड से मारकर घायल कर दिया गया था.

**20 अक्टूबर 2023 :** गुमला जिला के पुसो थाना में कोचिंग से घर आने के दौरान छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था.

**18 अक्टूबर 2023 :** बोकारो जिला के मराफारी थाना क्षेत्र में एक महिला के घर में 11 लोगों ने घुसकर घर में आग लगा दी और महिला को उसमें धकेल दिया.

**21 जून 2023 :** गिरिडीह जिले के जमुआ में कार से अपराधियों ने पांच करोड़ लूट ली थी.

आओ जानें

### 2021 में दाखिल चार्जशीट

| | | | |
|---|---|---|---|
| झारखंड | 84.6 | मणिपुर | 42.2 |
| आंध्रप्रदेश | 91.7 | मेघालय | 40.6 |
| अरुणाचल प्रदेश | 78.9 | मिजोरम | 91.3 |
| असम | 46.8 | नागालैंड | 75.0 |
| बिहार | 90.0 | ओडिशा | 81.1 |
| छत्तीसगढ़ | 92.4 | पंजाब | 83.7 |
| गोवा | 95.5 | राजस्थान | 61.7 |
| गुजरात | 92.3 | सिक्किम | 86.7 |
| हरियाणा | 73.7 | तमिलनाडु | 96.6 |
| हिमाचल प्रदेश | 85.1 | तेलंगाना | 93.3 |
| कर्नाटक | 91.5 | त्रिपुरा | 80.5 |
| केरला | 93.5 | उत्तरप्रदेश | 84.6 |
| मध्यप्रदेश | 94.1 | उत्तराखंड | 79.1 |
| महाराष्ट्र | 91.9 | पश्चिम बंगाल | 86.0 |

## हादसे : नववर्ष पर रफ्तार से सावधान रहने की हिदायत

# यात्री बस और बाइक में सीधी भिड़ंत, दो घायल

संवाददाता। मझगांव

मझगांव-कुमारडुंगी मुख्य सड़क पर मझगांव के नीचे टोला मोड़ पर यात्री वाहन 'ममता बस' के धक्के से बाइक सवार दो युवा गंभीर रूप से घायल हो गए. रविवार लगभग एक बजे मझगांव के नीचे टोला में ममता बस के धक्के से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए. घायल बहादुर हेंब्रम (23 वर्ष) और कालीचरण बांकिरा मझगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पोखरिया टोला बुरुसाईं निवासी हैं. दोनों बाइक (जेएच 06 जी 6848) से अंधारी साप्ताहिक बाजार से अपने घर जा रहे थे, इस दौरान मझगांव नीचेटोला समीप मोड़ पर मझगांव की ओर से चाईबासा जा रही ममता बस (जेएच06एल 6241) ने बाइक में धक्का मार दिया. इससे बाइक चला रहे बहादुर हेंब्रम गंभीर रूप से घायल हो गए और उनके साथी कालीचरण दूर जा गिरे. गंभीर अवस्था में पड़ा बहादुर हेंब्रम काफी देर तक तड़पता रहा. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना मझगांव थाना को दी. थाना के एएसआई सरफराज आलम घटनास्थल पहुंचे और भाजपा नेता मजहर हुसैन के सहयोग से दोनों घायल को मझगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए. दुर्घटना में बहादुर हेंब्रम गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे. उन्हें डॉक्टर सनातन चातर ने सदर अस्पताल चाईबासा रेफर कर दिया लेकिन एम्बुलेंस उपस्थित नहीं होने के कारण परिजनों ने गंभीर रूप से घायल बहादुर हेंब्रम को उड़ीसा के क्योंझर अस्पताल ले गए. धक्के से बहादुर हेंब्रम के सिर में गंभीर चोट लगी थी. इसके कारण घटनास्थल पर ही काफी खून बह गया है. इधर मझगांव पुलिस बस को अपने कब्जे में लेकर मामले की अनुसंधान कर रही है.




### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र में शनिवार की देर रात सिसई रोड स्थित होटल सभेकर के समीप अज्ञात ट्रक के चपेट में आने से बाइक सवार युवक सुरसुरिया निवासी छोटे मिस्त्री की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद ट्रक तेजी से भाग गया. घटना की सूचना गुमला थाना को दी. एसआई सगीर आलम ने घटना स्थल से शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच कर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार मृतक छोटे मिस्त्री अपने मित्र लक्ष्मण नगर निवासी संतोष सोनी से बाइक मांग कर कहीं जा रहे थे. संतोष सोनी अपने परिजन का इलाज सदर अस्पताल में करा रहा है. छोटे मिस्त्री ने बाइक लेकर निकला और कुछ ही देर में दुर्घटना का शिकार हो गया. घटना शनिवार रात 10:30 बजे की है. इधर मृतक के परिजनों ने छोटे मिस्त्री की हादसा में साजिश होने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है.


### ट्रक की चपेट में आकर दंपति घायल, पत्नी की मौत

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के दक्षिणजोल पंचायत के प्रतापपुर गांव की सेविका लक्ष्मी मंडल (55) की रविवार को ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई. लक्ष्मी मंडल प्रखंड के धदका गांव की रहने वाली थी. बताया जाता है कि धदका एवं प्रतापपुर गांव का एक ही आंगनबाडी केंद्र है. उसी में वह सेविका के पद पर कार्यरत थीं. वह बेटी की शादी के लिए जेवरात खरीदने के लिए पति पावन गोरई के साथ बाइक में सवार होकर पश्चिम बंगाल के सिउड़ी गयी थी. जेवरात खरीद कर वापस घर लौटने के क्रम में रानेश्वर आमजोड़ा होते हुए पश्चिम बंगाल पथ पर पश्चिम बंगाला के रनपुर के समीप ट्रक ने बाइक सवार दंपति को पीछे से ठोकर मार दिया. ठोकर मारते ही महिला पथ पर गिर गयी एवं ट्रक का अगला चक्का महिला के सिर पर चढ़ गया, जिसमें महिला का सिर फट गया और उसकी मौत हो गई. घटना में पति घायल हो गए. स्थानीय लोगो ने ट्रक चालक को पकड़ पुलिस को सौंप दिया है. महिला को सिउड़ी के सदर अस्पताल ले कर गया. जहां के डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है. परिजनों ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम कराकर कर घर लाया जा रहा है. महिला के पति पति को सिउड़ी के सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है.

### सेवानिवृत्त प्रधान सहायक के घर से लाखों की चोरी

**गुमला।** गुमला में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है. मेन रोड स्थित मोबाइल दुकान में चोरी की घटना की चर्चा ठंडी भी नहीं हुई थी कि शनिवार की रात डुमरडीह महावीर मंदिर के सामने स्थित रविन्द्र साहु के घर में अज्ञात चोरों .चोरी की घटना को अंजाम दिया है. जानकारी के अनुसार, मकान मालिक रविन्द्र साहु उपायुक्त कार्यालय के प्रधान लिपिक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं. डुमरडीह महावीर मंदिर के सामने स्थित अपने मकान में ताला बंद कर कुछ दिनों से रांची स्थित मकान में रह रहे थे. रविन्द्र साहु के अनुसार रविवार को दिन के लगभग 11 बजे डुमरडीह घर पहुंचे और बाउंड्री गेट से अंदर गए तो देखा कि मकान का मेन गेट खुला है. संशय के बीच घर में प्रवेश किया तो पाया कि कमरे के अंदर के अलमीरा का लॉक तोड़कर लगभग एक लाख रुपये नगद व जेवर आदि की चोरी हुई है.

## नागफेनी अंबाघाघ में सिसई पुलिस ने शव बरामद किया



संवाददाता। गुमला

गुमला व सिसई अंचल क्षेत्र को रेखांकित करती नागफेनी नदी के प्रसिद्ध पिकनिक स्पॉट आम्बा घाघ जलप्रपात से सिसई थाना की पुलिस ने शनिवार को शव बरामद किया है. शव की पहचान महाराष्ट्र के करीब 36 वर्षीय युवक किरण मनोहर मोहुली के रूप में की गई है. मृतक के बांये हाथ में साई भगवान का चित्र व दाहिने हाथ में युवक का नाम खुदा हुआ है. सूत्रों के अनुसार, मृतक की 25 दिसंबर की शाम को हत्या कर शव छिपाने की नीयत से आम्बा घाघ में फेंका गया था. हत्या के आरोपी नागफेनी गांव निवासी रोहित साहू के निशानदेही पर करीब 10 घंटे बाद ही शनिवार को पुलिस ने शव को बरामद करने में सफलता हासिल की है.

एसडीपीओ मनीष लाल ने बताया कि मृतक के परिजनों ने सिसई पुलिस से संपर्क कर बताया कि किरण मनोहर मोहुली 23 दिसंबर को सिसई के राजेश के पास जाने की बात कहकर घर से निकला था. 25 दिसंबर से उसका मोबाइल बंद होने के कारण पिछले छह दिनों से उससे संपर्क नहीं हो पा रहा था.

## गिरिडीह में जिला प्रशासन ने केंद्रीय कारा में छापेमारी की

संवाददता। गिरिडीह

**खास बातें**
- 4 से 5 घंटे तक सभी वार्डों को खंगाला गया
- चार पहिया वाहनों के डिक्की समेत लगेज की भी जांच की

केंद्रीय कारा में जिला प्रशासन द्वारा छापेमारी की गई. यह छापामारी डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी दीपक कुमार शर्मा के नेतृत्व में बीते शनिवार के मध्य रात्रि को शुरु हुई जो रविवार की सुबह तक चलती रही. इस दौरान लगभग 4 से 5 घंटे तक सभी वार्डों को खंगाला गया. इस छापेमारी के दौरान कुछ भी भी आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ.

इस छापेमारी में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, सरिया बगोदर अनुमंडल पदाधिकारी संतोष कुमार गुप्ता, डुमरी अनुमंडल पदाधिकारी सजदा परवेज, सरिया बगोदर एसडीपीओ नौशाद आलम, नगर थाना प्रभारी राम नारायण चौधरी, मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान, पचंबा थाना प्रभारी मुकेश दयाल सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे. बता दें कि गिरिडीह के केंद्रीय कारा में छापेमारी के दौरान महिला और पुरुष बंदियों के सभी वार्डों को खंगाला गया. लगभग चार-पांच घंटे तक चले इस छापेमारी अभियान के दौरान सुरक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर जांच की गई.

### विधि व्यवस्था को लेकर जांच अभियान चलाया

**महुआडांड़।** जिला अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर महुआडांड़ प्रखंड स्थित आईआरबी कैंप के समीप पुअनि बंधन भगत के नेतृत्व में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस दौरान यात्री बसों समेत सभी दो पहिया चार पहिया वाहनों के डिक्की समेत लगेज की जांच की गई. इस अभियान के दौरान यातायात के नियमानुसार सभी वाहन चालकों को पुलिस प्रशासन के द्वारा हेलमेट और सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने का निर्देश दिया. प्रखंड क्षेत्र में लोगों में नए साल की उत्साह और प्रखंड क्षेत्र में सैलानियों की बढ़ती संख्या को देखते, एसडीम विपिन कुमार दुबे ने लोगों से अपील की है, सीट बेल्ट व हेलमेट लगाकर वाहन चले. शराब पीकर वाहन न चलाएं. खुद भी सुरक्षित रहे और दूसरों को भी सुरक्षा दे, आपकी एक गलती आपके परिवार के लोगों की मुस्कान छीन सकती है.

## पत्नी से पीड़ित पति ने लिखा आवेदन, लगाई न्याय की गुहार

संवाददाता। रांची

पत्नी से पीड़ित पति ने रांची एसएसपी से न्याय की गुहार लगाई है. चुटिया थाना क्षेत्र निवासी दीपक सिंह ने सीनियर एसपी को आवेदन देकर कहा है कि उनके तीन सालों (पत्नी के भाई) ने उसकी संपत्ति हड़पने के लिए पत्नी के इशारे पर जमकर पीटा है. पिटाई से गंभीर रूप से घायल हुए दीपक सिंह की आंख से खून निकल रहा था.

पीड़ित ने सीनियर एसपी को दिए आवेदन में कहा है कि चुटिया थाना ने मेडिकल रिपोर्ट और आवेदन देने के बाद उसके आवेदन पर कार्रवाई नहीं की, उल्टा डांट कर भगा दिया. सीनियर एसपी से दीपक सिंह ने यह कहते हुए न्याय की गुहार लगाई है कि अब तक समाज और कानून पति से पीड़ित पत्नी को न्याय देता आया है. अब पत्नी पीड़ित पति को न्याय दिया जाए. साथ ही उन्होंने थाने में दिए आवेदन, मेडिकल रिपोर्ट और अपने घायल होने का फोटो भी सीनियर एसपी को दिया है.



## फिल्टर प्लांट में अपराधियों ने चलाई गोली

संवाददाता। कतरास/महुदा

महुदा थाना और धर्माबांध ओपी के सीमावर्ती क्षेत्र के राधानगर देवघरा पहाड़ी स्थित आदित्य अरबदेव कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. के बाघमारा फैज - 2 संपूर्ण ग्रामीण जलापूर्ति योजना के नवनिर्मित फिल्टर प्लांट में अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग कर दहशत फैला दी. घटना के दौरान अपराधी संवेदक को गोली से उड़ा देने की धमकी दे रहे थे.

फायरिंग की वारदात को अंजाम देने के बाद भागने के क्रम में अपराधियों का एक पिस्टल, जिंदा कारतूस व मेगजीन घटनास्थल पर गिर गया. अपराधियों की संख्या दो बताई जाती है, दोनों अपराधी एक ही बाइक में सवार होकर पहुंचे थे. इधर घटना की लिखित शिकायत सुरक्षा गार्ड सुनील कुमार महतो ने धर्माबांध ओपी पुलिस को दी है, जिसमें बताया गया है कि रविवार को सुबह 10.30 बजे दो नकाबपोश अज्ञात अपराधी एक काले रंग की पल्सर बाईक से आये और हवा मे पिस्टल से फाईरिंग की और धमकी दी कि अपने बॉस को बोल देना गोली से उड़ा देगें. यह कहते हुए दोनों अपराधी फॉर लेन सड़क की ओर भाग गये. पुलिस मामले की तफ्शील में जुट गयी है. इस घटना से प्लांट में कार्यरत कर्मियों एंव आस-पास के लोगों मे दहशत है. ज्ञात हो की इसी प्लांट में करीब एक वर्ष पूर्व भी अपराधियों ने लुटपाट करने के लिए धावा बोला था, जिसमे वहां कार्यरत कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गये थे. इधर मामले की जानकारी जब ओपी प्रभारी से लेने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया.



## एकसाथ 5 नक्सलियों को मार गिराया था पुलिस ने

संवाददाता। चतरा

**2023 खास**
- 2023 में चतरा पुलिस ने 1261 आरोपियों को पकड़ा
- नशे के कारोबार से जुड़े 211 लोगों को किया गिरफ्तार

पुलिस के लिए साल 2023 उपलब्धियों से भरा रहा. एसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में जिला पुलिस की टीम ने पिछले एक साल के दौरान 1261 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम किया, तो वहीं दूसरी ओर एक साथ पांच बड़े नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया, जो झारखंड के इतिहास में यह पहली घटना है. मुठभेड़ में भाकपा माओवादी संगठन के एक साथ पांच बड़े नक्सली मुठभेड़ में मारे गए थे.छह नक्सली मुठभेड़ में मारे गए और सात ने किया सरेंडर

साल 2023 में छह नक्सली मुठभेड़ में मारे गए, जिनमें दो सैक सदस्य, तीन सब जोनल कमांडर और दस्ता सदस्य शामिल था. वहीं दूसरी तरफ दो रीजनल कमिटी सदस्य, एक जोनल कमांडर, तीन सब जोनल कमांडर और एक दस्ता सदस्य ने चतरा पुलिस के समक्ष सरेंडर किया था. नक्सलियों के पास पुलिस ने 27 हथियार, 2597 गोली, 55 मैगजीन, 25 डेटोनेटर, 18 किलो बारूद और 23 लाख रूपया नगद बरामद किया है.

**2023** एक साल में पुलिस ने 9567 केस सुलझाये, 9327 मामले हुए दर्ज

# रांची पुलिस ने 2633 आरोपियों को धर दबोचा

सौरभ सिंह। रांची

साल 2023 बीत गया. सोमवार से नये साल की शुरुआत हो चुकी है. नये साल के आगाज पर आइए जानते हैं कि राजधानी रांची की एक साल की आपराधिक गतिविधियों और कार्रवाई का लेखा-जोखा क्या रहा. पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2023 में जहां रांची पुलिस ने 2633 आरोपियों को धर दबोचा. वहीं एक साल में पुलिस ने 9567 केस सुलझाये. आंकड़ों के मुताबिक, पिछले एक साल में रांची में कुल 9327 मामले दर्ज हुए. वहीं रांची पुलिस ने पांच साल से कम समय से लंबित 9160 कांडों का निष्पादन किया. वहीं पांच साल से अधिक समय से लंबित 331 कांडों और दस साल से अधिक समय से लंबित 76 कांडों का निष्पादन भी किया गया. इसके अलावा रांची पुलिस द्वारा 3707 वारंट और 277 कुर्की का निष्पादन किया गया.

### 18 साइबर अपराधियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया

राजधानी में पिछले एक साल में संगठित अपराध से जुड़े 10 अपराधी गिरफ्तार हुए. इनमें रोहन कुमार, मो आरिफ, अंकित कुमार सिंह, दीपक कुमार, रोहित मुंडा, अभिषेक मल्लिक, शुभम विश्वकर्मा, जंगबहादुर सिंह, दुर्गा साहू और राजेंद्र यादव शामिल है. इनके पास से दो रायफल, तीन पिस्टल और गोली भी बरामद किये गये थे. वहीं दूसरी ओर रांची में साल 2023 में साइबर अपराध के 221 मामले दर्ज हुए. वहीं पुलिस ने 18 साइबर अपराधियों को धर दबोचा. इनके पास से 15 मोबाइल, 16 सिम कार्ड, 21 एटीएम समेत अन्य सामान भी बरामद हुए.



### 28 अपराधियों के खिलाफ सीसीए का प्रस्ताव भेजा गया

रांची पुलिस ने 28 अपराधियों के खिलाफ सीसीए का प्रस्ताव भेजा है. इनमें से 13 अपराधियों को जिलाबदर करने का प्रस्ताव भेजा गया है. इसके अलावा 104 अपराधियों के खिलाफ सीसीए के तहत और थाना हाजिरी की कार्रवाई की गयी है. पिछले एक साल के दौरान रांची पुलिस ने 94 हथियार, 1121 गोली और 124 गोली खोखा बरामद किये हैं.

### 16 नक्सली भी गिरफ्तार किए गए, मुठभेड़ में एक मारा गया

राजधानी में एक साल के दौरान 16 नक्सली गिरफ्तार किये गये. वहीं, एक नक्सली मुठभेड़ में मारा गया. इसके अलावा पुलिस ने नक्सलियों के 910 गोली और छह हथियार भी बरामद किये.

## बीसीसीएल के एसीएम को पीटा

संवाददाता। तेतुलमारी

रविवार को तेतुलमारी कोलियरी के एसीएम योगेंद्र प्रसाद को अवैध कोयला धंधेबजों ने जमकर पिटाई कर दी. योगेंद्र कुमार का चश्मा और मोबाइल तोड़ दिया. एसीएम योगेंद्र प्रसाद की पिटाई से आक्रोशित कर्मियों परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह के साथ घटनास्थल पहुंचे और घटना का विरोध जताने लगे.

देखते ही देखते तेतुलमारी कोलियरी के सैकड़ों कर्मी एकत्रित हो गए और कुछ समय के लिए वहां तनाव का माहौल उत्पन्न हो गया. घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई. जिसके बाद सैकड़ों कर्मियों के साथ सीआईएसएफ जवान और तेतुलमारी पुलिस अवैध मुहाने की और मुआयना करने गए. जहां स्थानीय लोग अधिकारियों से उलझ गए. स्थानीय लोगों ने प्रबंधक के कई अधिकारियों पर महिला का शौच करते वीडियो बनाने का आरोप लगाया और जम के हंगामा किया. इस दौरान सीआईएसएफ और तेतुलमारी पुलिस लाचार दिखी.

वहीं, तेतुलमारी कोलियरी के कर्मियों ने कहा कि सहायक प्रबंधक योगेंद्र प्रसाद का बीसीसीएल कंपनी में योगदान का कार्यकाल समाप्त होने वाला है. वहीं, विरोध में प्रथम पाली के कर्मियों ने करीब पांच घंटे कार्य बाधित कर दिया. परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह के आश्वासन के बाद काम को चालू किया गया. घटना को लेकर दोनों पक्षों में से किसी ने भी पुलिस को लिखित शिकायत नहीं दी है. मालूम हो कि जिले में अवैध कोयला को लेकर बीसीसीएल प्रबंधन, सीआईएसएफ और पुलिस के संयुक्त कार्रवाई से अवैध कोयला चोरों में हड़कंप मचा हुआ है. पिछले कुछ दिनों से बीसीसीएल के विभिन्न कोलियरियों के अवैध मुहानों को भरा और अवैध तरीके से निकाले गये सैकड़ों टन कोयले को जब्त किया गया है.





## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** माता को कष्ट होगा. बेकार के बहस से बचें. आपके कर्म से माता के सुख में वृद्धि होगी. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे. गाय के शुद्ध घी का दीपक पूजा स्थान में जलावें.

**वृषभ** आपके सही कार्य और प्रभाव से पराक्रम बढ़ेगा. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे. अन्न और मिठाई का दान शिव मंदिर में करें.

**मिथुन** समय बहुत ही अनुकूल है, जिससे धन और प्रतिष्ठा बढ़ेगी. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. यात्रा सुखद रहेगी. किये गए कार्य का लाभ होगा.

**कर्क** समय अनुकूल है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. संतान सुख की प्राप्ति संभव. शिवलिंग पर पंचामृत से अभिषेक करें.

**सिंह** किन्हीं अपनों पर खर्च में वृद्धि होगी. साथ ही किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. बाहर से शुभ समाचार मुलगा. दूर्वा गणेश जी पर अर्पण करें.

**कन्या** पारिवारिक यात्रा का योग बन रहा है. आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती है. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. जल का दान करें.

**तुला** सरकारी कार्य में गति आने से मन खुश होगा. प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे. इतर का दान करना चाहिए.

**वृश्चिक** धर्म में मन लगेगा. आपके पूर्व कर्म के प्रभाव से भाग्य साथ है. स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग हैं. इष्ट बल मजबूत करें. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**धनु** किसी महिला मित्र से विवाद हो सकता है. अपने प्रोफेशन से आप नाखुश हैं, समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. चीनी का दान करें.

**मकर** समय उत्तम है. लोगों की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें. मौसम के प्रभाव से स्वास्थ बिगड़ सकता है. काला वस्तु का दान करें.

**कुंभ** गलत दोस्तों से बचना चाहिए. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. गरीब को मिठाई का दान करें.

**मीन** मौसमी बीमारियों से बचें. शिक्षण संस्थानों में जो हैं उनके लिए दिन अच्छा है. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा. गायत्री मंत्र का जाप करें.

# एक पेड़ लगाओ- पांच यूनिट बिजली फ्री पाओ योजना काफी चर्चा में रही

## बिजली, कल्याण और पेयजल विभाग ने भी उपलब्धियां हासिल कीं

**रांची । झारखंड सरकार ने बिजली को लेकर कई अहम उपलब्धियां हासिल की हैं, जिसका फायदा लोगों को आनेवाले दिनों में मिलने लगेगा. राज्य में बिजली की निर्बाध आपूर्ति हो, इसके लिए पावर सेक्टर में ऊर्जा विभाग और ऊर्जा विकास निगम ने कई महत्त्वपूर्ण कदम उठाए हैं. डीवीसी की निर्भरता कम हो इसके लिए गोविंदपुर ट्रांसमिशन लाइन से आपूर्ति शुरू की है.**

### देखें 2023 में हुए और लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

- एक पेड़ लगाओ, पांच यूनिट फ्री बिजली पाओ योजना हुआ शुरू
- रांची में स्मार्ट मीटर लगाने का काम जारी, अगले वर्ष इसे पूर्ण करने का लक्ष्य, इससे रांची के उपभोक्ता प्री-पेड माध्यम से अपने बिजली खपत सहित अन्य काम कर सकते हैं. इससे बिजली चोरी भी रुकेगी.
- बिजली चोरी और लाइन लोस रोकने के लिए जेबीवीएनएल कराएगा एनर्जी एकाऊंटिंग, रांची एरिया बोर्ड का काम जीनस को मिला.
- केंद्र पर राज्य सरकार ने दबाव बनाया, इसके बाद टीवीएनएल की ओर से इसके विस्तारीकरण को लेकर प्रस्ताव बनाकर केंद्र को भेजा गया. 2024 में इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलन के बाद विस्तारीकरण का काम शुरू हो सकता है.
- मुख्यमंत्री उज्ज्वल बिजली झारखंड योजना की मिली मंजूरी, इसके तहत छुटे और नए चिन्हित हुए 2,38,566 घरों का विद्युतीकरण कार्य होगा. जिसमें कुल 1485.39 करोड़ रूपए खर्च आएंगे.
- कोल रॉयल्टी का बकाया 1.5 लाख करोड़ लेने के लिए उर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में झारखंड ने दबाव बढ़ाया.ताकि बिजली क्षेत्र में काम किया जा सके.
- पलामू में बिजली संकट को देखते हुए केंद्र सरकार पर पावर ग्रिड ऑफ कॉरपोरेशन ट्रांसमिशन लाइन को अविलंबग पूरा करने को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बढ़ाया.
- सोलर फार्मिक के लिए पीएम कुसुम पार्ट दो के तहत बैंक द्वारा लोन नहीं दिए जाने का मसला झारखंड ने केंद्र के समक्ष उठाया, केंद्रीय मंत्री ने बैंक अफसरों से की बात,दिया आवश्यक निर्देश.
- झारखंड में अपने प्लांटों को नियमित एवं समय पर कोयला नहीं मिलने का मसला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया गया.
- अंतराज्यीय ट्रांसमिशन लाइन निर्माण में विभिन्न राज्यों के द्वारा और फॉरेस्ट क्लीयरेंस नहीं मिलने का मसलाकेंद्र के समक्ष उठाया.
- डीवीसी की निर्भरता खत्म करने के लिए ट्रांसमिशन निगम ने चंदनक्यारी-गोविंदपुर ट्रांसमिशन लाइन चार्ज करके बिजली आपूर्ति शुरू की. यह ट्रांसमिशन लाइन का 24 टॉवर बंगाल के क्षेत्र में था, जो काफी दिलों से लंबित था. खुद सीएम हेमंत सोरेन और ट्रांसमिशन निगम के अफसरों से बंगाल सरकार से बात करके इस योजना को अंजाम तक पहुंचाया.
- खराब बिलिंग के कारण रांची सहित अन्य सभी एरिया बोर्ड के बिजली एजेसिंयों को हटाने का निर्णय, पहली अप्रैल से नयी एजेसियों संभालेंगी काम-काज
- अडाणी पावर से बिजली लेने की प्रकिया जेबीवीएनएल ने शुरू किया.
- पतरातू सुपर थर्मल पावर से बिजली उत्पादन का रास्ता हुआ साफ, पीवीयूएनएल को बिजली उत्पादन शुरू करन के लिए जेबीवीएनएल ने 400 केवी का तेनुघाट जेआईएस तैयार करके बिजली देने शुरू किया.

**10** साल से कार्यरत अनुबंध कर्मियों को नियमित करने की प्रक्रिया उर्जा विकास निगम ने शुरू किया.

### कल्याण और समाज कल्याण विभाग की इस वर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धियां

- जनजातीय महोत्सव 2023 का सफलता पूर्वक आयोजन
- विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए जनजातीय छात्रों के लिए नि:शुल्क कोचिंग डा रामदयाल मुंडा शोध संस्थान में हुआ शुरू
- सिविल सेवा परीक्षा के लिए संथाली भाषा को लेकर डा रामदयाल मुंडा जनजातीय शोध संस्थान में शुरू हुआ कोचिंग
- प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक छात्रों का छात्रवृति बढ़ी
- आदिवासी एवं दलित वर्ग के लोगों के लिए पेंशन की उम्र सीमा 60 से घटाकर 50 वर्ष करने की घोषणा
- मरांड गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृति योजना शुरू, इसके तहत चयनित 25 छात्रों को विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भेजा गया.
- जनजातीय धार्मिक स्थलों में पूजन समाग्री वितरण का काम शुरू
- मानकी, मुंडा, डाकुआ, परगनैत को दो पहिया वाहन दिए जाने की योजना शुरू
- राज्य के चिन्हित हॉस्टलों में लाईब्रेरी स्थापना का काम शुरू
- छात्रवासों का जीर्णोद्धार काम हुआ शुरू
- अब छात्रों को खाना बनाने या खाना व्यवस्था करने की जरूरत नहीं. सरकार राशन-पानी और खाना उपलब्ध कराएगी. साथ ही खाना बनाने के लिए रसाईया भी नियुक्ति करने का निर्णय, ताकि स्टुडेंटस अपना ध्यान केवल पढ़ाई में लगा सकें.
- रांची सहित कई जिलों में अत्याधुनिक नए छात्रावासों का निर्माण हुआ शुरू
- साइकिल वितरण के लिए एसटी, एससी, ओबीसी एवं अल्पसंख्यक वर्ग 8 छात्रों के बीच डीबीटी के माध्यम से 45 सौ रूपए भेजा गया.
- सावित्री फुले बाई योजना के तहत सरकारी स्कूल के लड़कियों को क्लास आठ से 12 वहीं तक विभिन्न चरणों में 2500 रूपए से 20 हजार रूपया देने का काम शुरू, इसमें दो पुत्रियों की बाध्यता सरकार ने खत्म करने का एलान किया.

### पेयजल विभाग की 2023 की उपलब्धियां

- हर घर नल-जल योजना पर काम जारी
- स्वच्छ भारत मिशन के तहत छुटे और नव निर्मित घरों के लाभुकों के बीच 211093 नए शौचालय निर्माण का काम जारी
- राज्य के विभिन्न पंचायतों में सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना के तहत 100 सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किए जाने का काम जारी.
- पूर्व से चल आ रही ग्रामीण जलापूर्ति योजना विस्तारीकरण एवं गृह संयोजन पर काम जारी. पुराने खराब चापानलों की मरम्मति गर्मी के पूर्व करने की योजना पर काम जारी.

20 शहरी जलापूर्ति योजना जो पेयजल विभाग द्वारा संचालित है उसके मरम्मति एवं संचालन के लिए 14700 लाख रूपए दिए गए

## टैंकर चालकों का विरोध प्रदर्शन, आज से हड़ताल

**संवाददाता। बोकारो**



केंद्र की मोदी सरकार द्वारा एक्सीडेंट को लेकर बनाये गये कानून के विरोध में ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के बैनर तले बोकारो जिले के राधानगर स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड डीपो के गेट के समक्ष टैंकर चालकों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया. इस दौरान संघ के बोकारो जिला उपाध्यक्ष मो जियाउद्दीन ने कहा कि हम सभी चालक हमेशा देश सेवा में उपलब्ध रहते हैं. कोविड काल के दौरान हम सभी चालकों ने आवश्यक सामग्री को देश के विभिन्न हिस्से में पहुंचाने का काम किया. इसके बावजूद दुर्भाग्य वश आज केंद्र की सरकार हम चालकों के लिए सड़क दुर्घटना होने पर 10 साल की सजा तथा 5 लाख मुआवजा का कानून ला रही है. 200-400 रुपए कमाने वाले हम चालक कहां से इतनी बड़ी रकम देंगे. इस काले कानून को लेकर ऑल ड्राइवर कल्याण संघ के बैनर तले 1 से 4 जनवरी तक बंद रखने का आह्वान किया गया. इधर संघ जिलाध्यक्ष स्वामीनाथन यादव ने कहा कि 29 सूत्री मांगों को लेकर संघ ने भारत बंदी का ऐलान किया है. 4 जनवरी तक का यह आंदोलन अनिश्चितकाल के लिए जारी रहेगा. इस दौरान गुड्डू यादव, मिंटू खान, इसरार खान, रजनीश यादव, चरण प्रजापति, शशि पांडेय, राम नारायण झा, संतोष कुमार यादव, चितरंजन कुमार, अनिल यादव, विनोद, नवीन, राहुल, लौगेन, आतिश, पप्पू, दीपक लोहार सहित मौजूद थे.

**बोकारो क्षेद्ध से सैकड़ों टैंकरों का परिचालन :** मालूम हो कि बोकारो औद्योगिक क्षेत्र स्थित हिंदुस्तान पैट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड से हर दिन करीब 200 टैंकर लोड होकर विभिन्न स्थलों में डिलीवरी के लिए जाते हैं. वहीं भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड राजानगर से करीब 100 से 150 टैंकर लोडिंग होकर निकलता है. संघ के आह्वान के बाद अधिकांश टैंकर चालक छुट्टी में अपने घर के लिए रवाना हो गया. ऐसे में झारखंड में पेट्रोल तथा डीजल की सप्लाई पूरी तरफ बाधित हो जाएगी.

## छात्रवृत्ति व मुफ्त शिक्षा के लिए योजनाएं

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

झारखंड में शिक्षा विभाग ने 2023 में गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, एकलव्य प्रशिक्षण योजना और मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजना समेत कई नई योजनाओं की शुरुआत की. वहीं स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने और पढ़ाई के प्रति उनमें रुचि पैदा करने के लिए बैगलेस डे, सीटी बजाओ-उपस्थिति बढ़ाओ, इंडस्ट्रियल विजिट जैसे अभियान चलाये। प्रतियोगिता परीक्षाओं में हिस्सा लेने की योजना बना रहे बच्चों के लिए साथी पोर्टल शुरू किया गया. गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना- इस योजना के तहत 10वीं और 12वीं पास छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अधिकतम 15 लाख रुपये का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है. छात्रों को ब्याज के रूप में मात्र 4 फीसदी राशि का भुगतान करना होगा। शेष ब्याज की राशि राज्य सरकार वहन कर रही है.

**एकलव्य प्रशिक्षण योजनाः** इस योजना के तहत सरकार यूपीएससी, जेपीएससी, रेलवे, जेएसएससी जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए छात्रों को झारखंड में स्थित राष्ट्रीय स्तर के कोचिंग संस्थानों में निःशुल्क शिक्षा प्रदान करवा रही है. कोचिंग सत्र की अवधि के दौरान 2500 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि भी दी जा रही है. मुख्यमंत्री शिक्षा प्रोत्साहन योजनाः इस योजना के तहत झारखंड के बच्चों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, मास कम्युनिकेशन, फैशन डिजाइनिंग जैसे कोर्स राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों में मुफ्त कराने की सुविधा दी जा रही है. छात्रों को सत्र की अवधि तक 2500 रुपये प्रतिमाह सहायता राशि भी दी जा रही है.

मुख्यमंत्री विशेष छात्रवृत्ति योजनाः सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले वैसे बच्चे जो राज्य सरकार के किसी दूसरे छात्रवृति योजना का लाभ नहीं ले रहे हैं उन्हें इस योजना का लाभ दिया जा रहा है. क्लास 1 से 4 तक के बच्चों को 500, क्लास 5 से 6 के बच्चों को 1000 रुपये, क्लास 7 से 10 के बच्चों को 1500 रुपये और 11वीं एवं 12वीं के बच्चों को 2300 रुपये छात्रवृत्ति राशि दी जा रही है.

## सुशीला हांसदा की पुण्यतिथि मनी



**पाकुड़।** झामुमो नेत्री सह पूर्व विधायक दिवंगत सुशीला हांसदा की आठवीं पुण्यतिथि रविवार को यहां मनायी गयी. इस अवसर पर लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी, उनकी पूत्र बधू एगलिना टुडू सहित कार्यकर्ताओं ने डुमरिया स्थित समाधिस्थल पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया। इस दौरान उपस्थित परिवार के सदस्य सहित झामुमो कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धा-सुमन अर्पित किये. दिवंगत विधायक लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र से झामुमो की ओर से चार बार लगातार विधायक निर्वाचित हुई थीं. वहीं भारत की पहली आदिवासी महिला विधायक निर्वाचित होने का भी गौरव हासिल हुआ था. वर्ष 1990 में पहली बार विधायक बनीं. इसके बाद लगातार चार बार निर्वाचित होकर वर्ष 2010 तक विधायक रहीं. वह अत्यंत लोकप्रिय विधायक थीं. आमलोगों के उत्थान को लेकर हमेशा तत्पर रहती थीं. मौके पर तालाबाबू मरांडी , अशोक भगत , निरंजन मण्डल सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे.

झामुमो का आरोप

## गठबंधन धर्म का पालन नहीं करते इरफान

**जामताड़ा ।** जामताड़ा विधायक डॉ. इरफान अंसारी तथा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष के बीच एक सप्ताह से जारी गतिरोध ने जामताड़ा में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शिलान्यास के बाद दोबारा विधायक के शिलान्यास करने तथा खुद के नाम शिलापट्ट पर सर्वोपरि रखने जैसी बातें जेएमएम के गले नहीं उतर रही हैं. इसी सिलसिले में जेएमएम जिलाध्यक्ष श्यामलाल हेम्ब्रम के आवास पर एक बैठक के बाद रविवार को उन्होंने कहा कि डॉ. इरफान अंसारी गठबंधन धर्म का पालन नहीं कर रहे हैं. मैंने विधायक को समझाया था, लेकिन उन्होंने मुझे ही उटपटांग कहलवा दिया. हमलोग अब तक गठबंधन धर्म के खातिर चुप थे, लेकिन अब चुप नहीं बैठेंगे, अब विधायक की करतूतों का पर्दाफाश करना है.वे गठबंधन धर्म का पालन नही कर रहे हैं। सवाल तो यह है कि विभागीय अधिकारियों ने भी शिलापट्ट लगाने की कैसे अनुमति दे दी , अगर ये नही सुधरे तो हम मुख्यमंत्री से लेकर न्यायालय तक जाएंगे. इनकी ।गलती गिनाने में उंगली का अंगूठा खत्म हो जाएगा.

## 'ममतामई मां' कहानी के लिए विजय केसरी सम्मानित



**संवाददाता। हजारीबाग**

स्थानीय खजांची तालाब स्थित ''गायत्री शक्ति पीठ में आयोजित एक समारोह में शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सह परिव्राजक रामनाथ भृंगराज एवं उपजोन समन्वयक रघुनंदन प्रसाद ने साहित्यकार विजय केसरी को उनकी ''ममतामई मां'' कहानी के लिए सम्मानित किया. सम्मान स्वरूप इन्हें ''प्रशस्ति पत्र'', श्रीराम शर्मा आचार्य की पुस्तक एवं पुष्पगुच्छ प्रदान कर किया गया. इस अवसर पर शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सह हजारीबाग के परिव्राजक रामनाथ भृंगराज ने कहा कि विजय केसरी की ''ममतामई कहानी'' एक मां की ममता को केंद्र में रखकर लिखी गई है. किस तरह एक मां विपरीत परिस्थितियों में भी खुद भूखे रहकर बच्चों और परिवार का पालन पोषण करती है. ऐसी कहानी से समाज से खोती चली जा रही ममता वापस लाई जा सकती है. देश के कहानीकारों को ऐसी कहानियों का सृजन करना चाहिए ताकि समाज में ममता पुनः प्रतिष्ठित हो सके. गायत्री शक्तिपीठ के उपजोन समन्वयक रघुनंदन प्रसाद ने कहा कि ममतामई मां एक उत्कृष्ट कहानी है. आयोजित सम्मान समारोह में देवंती देवी, शकुंतला देवी, विमला शर्मा, गीता देवी, पूजा कुमारी, प्रीति भृंगराज, मीना देवी, किरण अग्रवाल, गायत्री पूजा, शशि प्रभा, वासुदेव पुजारी, अभिषेक केसरी, ज्योति कुमारी, मंजू देवी, प्रदीप प्रसाद आदि सम्मिलित हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ. विश्व शांति के लिए यज्ञ का अनुष्ठान किया गया.

## जामताड़ा व विद्यासागर स्टेशन का होगा कायाकल्प

**संवाददाता। जामताड़ा**



अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में कुल 508 रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास की योजना है. इसमें झारखंड के भी 20 रेलवे स्टेशनों का करीब 886.70 करोड़ रुपये की राशि से कायाकल्प हो रहा है. इस योजना में जामताड़ा जिले के जामताड़ा व विद्यासागर स्टेशन के उन्नयन के लिए करीब 20 करोड़ राशि खर्च की जायेगी, जिसमें जामताड़ा स्टेशन में करीब दस करोड़ व विद्यासागर स्टेशन में करीब 10 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे. बता दें कि केंद्र सरकार का उद्देश्य है कि भारत में आधुनिक ट्रेनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है. अमृत भारत योजना के तहत जामताड़ा व विद्यासागर स्टेशन को जोड़ते हुए सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया है. इससे स्टेशनों को आधुनिक बनाया जायेगा. साथ ही यात्री सुविधाओं का विस्तार, यात्रियों का मैनेजमेंट और बेहतर साइन सिस्टम बनाया जाना है. जामताड़ा व विद्यासागर स्टेशन में काम तेजी से किया जा रहा है. पूरा काम हो जाने पर ये स्टेशन मॉडल के रूप में विकसित हो जायेंगे.

### क्या होगा बदलाव

इस योजना के तहत यात्रियों को साफ और हायजेनिक वेटिंग एरिया, रेस्टरूम बनाये जाने हैं. साथ ही खाने -पीने के अच्छे स्टॉल भी लगाए जाने हैं. यात्रियों और गाड़ियों के आने जाने के लिए अलग-अलग पॉईंट बनाए जाएंगे. पर्याप्त पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी. रेलवे स्टेशनों को बस, टैक्सी और ऑटो रिक्शा स्टैंड जोड़ा जाएगा. इसके अलावा प्रकाश की व्यवस्था और उपकरणों के लिए वैकल्पिक उर्जा स्त्रोतों का इस्तेमाल किया जाएगा. रेन वाटर हार्वेस्टिंग और हरियाली के इंतजाम भी जायेगें. इसके अलावा कई तरह की सुविधाएं भी स्टेशनों पर मिलेंगी.















# गठबंधन सियासत का भविष्य

क्या सचमुच देश ने तीस साल बर्बाद कर दिए और मिली-जुली सरकारों ने अस्थिरता का माहौल पैदा किया? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस आशय के बयान के दो मायने लगाए जा सकते हैं. पहला तो यह कि या तो भारतीय जनता पार्टी आत्म विश्वास से लैस है या फिर वह इंडिया गठबंधन के अस्तित्व मात्र से भयाक्रांत है. हालांकि भयाक्रांत होने की कोई सियासी वजह नहीं है. बावजूद प्रधानमंत्री ने ऐसी बहस छेड़ दी है, जिस पर संजीदगी से विमर्श की जरूरत है. जिन 30 सालों की बर्बादी या खोने की बात नरेंद्र मोदी ने की है, उसमें तीन ऐसी सरकारें भी शामिल हैं, जिनके कार्यकालों में भारतीय राजनीति, आर्थिक नीति और कल्याणकारी क्षेत्र में ऐतिहासिक फैसले लिए ही नहीं गए, जमीन पर उतारे भी गए. नरसिंहराव के नेतृत्व वाली कांग्रेस की सरकार अल्पमत की सरकार थी, जो दूसरे दलों पर ही निर्भर रही और अपना कार्यकाल पूरा किया. इसी सरकार में नरसिंहराव और डा. मनमोहन सिंह की जोड़ी ने मिल कर एक ऐसी आर्थिक क्रांति की पटकथा लिख दी, जिसके दूरगामी असर को नकारा नहीं जा सकता. यहां तक कि नरेंद्र मोदी के दो कार्यकाल की आर्थिक नीतियां भी राव- सिंह की नीतियों का ही विस्तार मात्र है. अटल बिहारी बाजपेयी की गठबंधन सरकार ने शाइनिंग इंडिया का प्रयोग किया और सार्वजनिक क्षेत्रों की जगह निजी क्षेत्र के महत्व को रेखांकित किया. इसी तरह 2004 से 2014 तक डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में गठबंधन सरकार ने राज किया. डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार की मजबूती तब दिखी, जब उन्होंने अपने महत्वपूर्ण साझेदार वामफ्रंट को नजरअंदाज करते हुए अमेरिका के साथ परमाणु संधि को अंजाम दिया. इन सरकारों के दौर में न तो राजनीतिक अस्थिरता दिखी और न ही आर्थिक प्रगति की राह सुस्त हुई. इसलिए यह कहना कि गठबंधन सरकारों के कारण निर्णय लेने में अक्षमता आती है या फिर प्रगति की गति सुस्त हो जाती है, उचित नहीं है. दूसरी तरफ मजबूत और बहुमत वाली सरकारों को भी फैसले बदलते या उन्हें वापस लेते हुए इस देश ने देखा है. मोदी सरकार ही भूमि अधिग्रहण कानून और कृषि कानूनों से पीछे लौटती देखी गयी है. यानी गठबंधन की राजनीति या अतीत की सरकारों का मूल्यांकन, उन्हें बर्बादी समझ कर करना सियासी समझ नहीं कही जा सकती है. लोकसभा चुनाव कुछ ही महीनों में होने वाले हैं और तीन हिंदी राज्यों में जीत के बाद भाजपा के अग्रणी बनी हुई है. इस बीच राम मंदिर को आधार बना कर देश में जो माहौल बनाया जा रहा है, उसका लाभ भाजपा उठाने के लिए तत्पर जान पड़ती है. इन तमाम स्थितियों के बावजूद प्रधानमंत्री ने जिस अंदाज में गठबंधन की मिली जुली सरकारों को आलोचना का विषय बनाया है, उससे यह सवाल भी पैदा होता है कि आखिर जिस एनडीए का नेतृत्व प्रधानमंत्री कर रहे हैं, उसमें 36 दलों के होने का दर्प क्यों दिखाया जाता रहा है. सामाजिक हलचलों का प्रतिनिधित्व छोटे, लेकिन प्रभावी सियासी दल करते हैं. गठबंधन इसे ही स्वर प्रदान करता है.

> लोकसभा चुनाव कुछ ही महीनों में होने वाले हैं और तीन हिंदी राज्यों में जीत के बाद भाजपा के अग्रणी बनी हुई है. इस बीच राम मंदिर को आधार बना कर देश में जो माहौल बनाया जा रहा है,उसका लाभ भाजपा उठाने के लिए तत्पर जान पड़ती है.

## सुभाषित

**सत्यस्य वचनं श्रेयः सत्यादपि हितं वदेत्।**
**यद्भूतहितमत्यन्तं एतत् सत्यं मतं मम्।।**

यद्यपि सत्य वचन बोलना श्रेयस्कर है तथापि उस सत्य को ही बोलना चाहिए, जिससे सर्वजन का कल्याण हो. मेरे (अर्थात् श्लोककर्ता नारद के) विचार से तो जो बात सभी का कल्याण करती है वही सत्य है. वैसे सत्य से कोई लाभ नहीं, जो राष्ट्र और समाज को हानि ही पहुंचाता हो.

# गुजरे साल के नए साल के लिए सबक

**इजराइल ने 21 हज़ार से अधिक फिलस्तीनियों को गाज़ा वाले इलाके में मार डाला. इस बीच लगभग 100 बंधकों की रिहाई हुई है. 13 दिसंबर, 2023 को डोनाल्ड टस्क पोलैंड के नए प्रधानमंत्री चुने गए. पोलिश संसद के सदस्यों ने देश की संसद में विश्वास मत हारने के बाद पोलैंड के प्रधानमंत्री बनने के लिए डोनाल्ड टस्क का समर्थन किया है. साल के आख़िर में संयुक्त राष्ट्र ने एक नई रिपोर्ट में कहा कि म्यांमार ने अफीम उत्पादन के मामले में अफगानिस्तान को काफी पीछे छोड़ दिया है.**



• देश-काल



पुष्परंजन

बीते साल 28 जनवरी से 4 फरवरी, 2023 तक अमेरिका और कनाडा के आसमान में चीनी गुब्बारे उड़ने की ख़बर पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गई. इन हाई-एल्टीट्यूड गुब्बारों को चीन के जासूसी गुब्बारे बताया गया. कुछ गुब्बारे अमेरिका ने मार गिराये. इसी तरह से चीनी गुब्बारे 40 अन्य देशों के आसमान में देखे गए थे. इस घटना के बाद अमेरिकी विदेशमंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने अपनी पेइचिंग यात्रा स्थगित कर दी थी. 15 जनवरी, 2023 को नेपाल के पोखरा में येति एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था. इस हादसे में 5 भारतीयों समेत 72 यात्रियों की मौत हो गई थी. इस हादसे की प्राइमरी रिपोर्ट में खुलासा हुआ था कि फ्लाइंग पायलट ने लैंडिंग के लिए कॉकपिट में लगे फ्लैप लीवर की जगह गलती से इंजन की पावर सप्लाई बंद कर दी थी. जनवरी, 2023 में अमेरिकी शॉर्ट सेलर कंपनी 'हिंडनबर्ग रिसर्च' ने अदानी ग्रुप पर शेयरों में मैनिपुलेशन का आरोप लगाया था. गौतम अदानी दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख़्स थे, लेकिन हिंडनबर्ग रिपोर्ट के आते ही उनकी संपत्ति 120 अरब डॉलर से घटकर 39.9 अरब डॉलर रह गई थी. यानी, रातो-रात अडानी की संपत्ति घट कर एक-तिहाई हो गई थी
6 फरवरी, 2023 को तुर्किये और सीरिया में 7.8 और 7.5 तीव्रता के दो विनाशकारी भूकंपों से तबाही मच गई. इन विनाशकारी भूकंपों की वजह से तुर्किये में 50 हजार से ज्यादा और सीरिया में 8 हजार से ज्यादा यानी, कुल 59 हजार से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई थी. 10 मार्च, 2023 को ख़बर आई कि शी जिनपिंग को चीनी संसद ने तीसरी बार राष्ट्रपति बनाने के लिए सर्वसम्मति से मतदान किया. अप्रैल, 2023 में भारत, चीन को पछाड़कर दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश बना. उसी महीने फिनलैंड नाटो का 31वां सदस्य बन गया, जिससे गठबंधन की संख्या दोगुनी हो गई. अप्रैल के मध्य में सूडानी सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच हिंसा भड़क उठी थी. इस हिंसा के कारण सूडान से बड़े पैमाने पर विस्थापन शुरू हुआ, जिसका बुरा असर पड़ोसी देशों पर पड़ना ही था. जून, 2023 की बड़ी ख़बर टाइटैनिक का मलबा देखने गई पनडुब्बी भारी दबाव के कारण विस्फोट का शिकार हो गई. पता चला कि इस पनडुब्बी में सवार एक पाकिस्तानी अरबपति समेत सभी पांच लोगों की मौत हो चुकी है. जून, 2023 में अमेरिकी और ब्रिटिश वैज्ञानिकों की एक टीम ने शुक्राणु या अंडे के बग़ैर दुनिया का पहला मानव सिंथेटिक भ्रूण बनाने में सफलता पाई. भारत के भगोड़े और खालिस्तानी मुहिम चलाने वाले हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून, 2023 को कनाडा में हत्या कर दी गई. उसकी हत्या उसी गुरुद्वारे के बाहर की गई, जिसका वह अध्यक्ष था. इस मामले ने असली तूल तब पकड़ा, जब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 18 सितंबर को इस हत्याकांड में भारत के शामिल होने की बात कही. यही नहीं, भारतीय राजनयिक को देश छोड़ने का आदेश दिया गया. इस आरोप का भारत ने कड़ा जवाब दिया और दोनों देशों के बीच संबंध लगातार बिगड़ते चले गए.
23 जून, 2023 को रूस से ख़बर आई कि पुतिन विरोधी प्राइवेट आर्मी 'वैगनर ग्रुप' के लड़ाकों ने रोस्तोव-ऑन-डॉन पर कब्जा कर लिया और मास्को की ओर कूच कर गये हैं. मशहूर उद्योगपति एलन मस्क ने साल 2022 में माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर का अधिग्रहण कर लिया था. 23 जुलाई, 2023 को एलन मस्क ने एक फ़ैसले से सभी को चौंका दिया था. ब्लू टिक यानी वैरिफाइड अकाउंट के लिए फीस लगाने के साथ ही एलन मस्क ने ट्विटर का मशहूर नीली चिड़िया वाला लोगो बदलकर कर एक्स कर दिया. जुलाई, 2023 में भारतीय कंपनियों ने रूसी तेल कंपनियों को रूबेल के बदले चीनी मुद्रा युआन में भुगतान करना आरंभ किया. जुलाई में ही नाइजर के राष्ट्रपति मोहम्मद बजौम को एक तख्तापलट के ज़रिये पद से हटा दिया गया था. अगस्त, 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना यान सफलतापूर्वक उतरने वाला भारत, विश्व का पहला देश बना. उसी महीने अमेरिका के हवाई स्थित माउई द्वीप पर भीषण आग में 100 से अधिक लोग मारे गये. इस भयावह आग ने 17 हज़ार एकड़ हरियाली को राख में बदल दिया था.
24 अगस्त, 2023 को ख़बर आई कि वैगनर समूह के नेता येवगेनी प्रिगोझिन की विमान दुर्घटना में मौत हो गई है. येवगेनी प्रिगोझिन रूसी सैन्य कमांडर थे, जिन्होंने पुतिन को सत्ता से हटाने के वास्ते वैगनर ग्रुप बनाया था. 8 सितंबर को अफ्रीकी देश मोरक्को में 6.8 तीव्रता के भूकंप में 2900 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई. इसी दिन भारत में जी-20 बैठक की तैयारी चल रही थी और विदेशी मेहमानों के आने का दौर जारी था. एशियाई खेल 23 सितंबर को शुरू हुए, जहां भारत ने 100 से अधिक मेडल हासिल किये. उसी महीने 92 साल के मीडिया मुग़ल रूपर्ट मर्डोक ने रिटायरमेंट लेने की घोषणा की. हमास और इजराइल के बीच एक बार फिर साल 2023 में युद्ध भड़क गया. 7 अक्तूबर को सुबह-सुबह हमास ने इजराइल पर बड़े स्केल पर हमला किया. पूरी दुनिया हिल-सी गई. मल्टी मिसाइल हमलों ने इजराइल के मशहूर एंटी मिसाइल सिस्टम आयरन डोम को भी गच्चा दे दिया. इस हमले में कोई 1200 इजराइली नागरिक मारे गये. ढाई सौ से अधिक लोगों को हमास ने बंधक बना लिया. जवाबी हमले में इजराइल ने 21 हज़ार से अधिक फिलस्तीनियों को गाज़ा वाले इलाके में मार डाला. इस बीच लगभग 100 बंधकों की रिहाई हुई है, लेकिन लड़ाई थम-थम के हो रही है. 13 दिसंबर, 2023 को डोनाल्ड टस्क पोलैंड के नए प्रधानमंत्री चुने गए. पोलिश संसद के सदस्यों ने देश की संसद में विश्वास मत हारने के बाद पोलैंड के प्रधानमंत्री बनने के लिए डोनाल्ड टस्क का समर्थन किया है. साल के आख़िर में संयुक्त राष्ट्र ने एक नई रिपोर्ट में कहा कि म्यांमार ने अफीम उत्पादन के मामले में अफगानिस्तान को काफी पीछे छोड़ दिया है.

• बोधि-वृक्ष | ओशो



## ईमानदारी की अपेक्षा

एक गांव में एक पशुपालक रहता था जो दूध से दही और मक्खन बना, बेचकर रोजी चलाता था. हमेशा की तरह आज भी उसकी पत्नी ने मक्खन तैयार करके दिया और वह उसे बेचने के लिए अपने गांव से शहर की तरफ निकल पड़ा. मक्खन गोल पिंडी के आकार में होता था और प्रत्येक पिंडी का वज़न एक किलो था. शहर में किसान ने उस मक्खन को हमेशा की तरह अपने रोज के दुकानदार को बेच दिया. बदले में दुकानदार से चायपत्ती, चीनी, तेल, साबुन, मसाले व दालें वगैरहा खरीदकर वापस अपने गांव चला गया. किसान के जाने के बाद, दुकानदार को मक्खन फ्रिज़र में रखते हुए सहसा खयाल आया कि क्यूं ना आज एक पिंडी का वज़न कर ही लिया जाए. वज़न करने पर पिंडी सिर्फ 900 ग्राम उतरी. हैरत और संदेह से उसने सारी पिंडियां तोल डाली. प्रत्येक पिंडी 900-900 ग्राम ही थी. व्यापारी छले जाने के विषाद से भर उठा. अगले हफ्ते किसान हमेशा की तरह मक्खन लेकर जैसे ही दुकानदार की दहलीज़ पर चढ़ा. दुकानदार आक्रोश में चिल्लाते हुए किसान से कहा कि वह दफा हो जाए, उसे किसी बे-ईमान और धोखेबाज़ व्यक्ति से व्यापार नहीं करना!! एक किलो बताकर 900 ग्राम मक्खन थमानेवाले धूर्त की वह शक्ल भी देखना नहीं चाहता. किसान ने अनुनय विनय की. बड़ी ही विनम्रता से दुकानदार से कहा ₹मेरे भाई, मैं धूर्त नहीं हूं. मुझ पर संदेह न करो, हम गरीब अवश्य है किन्तु ठग नहीं. हमारे पास एक पुरानी सी तुला है, तोलने के लिए बाट (वज़न) खरीदने की हमारी हैसियत नहीं, इसलिए जो एक किलो चीनी आपसे तुलवाकर ले जाता हूं, उसी पैकेट को तराज़ू के एक पलड़े में रखकर, दूसरे पलड़े में भारोभार मक्खन तोल लेता हूं. दुकानदार को अब समझ में आ गया कि बेईमानी किसान नहीं कर रहा था, बल्कि वह स्वयं ही बेईमानी कर रहा था, जो आज प्रकाश में आ गया. उसकी बेईमानी की पोल-पट्टी अनजाने में ही खुल गयी. इसीलिए कहा है कि जो शीशे के घर में रहता हो, उसे दूसरों के घर पर पत्थर नहीं फेंकना चाहिए. दुनिया से ईमानदारी चाहने से पहले, हमें अपने गिरेबान में झांक कर अवश्य देख लेना चाहिए कि हम स्वयं दुनिया के साथ कितने ईमानदार है.

# खाद्य प्रसंस्करण : चुनौतियां और संभावनाएं

• उद्यम

कुणाल

भारत अपने फलों और सब्जियों के उत्पादन की एक बड़ी मात्रा को नष्ट होने से बचाने के लिए सदैव संघर्षरत रहा है. उत्पादन केंद्रों से लेकर अंतिम उपभोक्ताओं तक बर्बादी को नियंत्रित करते हुए, लॉजिस्टिक्स को बेहतर ढंग से संभालने पर ध्यान केंद्रित किया गया है. अब, घाटे को और कम करने के प्रयास में, केंद्र ने ई-कॉमर्स प्रमुख अमेज़न द्वारा विकसित एक प्रौद्योगिकी उपकरण को शामिल किया है, जो वाई-फाई-सक्षम आईओटी (इंटरनेट ऑफ थिंग्स) कैमरों की सहायता से ताजा उपज में अंतर्निहित दोषों की पहचान करता है. भारत फलों और सब्जियों का एक बड़ा उत्पादक है, जहां उत्पादन दूर होने के कारण काफी बर्बादी होती है. इसलिए नुकसान को न्यूनतम करने के लिए एक मजबूत खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की आवश्यकता है. उत्पादन बढ़ाने और कृषि में विविधता लाने के अपने मिशन में, साथ ही उत्पादकों की आय बढ़ाने के लिए, केंद्र देश भर में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का तेजी से विस्तार करके कृषि उपज में मूल्य जोड़ रहा है. उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षमता के निर्माण के महत्व को मुख्य रूप से निम्नलिखित कारणों से रेखांकित किया गया है- पहला, चूंकि प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की घरेलू और विदेशी दोनों बाजारों में बढ़ती मांग देखी जा रही है, इससे फसल विविधीकरण शुरू हो जाता है और परिणामस्वरूप किसानों की आय में वृद्धि होती है. दूसरा, फसल कटाई के बाद भोजन की बर्बादी, विशेष रूप से फलों और सब्जियों जैसी मौसमी और खराब होने वाली वस्तुओं की बर्बादी, एक राष्ट्रीय चिंता का विषय है और किसानों के लिए आय को नष्ट करने वाली भी है. इसलिए, किसानों को प्रसंस्करण और विपणन संगठनों के साथ निर्बाध रूप से जोड़ने वाली टिकाऊ आपूर्ति श्रृंखला बनाना आवश्यक है. तीसरा, खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के माध्यम से स्थानीय खुदरा दुकानों और निर्यातों तक फार्म गेटों से मजबूत बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज का निर्माण करके, इस तेजी से बढ़ते क्षेत्र में अपने विभिन्न कौशल सेटों के साथ बड़ी रोजगार सृजन क्षमता है. वास्तव में, यह क्षेत्र नौकरियों की तलाश में ग्रामीण फसल उत्पादक केंद्रों से शहरी क्षेत्रों में प्रवास को हतोत्साहित करने में मदद करता है. चौथा, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ कृषि के व्यावसायीकरण को बढ़ावा देते हैं, जिससे किसानों को दलालों द्वारा मूल्य हेरफेर और शोषण से मुक्ति मिलती है. इन सबके साथ, न केवल प्रसंस्करण कारखानों में कोल्ड चेन के माध्यम से कृषि उपज की ताजगी को संरक्षित किया जाता है, बल्कि खाद्य उत्पादों में मूल्यवर्धित होने से शेल्फ-जीवन भी बढ़ जाता है और भोजन की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होता है. कुल मिलाकर, यह सभी आय वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय अपनी 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में कहता है: '2020-21 तक पूर्व के पांच वर्षों के दौरान, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र लगभग 4.87 की तुलना में 8.38 प्रतिशत की वार्षिक औसत दर से बढ़ रहा था. खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद, रोजगार और निवेश में अपने योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण खंड बनकर उभरा है. 2020-21 में सामयिक मूल्य आधार पर विनिर्माण और कृषि क्षेत्र का जीवीए 10.54 प्रतिशत और 11.57 प्रतिशत था. वास्तव में, नई दिल्ली ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों और स्थानीय स्तर पर उत्पादित खाद्य उत्पादों के संबंध में ई-कॉमर्स सहित व्यापार में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति दी है. एपीडा के अनुसार, 2022-23 में देश को 7,194.13 करोड़ रुपये ($895.34 मिलियन) का एफडीआई प्राप्त हुआ. उद्योग को बढ़ावा देने के लिए, पिछले कुछ वर्षों में देश के बड़े खुदरा विक्रेताओं के पास सुपर स्टोर और छोटे आकार के अन्य आउटलेट हैं, जिनकी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग में बड़ी उपस्थिति है, जो ज्यादातर तीसरे पक्ष (या व्यापारी उत्पादकों) के स्वामित्व वाले कारखानों का उपयोग करते हैं. अब उन प्रौद्योगीकियों और उनके उत्पादों को सख्त गुणवत्ता जांच के अधीन करना आवश्यक है.मार्च 2021 में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की शुरुआत एक स्वागतयोग्य घटना थी, जिसे 2021-22 और 2026-27 के बीच लागू किया जाना था.

> खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय 2022-23 की वार्षिक रिपोर्ट में कहता है: '2020-21 तक पूर्व के पांच वर्षों के दौरान, खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र लगभग 4.87 की तुलना में 8.38 % की वार्षिक औसत दर से बढ़ रहा था. खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद, रोजगार व निवेश में अपने योगदान के मामले में भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण खंड बनकर उभरा है.

# बेराजगारी पर राष्ट्रीय विमर्श समय की मांग

• सामयिकी

राम पुनियानी

13 दिसंबर 2023 को दो युवक संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था को चकमा देते हुए दर्शक दीर्घा से सदन के अंदर कूद गए, जहां उन्होंने पीले रंग की एक गैस हवा में छोड़ी. इससे सदन में हंगामा मच गया. पूरी योजना चार युवाओं द्वारा बनाई गई थी जो बेरोजगारी की ओर देश का ध्यान आकर्षित करना चाहते थे. इन युवाओं में से एक आटो रिक्शा चालक और एक किसान था, एक सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था और एक दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी था. इन सभी को कर्नाटक से निर्वाचित सांसद प्रताप सिम्हा द्वारा दर्शक दीर्घा के पास उपलब्ध करवाए गए थे. इनमें से दो, जो भवन के अंदर घुसे थे, ने अपने जूतों में गैस के कैन छुपाए हुए थे. सन् 2001 में इसी दिन (13 दिसंबर) संसद पर आतंकी हमला हुआ था और युवाओं के सदन में कूदने से पहले सांसदों ने उस हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी थी. युवाओं के जिस समूह ने इस घटना की योजना बनाई थी, उसमें स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त 42 वर्ष की नीलम आजाद और 22 वर्ष के सागर शिंदे शामिल थे. जिस समय उनके दो साथी सदन के अंदर गैस छोड़ रहे थे. इन युवाओं, जिन्हें अवैध गतिविधियां निरोधक अधिनियम (यूएपीए) के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया है, ने बढ़ती हुई बेरोजगारी के मुद्दे को राष्ट्रीय विमर्श के केन्द्र में लाने का अत्यंत प्रभावी प्रयास किया है. भगत सिंह और उनके कामरेडों ने बम फेंकने का निर्णय इसलिए लिया था, क्योंकि उन्हें अच्छी तरह पता था कि समाचारपत्रों में उनके विचारों को कोई स्थान नहीं मिलेगा. इस समय भी स्थिति ठीक यही है. मुख्यधारा का मीडिया, जिसे 'गोदी मीडिया' का अत्यंत उपयुक्त नाम दिया गया है, का आम लोगों के सरोकारों और परेशानियों के प्रति पूर्णतः उपेक्षापूर्ण रवैया है. बढ़ती मंहगाई, हंगर इडेक्स में भारत की गिरती स्थिति और बेरोजगारों की दिन-ब-दिन बड़ी होती फौज मीडिया को न तो नजर आ रही है और ना ही उसे इनसे कोई मतलब है.मोदी ने 2014 के आम चुनाव के लिए प्रचार के दौरान वायदा किया था कि सत्ता में आने के बाद भाजपा की सरकार हर वर्ष रोजगार के दो करोड़ अवसर निर्मित करेगी. असल में हुआ इसके उलट. नोटबंदी के कारण लघु उद्योगों और गांवों और छोटे शहरों में करोड़ों लोगों ने अपनी नौकरियां और काम-धंधे खो दिए. यह सरकार बड़े कारपोरेट घरानों के पूर्ण नियंत्रण में है और रोजगार के अवसरों के सृजन के बारे में सोच भी नहीं रही है. उल्टे कुछ कुबेरपति (नारायण मूर्ति) लोगों से हफ्ते में 70 घंटे काम करने के लिए कह रहे हैं. असंगठित क्षेत्र में प्रति कार्यदिवस काम के घंटे पहले ही 8 से बढ़कर 12 हो चुके हैं. द इकानामिक टाईम्स' में प्रकाशित एक खबर कहती है कि- 'सेंटर फॉर मानिटरिंग इंडियन इकानामी' के आंकड़ों के अनुसार बेरोजगारी की सकल दर, जो सितंबर में 7.09 प्रतिशत थी, पिछले माह बढ़कर 10.05 प्रतिशत हो गई. यह मई 2012 के बाद से अब तक की उच्चतम दर है. इसी अवधि में ग्रामीण बेरोजगारी की दर 6.2 प्रतिशत से बढ़कर 10.82 प्रतिशत हो गई. शहरी बेरोजगारी में मामूली गिरावट आई और यह 8.44 प्रतिशत रही. इसी समाचारपत्र ने 1 नवंबर 2023 को प्रकाशित एक खबर में लिखा, 'पिछले महीने इंफोसिस लिमिटेड व विप्रो लिमिटेड सहित कई ऐसी भारतीय कंपनियों, जो तकनीकी सेवाओं की आउटसोर्सिंग करती हैं, ने घोषणा की है कि वे नए स्नातकों को काम देने की अपनी योजनाओं को विराम दे रही हैं. इसका मतलब यह है कि कालेजों से निकलने वाले हजारों इंजीनियरिंग डिग्रीधारी बेरोजगार रहेंगे'. इस सबके बीच प्रजातांत्रिक विरोध के लिए स्थान और अवसर सिकुड़ते जा रहे हैं.यह साफ है कि ये युवा किसी आतंकी या अतिवादी समूह या संगठन से जुड़े हुए नहीं हैं. यह भी अच्छा है कि इनमें से कोई मुसलमान नहीं है वर्ना इस घटना का इस्तेमाल भी इस्लामोफोबिया को और हवा देने के लिए किया जाता.यह तो कोई नहीं कह सकता कि अपनी बात रखने के लिए इन युवाओं ने जो तरीका अपनाया वह ठीक था, मगर उन्हें खलनायक के रूप में प्रस्तुत करने या उनके पीछे किसी बड़ी शक्ति को ढूंढने की कोशिश करने की बजाय उनके दर्द, उनके सरोकार और उनके संदेश को समझने की कोशिश होनी चाहिए. यही हमारे देश के प्रजातांत्रिक होने का सुबूत है.

> 'सेंटर फॉर मानिटरिंग इंडियन इकॉनामी' के आंकड़ों के अनुसार बेरोजगारी की सकल दर, जो सितंबर में 7.09% थी, पिछले माह बढ़कर 10.05% हो गई. यह मई 2012 के बाद से अब तक की उच्चतम दर है. इसी अवधि में ग्रामीण बेरोजगारी की दर 6.2% से बढ़कर 10.82% हो गई. शहरी बेरोजगारी में गिरावट के साथ यह 8.44% रही.

## मीडिया में अन्यत्र

# पूर्व भारतीय नौसैनिकों को राहत

**आठ पूर्व** भारतीय नौसैनिकों को अक्टूबर में दी गई मृत्युदंड की सजा को कम करने संबंधी कतर की अपीलीय अदालत का फैसला उन नौसैनिकों और उनके परिवारों के लिए एक बड़ी राहत है. साथ ही, यह सरकार के लिए भी राहत भरी बात है, जो सजा में नरमी के लिए राजनयिक माध्यमों का सहारा ले रही है. अदालत के ऐलान के 24 घंटे से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी जहां विस्तृत फैसले की प्रतीक्षा की जा रही है, वहीं दोषसिद्धि को कायम रखा जाना निराशाजनक है. सरकार और नौसैनिकों के परिवारों को अब कतर के 'कोर्ट ऑफ कैसेशन', जो वहां की न्याय प्रणाली में उच्चतम अदालत है, में समीक्षा याचिका दायर करने से पहले अपनी कानूनी रणनीति और उनकी बेगुनाही के सबूतों का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए. अगर न्यायिक अपील के सभी रास्ते बंद हो जाते हैं, तो सरकार के पास तीन विकल्प होंगे. पहला, कतर के सत्तारूढ़ अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी पर सजा की समीक्षा के लिए दबाव डालना जारी रखना. अगर यह तरीका विफल रहता है, तो नौसैनिक क्षमादान की अपील कर सकते हैं और माफी मांग सकते हैं, जो कतर के शासकों ने अतीत में दी है. सजा पाए व्यक्तियों के हस्तांतरण से संबंधित 2015 के द्विपक्षीय समझौते के मुताबिक, एक बार कारावास की अवधि स्पष्ट हो जाने के बाद, इन नौसैनिकों के लिए तीसरा विकल्प भारत में अपनी सजा पूरी करनी होगी. हालांकि, इस विकल्प के लिए उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि उनकी दोषसिद्धि को पलटा नहीं जा सकता है. इस प्रक्रिया के माध्यम से, सरकार को उच्चतम स्तर पर राजनयिक और राजनीतिक प्रयास करते हुए दिखते रहना चाहिए ताकि यह बताया जा सके कि ये नौसैनिक भारत के लिए प्राथमिकता हैं. महत्वपूर्ण है कि यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कतर के नेतृत्व के साथ पहली बार सार्वजनिक रूप से संपर्क साधने के बाद सामने आया है. मोदी ने 1 दिसंबर को कॉप 28 के मौके पर कतर के अमीर से मुलाकात की थी. अगस्त 2022 में इन नौसैनिकों की गिरफ्तारी के बाद, यह सवाल अब बेमानी है कि इस किस्म का राजनीतिक संपर्क या दोहा के लिए एक उच्च-स्तरीय मिशन का कदम पहले ज्यादा फायदेमंद होता. यह वाकई काबिलेतारीफ है कि नई दिल्ली ने, कनाडा के आरोपों पर अपनाए गए रवैये के उलट, इस मसले पर कोई सार्वजनिक बयानबाजी नहीं करने का फैसला किया है. (द हिंदू)



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### मधु/मधुक

**जब** भगवती दुर्गा और महादैत्य महिषासुर के बीच हो रहा महासंग्राम अंतिम चरण में पहुंच चुका था, तब महिषासुर देवी को मारने के लिए पूरी शक्ति के साथ उपद्रव करते हुए जोर-जोर से गर्जन करने लगा. तब भगवती दुर्गा ने कहा-गर्ज गर्ज क्षण मूढ मधु यावत् पिबाम्यहं, मया त्वयी हतेऽत्रैव गर्जयिष्यन्ति देवताः. यानी अरे मूर्ख, जबतक मैं मधु पीती हूं, तबतक तुम खूब गरज लो. मेरे द्वारा जब यहां तुम्हारा वध होगा, तब इसी प्रकार देवतागण गरजेंगे.विद्वत समाज में मधु शब्द के विभिन्न अर्थ निकाले जाते हैं. सबके सामने यही प्रश्न लहराता रहता है कि रणक्षेत्र में भगवती दुर्गा क्या पी रही थीं. जो पी रही थीं क्या वह मद्य था या शहद? इस बहस का हल ढूंढने केलिए मधु शब्द पर विचार आवश्यक है. हिंदी शब्दसागर के अनुसार मधु संस्कृत मूल का तत्सम संज्ञा पुल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है पानी, जल, शराब, फूलों का रस यानी शहद, मकरंद, चैत्रमास जिसे मधुमास कहा जाता है. पुराणों के अनुसार मधु एक दैत्य का नाम है,जिसने अपने भाई कैटभ के साथ ब्रह्मा की हत्या करने चला था, जिसका भगवान विष्णु ने वध किया था. इसलिए उनका नाम मधुसूदन, माधव, मध्वरि पड़ा. मधु का अर्थ दूध, मिसरी, नवनीत, मक्खन, घी भी है और शिव, महादेव, महुए का पेड़, अशोक का पेड़, मुलेठी, अमृत, सुधा, सोमरस, मधुमक्खी का छत्ता, मोम, काव्य शास्त्र के अनुसार एक छंद और संगीत शास्त्र के अनुसार एक राग जो भैरव राग का पुत्र माना जाता है. विशेषण के रूप में मधु का अर्थ मीठा और स्वदिष्ट भी होता है. इन अर्थों के आलोक में इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि भगवती दुर्गा रणक्षेत्र किस पेय पदार्थ का पान कर रही थीं. मधु शब्द से असंख्य शब्दों का निर्माण हुआ है और वे सभी अपने विशिष्ट अर्थ के साथ प्रयोग में आते रहते हैं. उनमें से एक है मधुक, जिसका अर्थ है महुए का पेड़, महुए का फूल, अशोक वृक्ष, सीसा, खजूर का रस.

# नये साल को मनाने से क्या फायदा!

• तीर-तुक्का

बृजेंद्र दूबे




बूढ़े हो गए सभी को मना मना कर. बीवी हों, बच्चे हों, बॉस हो, कोई मानने को राज़ी ही नहीं. निरंतर अनमने प्राणी. ज़िंदगी कट गई इन्हें मनाते मनाते. एक को मनाओ तो दूसरा फैल जाता है. ऐसे में नए साल को भी मनाएं. काहे भाई? बीबी और बॉस को मनाना को समझ लीजिए मजबूरी. पापी पेट का सवाल है वह तो, पर इस नए साल में ऐसे कौन से सुर्खाब के पर लगे हैं, जिसकी वजह से इसे मनाया जाए. अब कोई हमें यही बता दे कि भैया इकतीस दिसंबर और एक जनवरी में अंतर क्या है? जहां इकतीस को सूखा था, वहां एक को भी कड़की है. जो पिछले साल तर थे, वे नए साल में भी मलाई खाएंगे. तुम अपनी देख लो, तुम कहां खड़े हो? तीन चौथाई बोतल पी कर आधी रात तक ठिठुरती सड़कों पर कूदना फांदना है, दांत किटकिटाते पुलिस वाले भैया को ही मुंह सूंघने का मौक़ा देना है तो इकतीस दिसंबर की रात का इंतज़ार करने की क्या ज़रूरत है? और फिर एक की सुबह सर फटेगा, हैंग ओवर होगा. तुम्हारा ख़ाली पर्स तुम्हें बद्दुआएँ देगा, सो अलग. अलग कुछ और होगा नहीं. तुम्हारी ज़िंदगी में. वही तुमसे पीछा छुड़ाने को आतुर प्रेमिका. वही नाराज़ बीवी. वही खूसट बॉस. ख़ाली जेब और भन्नाता दिमाग़ देख कर ये और भी विकराल रूप धारण कर लेते हैं. नया साल इन प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में ठेका नहीं लगा पाता. ऐसे में आप घुटनों पर आते है. इन्हें मनाते हैं. मनाते ही रहते हैं और फिर इकतीस दिसंबर चला आता है. मनाएं हम उसे, जो अपना हो. जिससे लगाव हो. जिसके छोड़ कर चले जाने से, अनमने होने से नुक़सान होने का और अकेले रह जाने का खतरा हो. नए साल की उछल-कूद इनमें से किसी मापदंड पर खरी नहीं उतरती. आप मनाए या न मनाएँ यह तो आकर रहेगा. इसके आने पर झूमने गाने से आपको लड्डू पेड़े मिलेंगे, ऐसा भी नही. आप चाहें कि इससे जल्दी पीछा छूट जाए यह भी मुमकिन नही. तो फिर इसके आने पर धमाचौकड़ी मचाने का क्या मतलब है, यह मेरी समझ से बाहर है. सो बेटा, छोड़ो चोंचले ये नए साल के. इन फिरगियों की नक़ल में कुछ नही धरा. भारतीय संस्कृति का सम्मान करो. मंदिर हो आओ पड़ोस के. मनाना ज़रूरी हो तो होली दिवाली मना लो. ईद पर गले मिल लो नाराज पड़ोसी से. अपने अनमने बाप के हाल-चाल पूछ लो. वक्त पर सो जाओ. वक्त पर उठो. मन लगाए रहो अपने काम में. जो मनाने लायक़ हो, उन्हें ही मनाओ. राज़ी रखो बीवी और बॉस को. कहीं इनने तुम्हारा पत्ता काट दिया तो न घर के रहोगे, न घाट के. यह नया साल फिर हथेली लगा नहीं पाएगा. अब हम तो बाल सफ़ेद कर चुके ये ग़लतियां कर कर के. ऐसे में ज्ञान बांटने की पात्रता आ चुकी हमें. सो वही कर भी चुके. आगे की सूचना यह कि हम तो नहीं मना रहे नए साल को. अब आप अपनी देख लो ,क्या करना है.

# सुकून

मोटिवेशन

## आइए, 2024 को फलदायक बनाएं



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

आपका वर्ष 2023 कैसा रहा? लगभग 85% लोगों का जवाब होगा - ठीक ही था. 10% लोगों का जवाब होगा - बुरा या बहुत बुरा. सिर्फ 5% लोगों का जवाब होगा - काफी अच्छा, शानदार. हर वर्ष लगभग यही जवाब मिलता है, और प्रतिशत भी यही रहता है. इसका कारण क्या है? इसका कारण है 95% लोग बिना किसी प्लानिंग की जिंदगी जिए जा रहे हैं. जनवरी माह में किसी दिन नववर्ष का जश्न मना लेते हैं और गाड़ी पुनः पुरानी पटरी पर दौड़ने लगती है. आइए, वर्ष 2024 के लिए थोड़ी प्लानिंग की जाए, कुछ लक्ष्य निर्धारित किया जाए, कुछ संकल्प लिया जाए ताकि यह वर्ष हमारे लिए ज्यादा फलदायक और यादगार साबित हो. ये सारे संकल्प ऐसे हैं, जिन्हें बहुत आसानी से हम अपनी जिंदगी पर लागू कर सकते हैं.

1. **मोबाइल :** सुबह उठने के साथ मोबाइल हाथ में न लें. सुबह का समय बहुमूल्य होता है. सिर्फ स्क्रोल करने में आधा से एक घंटा चला जाता है. इसलिए सुबह नाश्ता करने के पहले तक मोबाइल से परहेज करें.

2. **मुस्कुराना :** सुबह उठकर मुस्कुराते हुए बोलें कि आज का दिन हमारे लिए शुभ होगा और शानदार गुजरेगा. इससे हमारे दिमाग में एक पॉजिटिव मैसेज जाता है और वह खुद को एक अच्छे दिन के लिए प्रिपेयर करता है.

3. **अपने बिस्तर को साफ करना :** सुबह उठकर हमें रजाई कंबल को फोल्ड करना है और बेड को साफ करना है. इससे खुद में यह महसूस होता है कि हम सुव्यवस्थित ढंग से एक अच्छे दिन की शुरुआत कर रहे हैं.

4. **व्यायाम :** इस वर्ष हम ठान लें कि सुबह में थोड़ी देर कसरत जरूर करेंगे. कसरत शरीर को ऊर्जा देता है, हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है. अगर सुबह सम्भव न हो तो शाम में.

5. **स्वस्थ नाश्ता :** हम ठान लें कि सुबह का नाश्ता हम समय पर लेंगे और स्वास्थ्यवर्धक नाश्ता लेंगे. सुबह का नाश्ता सही ढंग से करने से शरीर रूपी मशीन सारा दिन ठीक से काम करता है.

6. **तारीफ :** हम यह नियम बना लें कि रोज कम से कम एक व्यक्ति की तारीफ जरुर करेंगे, इससे ज्यादा लोगों की भी कर सकते हैं. तारीफ करने से हमारा रिश्ता बेहतर होता है और हमें खुद में अच्छा फील होता है.

7. **सोशल साइट्स से दूरी :** अगर हम गौर करेंगे तो पाएंगे कि 2023 में हमने सोशल साइट्स जैसे कि फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, यूट्यूब पर काफी समय बर्बाद किया है. इस साल हमें इनका सीमित प्रयोग करना है. समय बर्बाद करने वाला कोई काम नहीं करना है.

8. **शौक या हॉबी :** इस वर्ष कुछ न कुछ अच्छे शौक को अपनाएं. कोई म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट सीखें या फिर गार्डनिंग, कुकिंग, रीडिंग, ट्रैवलिंग को अपनी हॉबी के लिस्ट में शामिल करें.

9. **दीर्घ सूत्रता :** इस बार हम यह ठान लें है कि हम कोई भी काम कल पर नहीं टालेंगे. जो सीखना है, सीखेंगे. जो काम करना है उसे तुरंत करेंगे. देखिएगा, अंत में इसका परिणाम बहुत अच्छा साबित होगा.

10. **उत्साह :** हर दिन को उत्साहपूर्वक जीना है. अगर अंदर से जोश हो तो सारी समस्याएं बैक सीट ले लेती हैं. इस वर्ष हम ठान लें की हर दिन हम एक नए जोश के साथ जिएंगे. जो काम करेंगे, खुशी से करेंगे, मन लगाकर करेंगे.

**मूल मंत्र :** लक्ष्य प्राप्ति के लिए शिव खेरा ने बहुत सही सलाह दी है- अपने लक्ष्य को लिखिए और उसे अपने सामने रखकर सुबह-शाम पढ़ा कीजिए. यही बात ऊपर लिखे संकल्पों पर भी लागू होती है. हम ऊपर वाले संकल्पों को तभी हासिल कर पाएंगे, जब वे हमें याद हों. हम इन संकल्पों को याद रखें और उनपर अमल करें. हमारा आज तो बेहतर होगा ही, कल शानदार हो जाएगा.

## तूने वादा किया था, याद तो कर...

आदतन तूने कर दिए वादे, आदतन हमने एतबार किया.....नए साल के आगाज पर हमारा खुद से हर साल किया जाने वाला संकल्प जनवरी गुजरते गुजरते गुलजार की इन पंक्तियों की याद दिला जाता है. बेशक हर संकल्प को छोड़ने के पीछे कोई न कोई वजह हम गिना देते, पर दिल कहीं न कहीं इन बहानों पर पूरे साल शायर नासिर काजमी की पंक्तियों की तरह कह ही देता है...तेरी मजबूरियां दुरूस्त पर, तूने वादा किया था, याद तो कर... एक रिसर्च के अनुसार नए साल पर लिए जाने वाले संकल्प को दस में से चार लोग दूसरे दिन ही छोड़ देते हैं. क्यों न हम कोई महान संकल्प लेने की बजाय ऐसे संकल्प लें जिसे बीच मंझधार में छोड़ने का अफसोस न हो. बहरहाल नए साल के संकल्प को छोड़ने के बहानों पर चर्चा ताकि उनकी पहचान कर हम खुद से ऐसे वादे करें जो निबाह सकें....

### ▪ क्या करें, वक्त ही नहीं मिलता

नियमित व्यायाम, पढ़ने, स्वास्थ्य की जांच आदि के संकल्प सबसे अधिक लिए जाते हैं. खुद से किया गया यह वादा भी कुछ हफ्ते बाद दम तोड़ देता है, बहाना यही कि क्या करें, वक्त ही नहीं मिलता. इस बहाने की शायद दरकार नहीं रहे यदि हम समय पर काम करने की आदत पर ध्यान दें.

### ▪ महंगाई मार गई

यह जुमला तो हर समय हमारी जुबान पर रहता. ऑनलाइन शॉपिंग, दोस्तों के साथ मस्ती, फिजूल की खरीदारी के बाद जब बात बैंक बैलेंस, किसी बड़े निवेश या सार्थक काम की आती है तो पैसों की किल्लत पर हम यही बहाना ठोक देते हैं. आमदनी की तुलना में अधिक खर्च किस जमाने में नहीं रहा. बेहतर हो हम अपनी आमदनी को देखते हुए ही साल के पहले दिन से ही खर्च का हिसाब किताब रखें.

### ▪ फिगर घर गृहस्थी वालों के लिए नहीं

ये बहाना अधिकतर महिलाएं मारती हैं. काम के बीच जब समय मिला खा लिया, खुद के लिए हेल्दी फूड हम कहां बना पाते, बच्चों का बचा खाना हमें ही खाना पड़ता है आदि बहाने सुना कर महिलाएं अपने मोटापे पर पर्दा डालती हैं. बेहतर हो बच्चों के प्लेट में उतना ही परोसें जितना वह खुद खा सके, बनाते समय भी मात्रा के साथ स्वास्थ्य का ध्यान रखें. बच्चों के साथ खुद के भी स्वास्थकर भोजन का ध्यान रखें. इस मामले में उनका आदर्श बनिए क्योंकि बच्चे देख कर ही तो अधिक सीखते.

### ▪ हर बार पहल मैं ही क्यों करूं

एकल परिवार के बढ़ते चलन के बीच रिश्तों में आई दूरियों का एक बड़ा कारण हमारा यह बहाना ही है. हर साल हम परिजनों के साथ रिश्तों मिठास घोलने का संकल्प लेते हैं और फिर यहीं आकर बात खत्म हो जाती है कि वे फोन नहीं करते, तो मैं ही क्यों करूं. फोन के पहल का अहम छोड़ कर देखें, गर रिश्ते में मधुरता बढ़ती है तो और निवेश करें.

बहानों की लंबी सूची है. दरकार इस बात की है कि इस साल यर्थाथपरक संकल्प लें, बहाने छोड़ें और आगे बढ़ें...खुशनुमा पल हमारा ही तो इंतजार कर रहा.

एक्सपर्ट पैनल



अमित कुमार पांडेय
इंटीरियर डिजाइनर



शशांक भारद्वाज
वित्त विशेषज्ञ



अनामिका सिंह
फैशन डिजाइनर

नई उम्मीद, नए जोश के साथ नया साल सामने खड़ा है. आपका आने वाला वक्त अधिक खुशनुमा, अधिक खूबसूरत, और समृद्ध हो, इसके लिए हमने एक्सपर्ट पैनल से जुटाई जानकारी. हमारे एक्सपर्ट बता रहे हैं कि नए साल में इंटीरियर डेकोर का क्या रहेगा ट्रेंड, फैशन डिजाइनिंग में क्या होगा इन और निवेश के लिए किन माध्यमों में जाना अधिक फलदायी होगा...

# खुशनुमा, खूबसूरत, समृद्ध वक्त हमारा



रांची स्थित अपने आवास में साहित्यकार सारिका भूषण.

## प्रकृति के निकट होगा आशियाना





पुबाली दासगुप्ता का आवास

1. नए साल में इंटीरियर डिजाइन में बायोफिलिक का ट्रेंड रहेगा. बायोफिलिक ट्रेंड को सामान्य अर्थों में हम कह सकते हैं कि प्रकृति से निकटता की कोशिश. अपने घर की सजावट में प्रकृति से निकटता के लिए भीतर यथा संभव इंडोर प्लांट लगाते हैं. घर का बाहर भी हरियाली की जितनी गुंजाइश को बरकरार रखते हैं ताकि पक्षियों की चहचहाहट घर बैठे सुनाई दे. धूप-हवा के लिए वेंटिलेशन की भरपूर गुंजाइश रखते हैं.

2. स्पेस की समस्या को देखते हुए वर्टिकल गार्डेन इस साल भी ट्रेंड में रहेगा.

3. इंटीरियर में एयर प्यूरीफायर को पूरी तवज्जो मिलेगी क्योंकि अपने झारखंड में भी प्रदूषण दस्तक देने लगा है.

4. इंटीरियर डिजाइनिंग में फ्लूटेड का दौर लौटेगा. फ्लूटेड एक्रेलिक, फैब्रिक पैनल इस साल इन रहेंगे.

5. स्मार्ट डोर इंटीरियर में इन रहेगा. इसमें फिंगर सेंसर, कोड आदि की सुविधा रहेगी. बेल बजाने वाले की तस्वीर और आवाज आना सिक्यूरिटी और सुविधा के लिहाज से बेहतर है.

6. इंटीरियर डिजाइनिंग में कलर में ग्रह, व्हाइट, टेक्सचर कलर इन रहेगा.



सुकून भरे पलों में अपने आवास में समृद्धि रौशन



आईआईएफटी, रांची के डिजाइनर के कपड़े पहन कर दिल्ली में आयोजित जीआईसीडब्ल्यू के रैंप पर मॉडल.

## रिसाइकिल्ड फैब्रिक का होगा जमाना

1. रिसाइकिल्ड फैब्रिक वर्ष 2024 का मुख्य आकर्षण होगा. भारत समेत दुनिया भर के फैशन डिजाइनर इस पर काम कर रहे हैं. ऑर्गेनिक कॉटन, रिसाइकिल्ड पॉलिस्टर, बांस के बने फैब्रिक... पर्यावरण और फैशन इंडस्ट्री को संतुलित करने वाले ये टेक्सटाइल ट्रेंड करेंगे.

2. नब्बे के दशक का फैशन इस साल वापस नजर आएगा.

3. मेंस फैशन में लूज ओवर साइज्ड जर्सी, लूज शर्ट, शॉट्र्स फैशन में रहेंगे. लंबे जैकेट फैशन के दौर से आउट रहेगा. इनकी जगह शॉर्ट जैकेट का ट्रेंड रहेगा.

4. वर्ष 2024 में मेंस फैशन में बोल्ड कलर्स की वापसी होगी.

5. गर्ल्स/ विमन में हाई राइज जींस, मैक्सी स्कर्ट, कार्गो पैंट ट्रेंड में रहेंगे.

6. वर्ष 2024 में गर्ल्स/ विमन में यलो और ऑरेंज कलर जबर्दस्त इन रहेंगे. इसके अलावा सफेद, पेस्टल और नेचुरल कलर्स स्प्रिंग-समर सीजन में इन रहेंगे.

7. गोल्ड जैवलरी की जगह सिल्वर ज्वैलरी का अधिक ट्रेंड रहेगा.



## फ्लेक्सी कैप फंड में फलदायी निवेश

- 2024 में शेयरों में अच्छी वृद्धि की संभावना है. शेयर मार्केट में वृद्धि का बहुत कुछ संबंध देश की अर्थव्यवस्था से होता है. जितनी अर्थव्यवस्था का आकार बढ़ेगा शेयर मार्केट में भी उतनी ही वृद्धि होगी. भारतीय अर्थव्यवस्था तीव्र गति की वृद्धि में है. अगले कुछ वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की संभावना है. शेयर मार्केट में रुचि तथा प्रतिभागिता बढ़ती जा रही है. ऐसे में वर्ष 2024 में आपकी बचत का एक बड़ा भाग शेयरों के लगाना चाहिए. सावधानी इतनी रखें कि शेयरों का चयन विशेषज्ञों की सलाह से करें एवं निवेश विभिन्न मूल्यों में टुकड़े टुकड़े में करें. अपना शेयर पोर्टफोलियो विविधतापूर्ण रखें. समय समय पर उसका मूल्यांकन करते रहें.
- शेयरों में निवेश पर 20 प्रतिशत का वार्षिक लाभ हो सकता है परंतु ध्यान रखें कि शेयरों में निवेश में रिस्क भी होता है. अतः अधिक प्रतिफल की संभावना के बाद भी पूरी बचत शेयरों में न लगाएं. परंतु कुछ धन का निवेश कुछ रिस्क वाली संपत्ति में भी होना चाहिए क्योंकि वहां रिटर्न भी बहुत अधिक हो सकता है.
- म्यूचुअल फंड भी निवेश का अच्छा माध्यम है. इक्विटी के म्यूचुअल फंड ने विगत कई वर्षों में 18 प्रतिशत से अधिक का प्रतिवर्ष रिटर्न दिया है. म्यूचुअल फंड में भी एसआईपी के द्वारा निवेश करें. अभी फ्लेक्सी कैप फंड अपेक्षाकृत अच्छा रिटर्न दे सकते हैं.
- कुछ राशि का सोना तथा चांदी के ईटीएफ में निवेश करना चाहिए. गोल्ड बॉन्ड भी अच्छा विकल्प है क्योंकि इसमें सरकार की गारंटी है तथा 2 .5 प्रतिशत ब्याज भी मिलता है. सोना हमारे समाज में एक सांस्कृतिक, धार्मिक आवश्यकता भी है. इसलिए भी इसमें कुछ निवेश करते रहना चाहिए. 2024 में भी करें. चांदी एक इंडस्ट्रियल कमोडिटी भी है जिसका उपयोग कई नए उत्पादों में भी होने लगा है. 2024 में इसके मूल्यों में अच्छी बढ़त की संभावना है. विभिन्न मूल्यों पर इसमें निवेश करते रहें.
- तात्कालिक अथवा किसी आपातकालीन स्थिति के लिए फिक्स्ड डिपॉजिट में निवेश किया जाना चाहिए. इसके लिए लिक्विड म्यूचुअल फंड भी अच्छा विकल्प है.
- अधिक अतिरिक्त धन हो तो भूमि भी खरीद सकते हैं पर भूमि उसी धनराशि की खरीदे जो बिल्कुल अलग उपलब्ध हो, उस राशि की आपको अचानक आवश्यकता न पड़े. भूमि निवेश में तरलता का भाव होता. और हां, भूमि नगर से थोड़ी दूर उन स्थानों में खरीदे जहां भविष्य में नगर के विस्तार होने की संभावना हो.
- चिट फंड कंपनियों, अधिक रिटर्न का लालच देने वाली संस्थाओं में बिलकुल भी धन न लगाएं. कहा गया है न लालच बुरी बला. निवेश आपकी आर्थिक आवश्यकताओं, चिंताओं का समाधान है.

## केक की मिठास के साथ नए साल की शुरुआत



डिंपल चौधरी

**नए साल का जश्न और केक की मिठास दोनों जैसे घुले-मिले हैं. मास्टर शेफ समेत कई बड़े कुकरी शो में शिरकत करने और कई अवार्ड अपने नाम करने वाली रांची की डिंपल चौधरी बता रही हैं घर में केक बनाने का आसान तरीका...**

### बनाना टी टाइम केक



**ये चाहिए**

- 3 केले,
- 3/4 कप शक्कर
- 1/4 कप दही
- 1/4 कप बटर
- 2 tbsp तेल
- 2 कप आटा
- 1/4कप मिल्क पाउडर
- 1/2 छोटे चम्मच दालचीनी
- 2 बड़े चम्मच कटे अखरोट
- 1 छोटे चम्मच बेकिंग पाउडर
- 1/2 छोटे चम्मच बेकिंग सोडा
- 1 छोटे चम्मच वैनिल एसेंस
- 1 चुटकी नमक

**ऐसे बनाएं**

मिक्सी के जार में केला और चीनी को क्रीम जैसा होने तक पीस लें. अब दही, बटर और तेल डाल कर मिक्स करें. किसी बर्तन में ये मिक्सचर निकालें और उसमें अब सारी सूखी सामग्रियां, अखरोट और एसेंस डाल कर मिक्स करें. फिर बेकिंग पेपर लगे हुए बेकिंग ट्रे में सारा मिक्सचर शिफ्ट करें. कुछ अखरोट के टुकड़े और केले के पीस ऊपर से डाल कर प्री हीट ओवन में 180 डिग्री पर 45 मिनट तक बेक करें.

### फ्लैक्स सीड ड्राई केक



**ये चाहिए**

- 1/4 कप बटर
- 1/4 कप दही
- 1/2कप शक्कर
- 3/4 कप मिल्क
- 1,1/2 कप मैदा
- 1/4कप मिल्क पाउडर
- 1 छोटे चम्मच बेकिंग पाउडर
- 1/2 छोटे चम्मच बेकिंग सोडा
- चुटकी भ नमक
- 2 बड़े चम्मच भूनी तीसी
- एक छोटा चम्मच कच्ची तीसी
- 2 छोटा चम्मच नट्स
- 1 छोटा चम्मच वनीला एसेंस
- 1 छोटा चम्मच विनेगर

**ऐसे बनाएं**

बटर, दही और चीनी को अच्छे से फेटें, फिर दूध डालकर अच्छे से फिर बीट करें. अब तीसी छोड़ कर सारी सूखी सामग्री डाल कर कट एंड फोल्ड करते हुए मिक्स करें. अब कच्ची तीसी को छोड़ कर बाकी सारे सामाग्री डालें और हल्के हाथों से मिलाएं. रेडी टीन में बैटर डाल कर टैप करें और ऊपर से तीसी डालें. प्री हीट ओवन में 180 डिग्री पर 40 से 45 मिनट तक बेक करें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

### ब्रीफ खबरें

## अमृत भारत चलने पर कार्यक्रम आयोजित

**बेतिया।** जिले के नरकटियागंज जंक्शन पर शनिवार देर रात अमृत भारत ट्रेन के परिचालन के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस दौरान कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे, रामनगर विधायक पद्मश्री भागीरथी देवी, नरकटियागंज विधायक रश्मि वर्मा, चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह, सभापति रीना देवी, उपसभापति पूनम देवी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. इस दौरान संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि यह साल आजादी का अमृत काल चल रहा है.

## बदमाशों ने हथियार से महिला का गला रेता

**नालंदा।** बिहार में अक्सर आपसी विवाद के कई मामले सामने आते रहते हैं. कई बार यह आपसी विवाद खूनी झड़प में बदल जाता है. ऐसा ही एक मामला नालंदा से सामने आया है, जहां आपसी विवाद में एक महिला की गला रेतकर हत्या करने का प्रयास किया गया है. वहीं महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है. दरअसल, यह मामला सिलाव थाना क्षेत्र के नानंद गांव का है, जहां आपसी विवाद में एक महिला पर जानलेवा हमला किया गया है. फिलहाल महिला की हालत गंभीर है और उसे नालंदा से पटना रेफर किया गया है. सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची.

## बदमाशों ने पेट्रोल पंप पर की लूटपाट

**नालंदा।** जिले के हरनौत थाना अंतर्गत गोनावां गांव के समीप स्थित पेट्रोल पंप को शनिवार की शाम बदमाशों ने लूट लिया. कर्मी को मारपीट कर एक लाख नगदी व बस चालक से 10 हजार की लूट की गयी. लूट को अंजाम दे बदमाश फरार हो गया. घटना के बाद इलाके के लोग पुलिस की पहरेदारी पर सवाल उठा रहे हैं, जिसका फायदा लुटेरे उठा रहे हैं. लुटेरों की करतूत सीसीटीवी फुटेज में कैद है, जिसके आधार पर पुलिस बदमाशों के पहचान के प्रयास में जुट गयी है. लूटपाट बीडी फ्यूल सेंटर पर हुई.

# तेज रफ्तार ट्रक ने 4 युवकों को कुचला, तीन की मौत

**संवाददाता। आरा**



**खास बातें**

- एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल, सड़क जाम रही
- घायल युवक को इलाज के लिए पटना रेफर किया गया

जगदीशपुर थाना क्षेत्र में धान लेकर जा रहे ट्रक ने बाइक से जा रहे चार लोगों को कुचल दिया, जिसमें तीनों की मौत हो गयी. मरनेवालों में दो स्कूली छात्राएं शामिल हैं. मृतकों की पहचान आयर थाना के इसाढ़ी वार्ड नंबर 11 निवासी भृगुनाथ शर्मा के 22 वर्षीय पुत्र मनीष शर्मा, मृतक के भाई सहेंद्र शर्मा की 16 वर्षीय पुत्री आंचल कुमारी और शाहपुर थाना के नावाडीह गांव निवासी मामा प्रवीण शर्मा की 8 वर्षीय पुत्री प्रिया कुमारी हैं. जबकि वकील शर्मा गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पटना रेफर किया गया है. हादसा बीती रात की बताया जा रहा है. मृतक व घायल सभी आपस में रिश्तेदार बताए बताए जाते हैं.

हादसे का कारण अनियंत्रित परिचालन व क्षमता से अधिक सवार बताए जा रहे है. मृतक मनीष कुमार शर्मा के चचेरे भाई संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि उसके पिता की तबीयत काफी खराब थी. इसको लेकर उन लोगों द्वारा उन्हें आरा शहर के धरहरा स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था. इसको लेकर मनीष कुमार शर्मा अपने पिता को पहुंचाने के लिए धरहरा स्थित निजी अस्पताल आया था. इसके बाद वह अपनी भतीजी आंचल कुमारी व ममेरी मेरी बहन प्रिया कुमारी को अपने साथ लेकर बाइक से घर लौट रहे रहे था कि उसी बीच हरीगांव गांव के समीप जैसे ही उसने ब्रेक लिया तो वे तीनों बाइक से गिर पड़े. इस दौरान पीछे से आ रहे अनियंत्रित धान लदे ट्रक उन तीनों को कुचल दिया, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी. वहीं ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया.

घटना की सूचना मिलने के बाद जगदीशपुर थाना की पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर ट्रक को जब्त किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजकर मामले की जांच में जुट गयी. बता दें कि मृतक मनीष शर्मा बीए पार्ट वन में आरा में पढ़ाई करता था. आंचल कुमारी 7वीं में पढ़ती थी जबकी प्रिया कुमारी 5वीं की छात्रा थी. वहीं.दुर्घटना के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा. इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने हरिगांव बाजार स्थित एक मुर्गा फार्म व एक पान की गुमटी को आग के हवाले कर दिया. इसके अलावा आक्रोशित ग्रामीणों ने तीन अन्य दुकानो को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया. कुछ देर सड़क भी जाम रही.

### आओ जानें

## बिहार : पशुपालन की स्थिति

| पशुधन (पशुगणना 2019) | संख्या |
|---|---|
| गौ जाति | 15397.980 |
| भैंस जाति | 7719.794 |
| बकरा-बकरी | 12821.216 |
| भेड़ | 213.377 |
| सुअर | 343.434 |
| घोड़ा | 32.176 |
| ऊंट जाति | 0.088 |
| अन्यान्य पशुधन | 12.755 |
| **कृषि औजार (पशुगणना)** | |
| दूध दूहने की मशीन | 9358 |
| चारा काटने की मशीन | 1132788 |
| गोबर इकट्ठा करने की मशीन | 7795 |

### सियासत गरमायी : अवध बिहारी चौधरी ने लालू से की बात

# लालू प्रसाद यादव से मिलने पहुंचे विधानसभा के अध्यक्ष

**संवाददाता। पटना**

बिहार की सियासत इन दिनों गरमायी हुई है. राज्य में कई राजनीतिक बदलाव देखने को मिल रहा है. इसी कड़ी में बिहार विधानसभा के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी लालू प्रसाद यादव से मुलाकात करने पहुंचे हैं. आज साल का आखिरी दिन है और बीते दिन भी कई विधायक लालू यादव से मुलाकात करने पहुंचे थे. वहीं अब अवध बिहारी चौधरी पहुंचे हैं. बताया जा रहा कि



सोमवार को राजद सुप्रीमो लालू यादव की पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी का जन्मदिन है और नए साल की शुरुआत भी हो रही है. इसे लेकर राबड़ी आवास में जोरदार तैयारियां चल रही हैं. वहीं अचानक बिहार विधानसभा के अध्यक्ष का राबड़ी आवास में आने के पीछे बड़ी सियासी वजह भी बताई जा रही है. दरअसल, इन दिनों राज्य की राजनीति में सीएम नीतीश के पलटी मारने के कायस लगाए जा रहे हैं. ललन सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने के बाद सीएम नीतीश ने खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद संभाला है. ऐसे में माना जा रहा है कि राजद भी अलर्ट मोड पर आ गया है. राजद के नेताओं के द्वारा भी अपनी रणनीति बनाई जा रही है. लगातार राजद नेताओं का राजद सुप्रीमो लालू यादव से मुलाकात का दौर शुरू है.

## नीतीश के सामने हाथ जोड़कर सम्राट चौधरी ने कहा- पहले बिहार में तो बोलिए

**पटना।** लोकसभा चुनाव होने में अब कुछ ही महीने बचे हैं. ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिए तमाम कोशिशें कर रही हैं. वहीं जदयू में बड़ी उथल-पुथल के बाद एक बार फिर बिहार के सीएम नीतीश लोकसभा चुनाव को लेकर एक्टिव होने वाले हैं. सीएम नीतीश जल्द ही बिहार सहित अन्य राज्यों के दौरे पर निकलने वाले हैं. दरअसल, लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सीएम नीतीश झारखंड के बाद उत्तर प्रदेश और हरियाणा में रैली करने वाले हैं. मालूम हो कि, ललन सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने के बाद नीतीश कुमार तीसरी बार जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हैं. इसके बाद ही पार्टी ने चुनावी रैलियों का खाका तैयार कर लिया है. सीएम नीतीश झारखंड के रामगढ़ में 21 जनवरी और हरियाणा के रोहतक में 17 फरवरी को रैली करेंगे. वहीं जनवरी माह के अंत तक वह यूपी में भी रैली कर सकते हैं. वहीं सीएम के इन रैलियों को लेकर बिहार बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने निशाना साधा है. सम्राट चौधरी ने सीएम नीतीश के रैलियों पर तंज कसते हुए कहा है कि, मैं तो नीतीश जी के सामने हाथ जोड़ता हूं कि पहले बिहार में तो बोलिए फिर अन्य राज्यों में जाकर बोलिएगा. सम्राट चौधरी ने सीएम पर



उनके विवादित बयानों को लेकर हमला बोला है. वहीं बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के भारत न्याय यात्रा को लेकर भी निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि, राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा नहीं है, भारत तोड़ने का यात्रा है, परिवार को बचाने के लिए यात्रा है. कांग्रेस के लोग भारत जोड़ने की बात करते हैं तो जब गृह मंत्री और प्रधानमंत्री धारा 370 हटा रहे थे तब कांग्रेस पार्टी ने सपोर्ट क्यों नहीं किया. उन्होंने कहा कि, अखंड भारत का सपना जो पंडित चाणक्य ने देखा था उसे सकार करने का काम प्रधानमंत्री कर रहे हैं. भाजपा शुरू से ही भारत को जोड़ने का काम किया है और कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है.

## सुरक्षित यात्रा कराने पटना जंक्शन पहुंची बॉम्ब स्क्वायड

**पटना।** नववर्ष के आगमन पर देश भर में लोगों के बीच उत्साह का माहौल रहता है. इनकी खुशियों में किसी तरह का खलल न पड़े, जिसको लेकर पटना में पुलिस द्वारा सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किया गया है, इसी कड़ी में पटना रेल द्वारा ट्रेनों में यात्रा करने वाले और बिहार आगमन वाले यात्रियों की सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से विशेष अभियान तमाम मुख्य रेलवे स्टेशन पर चलाया गया है, पटना रेल एसपी के नेतृत्व में चलाए गए इस विशेष अभियान में पटना जंक्शन पर प्लेटफार्म स्थित चप्पे चप्पे की तलाशी बॉम्ब स्क्वायड डॉग स्क्वायड, आरपीएफ और रेल पुलिस के नेतृत्व में घंटों अभियान चलाया गया.

# बाइक और 3 लाख के लिए बहू को उतारा मौत के घाट

**संवाददाता। पूर्णिया**

पूर्णिया में एक और नव विवाहिता दहेज की बलिवेदी पर चढ़ गयी. घटना टिकापट्टी थाना के गोरियर पश्चिम का है, जहां नवविवाहिता की मौत का मामला प्रकाश में आया है. मृतका के परिजनों ने ससुराल वालों को हत्या का आरोप लगाया है. दरअसल, घटना के बाबत मृतका खुशबू के परिजनों ने कहा कि खुशबू की शादी 8 जून 2023 को टिकापट्टी के गोडियर निवासी हरेराम महतो से हुई थी. शादी में हैसियत के अनुसार दान दहेज दिया गया था. इसके बावजूद पति और ससुराल वाले दहेज



में मोटरसाइकिल और 3 लाख रुपया देने की मांग को लेकर अक्सर खुशबू को प्रताड़ित करता था. वहीं इस कारण खुशबू भाग कर अपने मायके चली आई थी. पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है.

# ट्रेन बोगी ले जा रहा ट्रक दुर्घटनाग्रस्त

**भाषा। भागलपुर**

बिहार के भागलपुर रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन की एक बोगी को ट्रक की ट्राली पर लादकर स्टेशन की ओर ले जाने के दौरान दुर्घटना हो गयी. ट्रक के अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग से टकरा जाने से ट्रेन बोगी सड़क पर गिर गयी. मालदा रेल मंडल के डीआरएम विकास चौबे ने बताया कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है. उन्होंने बताया कि रेलवे परिसर में एक रेस्तरां बनने जा रहा है, जिसका काम एक एजेंसी को दिया गया है. उक्त एजेंसी द्वारा बोगी को एक ट्रक ट्राली पर लाद कर लाया जा रहा था,



तभी यह हादसा हो गया. चौबे ने बताया कि यह एक सड़क हादसा है, फिर भी रेलवे द्वारा हर संभव सहयोग किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि रेलवे अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं. रेलवे यार्ड में रखी उक्त बोगी से रेस्तरां निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही थी, जिसके चलते इसे ट्रक पर लादकर भागलपुर रेलवे जंक्शन परिसर की ओर लाया जा रहा था, तभी लोहिया पुल के पास मोड़ पर चालक नियंत्रण खो बैठा.



## अरविंद वित्त आयोग का चेयरमैन हुए नियुक्त

**नयी दिल्ली।** सरकार ने रविवार को नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को 16वें वित्त आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया. सरकार ने एक अधिसूचना में कहा कि वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव ऋत्विक रंजनम पांडेय आयोग के सचिव होंगे. इसमें कहा गया, राष्ट्रपति नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अरविंद पनगढ़िया को चेयरमैन बनाते हुए वित्त आयोग का गठन करके प्रसन्न हैं.

## अनुपूरक मांगों के लिए व्यय प्रस्ताव मांगे

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने जनवरी के अंतिम सप्ताह में शुरू होने वाले बजट सत्र से पहले विभिन्न मंत्रालयों और विभागों से अनुदान की अनुपूरक मांगों के दूसरे और अंतिम बैच के लिए व्यय प्रस्ताव मांगे हैं. यह 17वीं लोकसभा का आखिरी सत्र होगा और सरकार लेखानुदान के जरिये जुलाई, 2024 तक चार महीने के लिए संसद से खर्च की मंजूरी मांगेगी.

### विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों-एफपीआई ने किया अच्छा प्रदर्शन

# भारतीय शेयरों में 1.7 लाख करोड़ रुपये डाले

**भाषा। नयी दिल्ली**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस साल यानी 2023 में भारतीय शेयर बाजारों में जोरदार वापसी की है. इस साल अबतक भारतीय शेयरों में एफपीआई ने 1.7 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है. माना जा रहा है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बीच देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते एफपीआई का भारतीय बाजारों के प्रति आकर्षण बढ़ा है. वर्ष 2023 में एफपीआई ने भारतीय बाजारों में जबरदस्त निवेश किया है. दिसंबर माह में एफपीआई का प्रवाह 66,134 करोड़ रुपये रहा है. फिदेल फोलियो के संस्थापक किस्लय उपाध्याय ने कहा कि आगे चलकर भी एफपीआई का प्रवाह मजबूत रहने की उम्मीद है. हालांकि, शेयरों में उनका आवंटन कुछ 'चुनिंदा' हो सकता है. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, वर्ष 2024 में अमेरिका में ब्याज दरों में लगातार कमी की संभावना है. इससे एफपीआई भारतीय बाजार में अपनी खरीदारी बढ़ा सकते हैं. विशेष रूप से आम चुनाव से पहले साल के शुरुआती महीनों में एफपीआई का निवेश ऊंचा रह सकता है. डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में एफपीआई ने शेयरों में शुद्ध रूप से 1.71 लाख करोड़ रुपये और ऋण या बॉन्ड बाजार में 68,663 करोड़ रुपये डाले हैं. इस प्रकार पूंजी बाजार में उनका कुल निवेश 2.4 लाख करोड़ रुपये रहा है. इससे पहले एफपीआई ने वैश्विक स्तर पर केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी के बीच 2022 में शेयर बाजारों 1.21 लाख करोड़ रुपये निकाले थे. 2022 से पहले तीन साल के दौरान एफपीआई ने शेयरों में अच्छा-खासा निवेश किया था. एफपीआई ने 2021 में शेयरों में शुद्ध रूप से 25,752 करोड़ रुपये, 2020 में 1.7 लाख करोड़ रुपये और 2019 में 1.01 लाख करोड़ रुपये डाले थे. अरिहंत कैपिटल के शोध प्रमुख अभिषेक जैन ने कहा, भारत का मजबूत आर्थिक परिदृश्य, भू-राजनीतिक मुद्दों के प्रति जुझारू क्षमता की कहानी इसे एक आकर्षक निवेश गंतव्य बनाती है.




**66,000 करोड़ से अधिक का निवेश अकेले दिसंबर में किया गया**


इस साल शेयरों में 1.71 लाख करोड़ रुपये के निवेश में से 66,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश अकेले दिसंबर में किया गया है. इसकी मुख्य वजह तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत है. इससे देश में राजनीतिक मोर्चे पर स्थिरता बढ़ी है. दिसंबर में शेयरों में भारी निवेश से पहले पिछले तीन माह में एफपीआई का प्रवाह नकारात्मक रहा था. विजयकुमार ने कहा, अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल में लगातार गिरावट से एफपीआई की रणनीति में अचानक बदलाव आया है. ऋण या बॉन्ड बाजार के प्रति भी एफपीआई का आकर्षण फिर लौटा है. इस साल बॉन्ड बाजार में एफपीआई का निवेश शुद्ध रूप से 68,663 करोड़ रुपये रहा है. अकेले दिसंबर में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार में 18,302 करोड़ रुपये डाले हैं. इससे पहले 2022 में एफपीआई ने बॉन्ड बाजार से 15,910 करोड़ रुपये निकाले थे. 2021 में उन्होंने 10,359 करोड़ रुपये और 2020 में 1.05 लाख करोड़ रुपये की निकासी की थी.

## एचडीएफसी बैंक फायदे में टीसीएस-इंफोसिस को घाटा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में लिवाली का दौर रहा. बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 28 दिसंबर को 72,484.34 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया. कम कारोबारी सत्र होने के बावजूद एक सप्ताह में सेंसेक्स 1,133.3 अंक यानी 1.59 प्रतिशत लाभ में रहा. बाजार में आयी तेजी के कारण सेंसेक्स की टॉप 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) सामूहिक रूप से 1,29,899.22 करोड़ बढ़ गया. बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईटीसी, एसबीआई और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) फायदे में रही. वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इंफोसिस घाटे में रही.

**एचडीएफसी बैंक का एमकैप में सबसे अधिक बढ़ोतरी :** समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी




बैंक का बाजार मूल्यांकन 29,828.84 करोड़ बढ़कर 12,97,972.04 करोड़ पर पहुंच गया. एलआईसी के बाजार मूल्यांकन में 25,426.49 करोड़ की बढ़ोतरी हुई और यह 5,27,062.06 करोड़ पर पहुंच गया. भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 24,510.96 करोड़ बढ़कर 5,80,645.54 करोड़ और हिंदुस्तान यूनिलीवर की 20,735.14 करोड़ उछलकर 6,25,778.39 करोड़ पर जा पहुंचा. रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप 13,633.07 करोड़ की वृद्धि के साथ 17,48,827.92 करोड़ पर पहुंच गयी. आईटीसी का बाजार मूल्यांकन 9,164.74 करोड़ के उछाल के साथ 5,76,809.77 करोड़ हो गया.

### स्वप्निल वर्ष स वर्ष निफ्टी ने 20 प्रतिशत का प्रतिफल दिया, लघु तथा मध्यम श्रेणी के शेयरों में कई गुणा तक की वृद्धि

# भारतीय शेयर मार्केट के लिए सर्वोत्तम वर्षों में से एक रहा 2023

वर्ष 2023 भारतीय शेयर मार्केट के लिए सर्वोत्तम वर्षों में से एक रहा 2023. यह एक स्वप्निल वर्ष रहा. इस वर्ष निफ्टी ने 20 प्रतिशत का प्रतिफल दिया, परंतु लघु तथा मध्यम श्रेणी के शेयरों में कई गुणा तक की वृद्धि देखी गई. ये वृद्धि कुछ शेयर विशेष में ही सीमित नहीं थी, एक व्यापक विस्तारित थी. इससे सभी प्रकार के निवेशकों को अच्छा लाभ हुआ,विशेषकर खुदरा निवेशकों को. लाभ होने से शेयर मार्केट के प्रति उनका आत्मविश्वास बढ़ा और बड़ी संख्या में खुदरा निवेशकों का शेयर मार्केट में प्रवेश हुआ, करोड़ों नए डीमैट खाते खुले. निवेशकों की संपत्ति में 81.90 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई तथा भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण 364.28 लाख करोड़ रुपये हो गया. ये मात्र संख्यात्मक आंकड़े नहीं है. इसका अर्थ पिछले वर्ष में 82 लाख करोड़ रुपये की सृजित संपत्ति है, वर्षांत में 364.28 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति का निर्माण हो जाना है. नए निर्गमों में भी लाखो करोड़ रुपये के आवेदन मिलें. ये सारी गतिविधियां यह दर्शाती हैं कि भारत शेयर क्रांति के मार्ग पर हैं. भारतीय शेयर मार्केट में बड़ी वृद्धि अकारण नहीं है, शक्तिशाली आर्थिक कारकों की भी इसमें बड़ी भूमिका है. जीडीपी वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत ,विदेशी मुद्रा भंडार 21 माह के उच्चतम स्तर 620 अरब डॉलर , जीएसटी तथा आयकर संग्रह में अच्छी बढ़त,आधारभूत क्षेत्रों में उत्पादन में 8 प्रतिशत की वृद्धि, विनिर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय बढ़त आदि से भी शेयर मार्केट की तेजी को अच्छा संबल मिला है. वर्ष 2024 में भी यह क्रम बने रहने की,तीव्र होने की भी पूरी संभावना है यदि मोदी सरकार पुनः सत्ता में लौटती है. ऐसे में वर्ष 2024 में निफ्टी के 25000 से 26000 के स्तरों को छूने की संभावना लगती है, जो वर्तमान निफ्टी से 20 प्रतिशत ही अधिक है.



**शशांक भारद्वाज**
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

2023 ने देश के सात प्रमुख नगरों में आवासीय बिक्री 31 प्रतिशत बढ़ी. वाहन बिक्री नए कीर्तिमान बना रही है. ये अर्थव्यवस्था के तीव्र गति का संकेत है.

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भी भारतीय शेयर मार्केट में बड़े खरीदार बने हैं. 2023 में उन्होंने 1.71 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया, जो 10 वर्षों में सर्वाधिक है. 2022 में तो वो 1.21 लाख करोड़ रुपये के बिकवाल रहे थे. यह उनके मनोभाव में बड़ा आमूल चूल परिवर्तन है. यूएस में ब्याज दरों में कमी का क्रम प्रारंभ होने की संभावना जतायी जा रही है. ऐसे में भारतीय शेयर मार्केट में विदेशी निवेश में अधिक वृद्धि हो सकती है. म्यूचुअल फंड में इस वर्ष 3.15 लाख करोड़ का निवेश हुआ है, जिसमें इक्विटी फंड में 1.44 लाख करोड़ रुपये आए हैं. एसआईपी के माध्यम से 1.66 लाख करोड़ रूपयों का निवेश आया है. एसआईपी एक लगातार निवेश होता है।ऐसे में भारतीय शेयर मार्केट में एसआईपी के माध्यम से बड़ी धनराशि का आना सुनिश्चित सा है. पीएसयू शेयरों के मूल्यों में भी कई गुणा वृद्धि हुई है. इससे सरकार की परोक्ष आर्थिक स्थिति की शक्ति भी सुदृढ़ हुई है. विनिवेश के द्वारा सरकार आवश्यकता पड़ने पर अच्छी राशि जुटा सकती है. इससे सरकारी घाटे को भी नियंत्रित रखा जा सकता है,आधारभूत संरचनाओं के लिए अतिरिक्त धन का आवंटन भी किया जा सकता है. 2023 में म्यूचुअल फंड के निवेशकों की संख्या 2 करोड़ बढ़ी व इसके अंतर्गत धन प्रबंधन 49 लाख करोड़ रुपये के सार्वकालिक स्तर पर हो गया, जो 2022 में 40 लाख करोड़ रुपये था. यह बड़ी राशि विदेशी निवेशकों पर निर्भरता कम करेगी, मार्केट की चाल पर उनका प्रभुत्व भी कम हो सकता है.

पिछले सप्ताह निफ्टी में 382 अंको की वृद्धि रही. विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग तथा स्टॉक फ्यूचर में अच्छी खरीदारी की. घरेलू संस्थागत निवेशक कम सक्रिय दिखे. मुख्यतया एफआईआई की बिक्री आने पर वो बराबर का प्रतिकार कर खरीदारी करते दिखे. यद्यपि शुक्रवार को एफआईआई तथा डीआईआई दोनो ने मिलकर 2013 करोड़ रुपये की खरीदारी नकद संभाग में की. अर्थात शेयर शक्तिशाली हाथों में गए।डाउ ने पिछले सप्ताह रिकॉर्ड ऊंचाई का स्पर्श किया. डॉलर इंडेक्स गिरकर 101.38 रहा. यूएस बॉन्ड यील्ड 3.86 हो गया. ये सभी शेयर मार्केट के लिए सकारात्मक ही हैं.

निफ्टी 22000 के ऊपर जा टिकता है तो फिर मंदी के सौदों में बड़ा कटान आ सकता है. कोई गिरावट आई तब तो अच्छी खरीदारी आ सकती है. रिलायंस,एचडीएफसी बैंक आदि बड़े शेयरों में भी लिवाली के संकेत हैं. ब्रेंट क्रूड भी नरम हो 76.64 डॉलर प्रति बैरल है. आईपीओ से प्रतिफल अपेक्षाकृत उतना अच्छा अब नही हो रहा. अतः ये धन अब सीधे मार्केट में आ सकता है. 2024 का निवेश मंत्र, उच्च वृद्धि दर दिखा रहे शेयरों में विभिन्न भावों पर निवेश कीजिए, बहुत अधिक मूल्य हो चुके शेयरों में लाभ ले लीजिए, गिरावट पर अवश्य खरीदारी कीजिए. नव वर्ष 2024 तथा आपका शेयरों में निवेश शुभ हो.

## 'गुजरात को सभी क्षेत्रों में निवेश जुटाने में मदद मिली'

**भाषा। अहमदाबाद**

गुजरात सरकार की उद्योग समर्थक नीतियों से राज्य को सभी क्षेत्रों में निवेश जुटाने में मदद मिली है. एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि राज्य सरकार भारत की आर्थिक वृद्धि को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है. पिछले दो दशकों में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के नौ संस्करण आयोजित किए जा चुके हैं. इस कड़ी में 10 से 12 जनवरी, 2024 के बीच गांधीनगर में आयोजित होने शिखर सम्मेलन के 10वें संस्करण से राज्य की इस प्रतिबद्धता को बल मिलेगा. अधिकारियों ने कहा कि राज्य का लक्ष्य 'आत्मनिर्भर गुजरात' के जरिये केंद्र के 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य का समर्थन करना है. इसके लिए उद्योगों को आकर्षित करने के उपाय किए जा रहे हैं. उन्होंने राज्य की प्रगतिशील नीतियों के लिए आर्थिक वृद्धि के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को श्रेय दिया. सरकार ने बयान में कहा, वाइब्रेंट गुजरात वैश्विक शिखर सम्मेलन ने पिछले दो दशक में 55 अरब अमेरिकी डॉलर के प्रभावशाली विदेशी निवेश को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. इसने 2022-23 में भारत के निर्यात में 33% से अधिक का योगदान दिया है, जो देश में सबसे अधिक है. बयान के मुताबिक, सक्रिय उपाय और अनुकूल नीतियां निवेश के लिए वैश्विक केंद्र बनने की गुजरात की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं. मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने कहा कि पांच अक्टूबर, 2022 को शुरू की गई ''उद्योगों की सहायता के लिए आत्मनिर्भर गुजरात योजना'' उद्योगों को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का हिस्सा बनने में मदद करेगी. पटेल ने कहा, यह योजना गुजरात के छोटे और बड़े उद्योगों को समर्थन देने के लिए महत्वपूर्ण पहल साबित होगी.

## ब्रीफ खबरें

### सिल्ली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

**सिल्ली/मुरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत सिल्ली प्रखंड अंतर्गत पतराहातू एवं पिस्का पंचायत में संपन्न हुआ. इस कार्यक्रम में पर्यवेक्षक के रूप में रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो उपस्थित थे . सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मोदी जी के 10 सालों के काम को एवं सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी .इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद साहू रघुवीर महतो राम साइन मुंडा मनीष कुमार सृष्टिद्धार प्रजापति बीना देवी गुलाब सिंह पंचायत के मुखिया समिति वार्ड एवं पंचायत के ग्रामीण मौजूद थे.

### हेलमेट नहीं पहनने पर अब कटेगा चालान: थाना प्रभारी

**चान्हो।** हेलमेट नहीं पहने तो एक जनवरी से होगा सीधा चालान चान्हो थाना के प्रभारी रंजय कुमार ने बताया कि पिछले एक महीने से लगातार सड़क सुरक्षा कानून के तहत दो पहिया चालक को थाना के समीप रोक कर जागरूक किया जा रहा है. हेलमेट पहनने की नसीहत दी जा रही है . एक जनवरी से यदि मोटरसाइकिल चालक एवं उपचालक हेलमेट पहनकर यात्रा नहीं करते हैं तो सीधा कानूनी कार्रवाई होगी और चालान काटा जाएगा.

### जैनुल केंद्रीय अध्यक्ष और सजीर महासचिव बने

**रांची।** झारखंड प्रजातांत्रिक मंच का गठन हाजी अब्दुल रहमान की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष जैनुल अंसारी, केंद्रीय महासचिव सजीर अंसारी, कोषाध्यक्ष समीर अली, युवा संगठन अध्यक्ष अनवारुल हक, महिला संगठन अध्यक्ष फरहाना खातून बनाए गए. मौके पर मो जहांगीर अंसारी, तौकीर रजा, जावेद इकबाल, परवेज अहमद, मो रब्बानी, माशूक अंसारी, मुस्ताक अंसारी, सैयद अशरफ अली नए पदाधिकारियों को बधाई दी.

### 10वीं के विद्यार्थियों के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन

**रांची।** माही और जमैतुल इराकीन की ओर से समाजसेवी स्व. खलील अहमद की याद में रविवार को कर्बला चौक स्थित इराकी उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल में मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया. टेस्ट में 50 विद्यार्थी शामिल हुए, जो जैक बोर्ड परीक्षा 2024 में शामिल होंगे. प्रश्न जैक बोर्ड परीक्षा 2024 को ध्यान में रखते हुए सेट किए गए थे, ताकि विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा के लिए अच्छे से तैयार हो सकें. बोर्ड परीक्षा से पूर्व हर रविवार को अन्य विषयों के लिए भी मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा .

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा का हुआ आयोजन

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को वर्ष 2023 की विदाई और नववर्ष के स्वागत में 127 वां अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें 1400 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया. अन्नपूर्णा भंडारे की सेवा में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, प्रमोद सारस्वत,ओम प्रकाश सरावगी,अरविंद अग्रवाल,शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार (ताऊ), चन्द्रदीप साहु, परमेश्वर साहु, सरिता अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल आदि उपस्थित थे.

### अयोध्या से आए कलश की ग्रामीणों ने की पूजा

**रांची।** राजधानी से सटे बोड़ेया के ऐतिहासिक मदन मोहन मंदिर में अयोध्या से पूरे देश भ्रमण पर निकली कलश यात्रा रविवार को पहुंची. सूचना मिलते ही भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा. मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने कलश के दर्शन-पूजन किये. आचार्य अजय कुमार मिश्रा और मदन मोहन मंदिर के पुजारी बाल मुकुंद पाण्डेय ने वैदिक मंत्रों से पूजा-अर्चना की. इस क्रम में कांके, अरसंडे, ब्लॉक चौक और बोड़ेया आस-पास के ग्रामीणों ने दर्शन किये. मदन मोहन मंदिर कमेटी द्वारा गाजे- बाजे के साथ प्रभु कलश का भव्य स्वागत किया गया.

### बचरा शिव मंदिर पुजारी के पुत्र ने की आत्महत्या

**पिपरवार।** पिपरवार थाना क्षेत्र के बचरा स्थित चार नंबर चौक के समीप बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर के मुख्य पुजारी शिवनंदन पाण्डेय के पुत्र शेखर कुमार पाण्डेय उम्र 25 वर्ष ने मंदिर के आवासीय परिसर स्थित पेड़ में शनिवार अर्द्ध रात्रि फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली . प्रातः घटना की जानकारी प्राप्त होते ही पिपरवार पुलिस घटनास्थल पर पर सदल बल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया .

## नववर्ष पर लोग समूह में यहां पिकनिक मनाने दूर - दूर से आते हैं

# पंच परगना में पर्यटकों का हब है सतीघाट और बुद्ध विहार

संवाददाता। सोनाहातू

पंच परगना क्षेत्र का ऐतिहासिक स्थल सतीघाट नववर्ष के आगमन को लेकर पर्यटकों के लिए पर्यटन स्थल सतीघाट के स्वर्णरेखा नदी का संगम स्थल तैयार है. नववर्ष पर लोग समूह में यहां पिकनिक मनाने दूर - दूर से आते हैं. पश्चिम बंगाल व झारखंड की सीमा रेखा होने से दोनों जगहों से यहां नववर्ष में काफी भीड़ पर्यटकों की जुटती है.

**पंचपरगना क्षेत्र का प्रसिद्ध टुसू मेला भी लगता है :** यहां लोग दिनभर वनभोज का आनंद व मस्ती करते हुए नववर्ष का दिन बिताते हैं. पर्यटकों को स्वर्णरेखा नदी के बीचोंबीच बड़ी - बड़ी चट्टानों व पत्थरों से होकर पानी बहने का नजारा लुभाता है. इतना ही नहीं यहां पर्यटक सालोंभर आते रहते हैं. इसी स्थल पर मकर संक्रांति के ठीक दूसरे दिन पंचपरगना क्षेत्र का प्रसिद्ध टुसू मेला भी लगता है.सतीघाट की मिट्टी को पवित्र माना जाता है और लोग माथे पर माटी का तिलक लगाते हैं जानकारों के अनुसार टुसू की स्मृति में पहली बार सतीघाट पर 1740 में मेला लगा था 14-15 जनवरी को झारखंड का सबसे बड़ा ऐतिहासिक टुसू मेला यहां लगता है.



### सतीघाट ही पिकनिक स्पॉट के रूप में प्रसिद्ध

स्थानीय समाजसेवी लोग और क्षेत्र के मुखिया सुभद्रा देवी के द्वारा पिकनिक स्पॉट का जायजा प्रतिवर्ष लिया जाता है. ताकि, कोई अनहोनी न हो. नदी के बीचोंबीच एक खतरनाक स्थल है, जहां स्थानीय लोग मछली पकड़ते हैं. जहां पर्यटकों को जाने से मना करते हैं. क्योंकि, वह जगह में काफी फिसलन होती है. सोनाहातू में सतीघाट ही केवल एक मात्र पिकनिक स्पॉट के रूप में प्रसिद्ध है.

### कितनी है दूरी, कैसे जा सकते हैं

सतीघाट पर्यटन स्थल की दूरी रांची से लगभग 80 किलोमीटर है. सड़क मार्ग से सिल्ली एवं बुंडू होकर आ सकते हैं. सोनाहातू पहुंचने के बाद दो रास्ते हैं. एक रास्ता सोनाहातू – जामुदाग – जाड़ेया होकर जाती है और दूसरा रास्ता सोनाहातू – भकुवाडीह – बारेडीह होकर पहुंचा जा सकता है. दोनों की दूरी में लगभग तीन – चार किलोमीटर का अंतर है.वहीं जमशेदपुर से दूरी लगभग 100 किलोमीटर है, जो रांगामाटी सिल्ली सड़क मार्ग से आ सकते हैं.

### पर्यटकों के लिए ये सब उपलब्ध

पर्यटकों के लिए वहां बड़ा सा विश्रामगृह, पीने के लिए चापानल, मस्ती करने हेतु मंच, नदी में उतरने की सीढ़ियां, मुख्य द्वार आदि सुविधाएं हैं. वहीं, लगभग आधे किलोमीटर की दूरी पर बारेंदा चौक के आसपास एन एच – 32 पर खाने–पीने व जलपान के लिए फैमिली होटल, ढाबा एवं चाय–नाशते की दूकानें उपलब्ध है.

### मारांगकिरी-चरकुडीह में बसा है बुद्ध विहार:

सतीघाट से महज दो किमी दूर, मारांगकिरी–चरकुडीह में स्वर्णरेखा नदी के तट पर बसा है बुद्ध विहार. इसे घाघ (गांव का भाषा में हुरदूबुढ़ा) के नाम से भी जाना जाता है.बुद्ध विहार में सालों पर सैलानियों का आना जाना लगा रहता है. बुद्ध विहार की खूबसूरती घाघ के रोम रोम में बसा हुआ है स्वर्णरेखा नदी की कल–कल करती ध्वनियां, यहां की मनमोहक वादियां अति सौंदर्य है.

## जिला स्वास्थ्य विभाग आया हरकत में, पहुंची टीम

# चाईबासा के हाट गम्हारिया फैला मलेरिया, कई बीमार

**खास बातें**

- विधायक के निर्देश पर लगाया गया जांच शिविर
- कई लोगों की हुई मलेरिया जांच, मिलीं दवाइयां

संवाददाता। चाईबासा

हाट गम्हारिया प्रखंड अंतर्गत हाट गम्हारिया, हांगरागुटू, परोमसाई, कालीमाटी गांव में मलेरिया से कई लोगों के बीमार होने की खबर के बाद जिला स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है. लेकिन इस क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा विधायक से शिकायत की गई थी. विधायक ने इसे गंभीरता से लेते हुए सिविल सर्जन को सूचित कर तत्काल शिविर लगाने का आदेश दिया. विधायक के निर्देश पर सिविल सर्जन द्वारा स्पेशल टीम भेजी गयी. सदर व झींकपानी अस्पताल के 11 चिकित्सीय टीम में शामिल चिकित्सा कर्मियों ने हाटगम्हारिया में शिविर लगाकर मलेरिया प्रभावित गांव के पीड़ित मरीजों का सैंपल कलेक्ट किया. इसके अलावा हाटगम्हारिया के केंदपोसी में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में आकर कैंप लगाया गया. यहां अनेक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई. वहां विधायक दीपक बिरुवा स्वयं डटे रहे. साथ ही विधायक दीपक बिरुवा ने विभिन्न प्रभावित गांव का दौरा किया.

टीम में डॉक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह, एसआई एसएस नाग, बंटी सिन्हा, अजय कुमार, लखींद्र दास, एमपीडब्ल्यू गौतम डे, विकास मंडल, मनीष कुमार सिन्हा, मोहम्मद शाहिद, रवि रंजन समेत अन्य मौजूद थे.



**खास बातें**

- 11 चिकित्सकों का दल कर रहा प्रभावित गांवों में कैंप
- कैंप में लोगों का किया जा रहा स्वास्थ्य परीक्षण

### चिकित्सकों की टीम कर रही कैंप

विधायक ने मलेरिया प्रभावित हाटगम्हारिया समेत आस पास के गांव का भ्रमण कर जायजा लिया. मौके पर चाईबासा व झींकपानी से गयी चिकित्सको की टीम भी साथ में थी. इस दौरान ग्रामीणों को मलेरिया से बचाव के उपाय बताए गए. जिनमें मेडिकेटेड मच्छरदानी और मच्छर भगाने के उपाय बताए गए. साथ क्षेत्र में मलेरिया रोधी उपाय को तेज करने के साथ साथ ग्रामीणों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया. साथ ही बताया गया कि कैसे पास में जलजमाव नहीं होने दें, मलेरिया परजीवी वाली मच्छर ताजा पानी में भी फैलता है. यदि किसी व्यक्ति को कंपकंपी बुखार आए तो अपनी नजदीकी अस्पताल में जरूर आए और अपनी जांच कराएं. स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि इस वर्ष हाटगम्हारिया प्रखंड में अबतक 144 मलेरिया पॉजिटिव का मामला सामने आया है. ऐसे में हाटगम्हारिया के जिस इलाके में इस तरह की बात आई है, स्वास्थ्य विभाग इसे तत्परता से देख रहा है.

### आदिवासी परिवारों के घर का रास्ता बंद करने की कोशिश

**रांची।** बहूबाजार स्थित बिशप कंपाउड में 15 आदिवासी परिवारों के घर के रास्ते को रोक दिया गया .गरीब आदिवासी परिवारों ने भूमाफिया का जमकर विरोध किया. लोगों ने कहा कि रविवार को बिशप कंपाउड में रह रहे दर्जनों परिवारों को हटाने का प्रयास किया गया और घर से निकलने वाले रास्ते को बंद करने का प्रयास किया जा रहा था. लोगों ने कहा कि 50-60 असामाजिक तत्व घर तोड़ने के लिए आये थे. मंजु पन्ना ने कहा कि परिवार के सदस्यों को भगाने का प्रयास कर रहे थे. भूमाफिया द्वारा भोले-भाले आदिवासियों की जमीन हड़पने की कोशिश की जा रही है और उन्हें वहां से हटाने का षडयंत्र किया जा रहा है. अब इसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा. स्वर्णरेखा तिग्गा ने कहा कि बिशप कंपाउंड में 160 वर्षों से परिवार के साथ में रह रही हैं.

### पत्रकार सम्मान सह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**नामकुम।** प्रखंड के नामकुम स्थित विनंदिनी आवास टाटा रोड पतरा टोली मे पत्रकार सम्मान सह मिलन समारोह का आयोजन राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह द्वारा किया गया. अध्यक्षता करते हुए मनोज कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार जो कि समाज के लिए आईना का काम करते है, हम जब सोते है,पत्रकार जान जोखिम में डालकर समस्याओं को खोजकर, घटनाओं को खोजकर पाठकों तक पहुंचा देते है. सरकार को इनके बारे में विचार करना चाहिए. इस अवसर पर राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के प्रहरी है. सांसद संजय सेठ ने कहा पत्रकार सकारात्मक दृष्टि से चीजों को समाज के सामने लाने का काम करे.

## कांग्रेस ने सभी पंचायतों में प्रभारी नियुक्त किये

संवाददाता। अनगड़ा

कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनावों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी है. रविवार को मंडल अध्यक्ष बरतु मुंडा ने गहन मंथन के बाद प्रखंड के सभी 21 पंचायतों में प्रभारी का मनोनय कर दिया है. बरतु मुंडा ने बताया कि प्रभारियों के मनोनय में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ-साथ युवा नेतृत्व को भी शामिल किया गया है. पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के मेहनत के बदौलत ही कांग्रेस पार्टी को जीत मिलती रही है. उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता कांग्रेस की नीति और सिद्धांतों को जनजन तक पहुंचाने का काम करेंगे.

यह है नवनियुक्त प्रभारी : सुरसु : शफीक अंसारी, टाटी - बाली महली, बरवादाग - मकर सिंह मुंडा, जोन्हा- जॉन तिग्गा, गुडीडीह - विजय खलखो, पैंका- नरायण मुंडा, बोंगई बेड़ा - क्रिस्टो कुजूर, चतरा- मिनहाज आलम, हेसल - विश्राम महतो, सालहन - मुमताज खान, चिलदाग - यूनुस अंसारी, लुपुंग - छोटेलाल महतो, अनगड़ा - शाकिर अंसारी, राजाडेरा - एतवा उरांव, सिरका : शमशाद अंसारी, गेतलसूद : राजेंद्र मुंडा, बीसा - श्रवण मुंडा, नवागढ़ - अजय करमाली, कुच्चू - मुन्ना मुंडा, हेसातु - फारुख खान, हरातू - अजगुत करमाली. को जिम्मेवारियां सौंपी गयी है.

## ओरमांझी में पांच दिवसीय जय सरना फुटबॉल टूर्नामेंट

# ट्राईब्रेकर में भुरकुंडा ने रांची को 4-3 से हराया

संवाददाता। ओरमांझी

प्रखंड के जयडीहा पंचायत के बरतुआ में शिव शिष्य परिवार के सौजन्य से जेएसएफ क्लब बरतुआ गणेशपुर द्वारा आयोजित पांच दिवसीय जय सरना फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया. पहला मैच लपंगा आरएफसी भुरकुंडा बनाम भूमित एलेवन रांची के बीच खेला गया.निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रहीं. ट्राब्रेकर में भुरकुंडा ने रांची को 4-3 से हराया. दूसरा मैच टोबो स्पोर्टिंग क्लब केदल बनाम ड्रेगन एफसी कुरूम के बीच खेला गया. निर्धारित समय पर दोनों टीमें बराबरी पर रहीं. ट्राइब्रेकर में केदल ने कुरूम को 4-3 से पराजित किया. इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रवेश भोगता (पंसस, जयडीहा), सचिव बिनोद बेदिया (पूर्व मुखिया जयडीहा) संरक्षक शंकर करमाली ग्राम प्रधान बरतुआ, उपाध्यक्ष मोहित करमाली, कोषाध्यक्ष रामराज महतो, मीडिया प्रभारी संतोष गुप्ता, सांसद प्रतिनिधियों राजेश गुप्ता, चतुर साहु,वार्ड सदस्य संजू देवी, यमुना देवी, परमेश्वर गंझू, नितीश मुंडा, अमरनाथ भोगता, अजय करमाली, नवीन कुमार, कामेश्वर बेदिया, प्रकाश बेदिया, भिनेश्वर बेदिया, आदि हजारों दर्शक मुख्य रूप से उपस्थित थे.



**वार्षिकी**

## वर्ष 2023 में झारखंड में पहली बार हुआ कई बड़े टूर्नामेंटों का आयोजन

# वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट का गवाह बना झारखंड

शुभम किशोर। रांची

नव वर्ष 2024 का आगाज हो चुका है. झारखंड में लिए खेलों के आयोजन के दृष्टिकोण से 2023 काफी अच्छा रहा. पिछले साल झारखंड विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी, फुल मैराथन, स्केटिंग के आयोजन का गवाह बना.

**वूमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी:** भारत के मेजबानी में झारखंड के राजधानी रांची में पहली बार 27 से 5 नवंबर तक हॉकी वूमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन हुआ. पूरा विश्व इस सफल आयोजन का गवाह बना. इस प्रतियोगिता में एशिया की टॉप 6 टीमों ने भाग लिया था. भारत ने अपनी मेजबानी में दूसरी बार एशियन चैंपियंस ट्रॉफी आपने नाम किया.

**इन खेलों के अलावा क्रिकेट, एथलेटिक्स, किकबॉक्सिंग, चेस के आयोजन का गवाह झारखंड बना.**



**फुल मैराथन :** 26 मार्च को रांची में सीसीएल कोल मैराथन का आयोजन हुआ. इसके साथ झारखंड पहली बार आधिकारिक फुल मैराथन आयोजन करने वाला बन गया. वहीं इस फुल मैराथन 42.195 किमी पुरुष वर्ग में जमशेदपुर के अर्जुन टुडू ने जीत दर्ज की. महिला वर्ग में हरियाणा की सोनिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. इस प्रतियोगिता में देश के 5714 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था. इसमें कुल 29.70 लाख रुपए की प्राइज मनी थी.

**स्केटिंग :** झारखंड की मेजबानी में पहली बार 1 जून से नेशनल रैंकिंग चैंपियनशिप रोड स्पीड स्केटिंग का आयोजन खेलगांव स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया गया. इस प्रतियोगिता में देश के 706 प्रतिभागियों ने अपना नाम दर्ज कराया.

**साइकिलिंग**

2011 में झारखंड में हुए नेशनल गेम्स के लगभग 12 साल में बाद रांची के खेल गांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 75वां सीनियर, 52वां जूनियर और 28वां सब जूनियर नेशनल साइकिलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया. जिसमे देशभर से 26 टीमों के 500 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. इस प्रतियोगिता में झारखंड की सरिता कुमारी गोल्डन गर्ल बनकर सामने आई और 3 गोल्ड अपने नाम किया.

### सैक्सोफोन आर्टिस्ट लिपिका सामंत ने लोगों को झुमाया



**जमशेदपुर।** नव वर्ष के स्वागत के लिए जमशेदपुर में सैक्सोफोन आर्टिस्ट लिपिका सामंत ने होटल सिटी इन में कार्यक्रम के दी प्रस्तुति. लिपिका के सैक्सोफोन वादन का लोगों ने देर रात तक जमकर आनंद उठाया. इस दौरान लिपिका ने सैक्सोफोन पर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया.

## न्यूज अपडेट

### अक्षत कलश को कराया गया नगर भ्रमण



**कांके।** श्री अयोध्या जी में रामलल्ला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निर्मित आज कांके ब्लॉक चौक से बोड़ेया मदन मोहन मंदिर तक पूजित अक्षत कलश यात्रा निकाली गयी. कलश यात्रा में भारी संख्या भक्त शामिल हुए . यात्रा में मेरे झोपडी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे के नारा लगाये जा रहे थे. नगर भ्रमण के उपरांत् मदन मोहन मंदिर में पूजित अक्षत कलश आरती की गयी.

### असहायों की मदद करना कांग्रेस की परंपरा है: सफीउल्लाह



**ओरमांझी।** प्रखण्ड के समीप बरवे पंचायत के डहु गांव में खाद आपूर्ति विधायक प्रतिनिधि सफीउल्लाह अंसारी ने रविवार को गांव के गरीब,असहाय, वृद्धा, विधवा, निःशक्तों के बीच 100 कंबल का वितरण किया. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गरीब,असहाय लोगों की मदद करना कांग्रेस पार्टी की परंपरा रही है. यह हमारी सभ्यता व संस्कृति भी है.ऐसा पुनीत कार्य के लिए पार्टी को दैवी कृपा भी है. इस तरह गरीब,असहाय लोगों के सहयोग करने से लोग तो लांभावित होते ही है. अपना मन भी धन्य हो जाता है. मौके पर मुख्य रूप से ग्रामीण उपस्थित थे.

### आदिवासी समाज की समस्याओं को लेकर हुई बैठक




**मांडर।** प्रखंड के महुआ जाड़ी खेल मैदान में रविवार को आदिवासी समाज की समस्याओं पर चिंता व्यक्त कर एक बैठक आयोजित की गई.फरवरी माह में मिशनरियों द्वारा आयोजित होने वाले आदिवासी एकता महारैली का विरोध करने पर सहमति बनी. इस दौरान रामा उरांव ने कहा फ़रवरी महीने में ईसाई मिशनरियों के आदिवासी एकता रैली पूर्व विधायक बंधु तिर्की के नेतृत्व में होने वाला है. मौके पर हिन्दुवा उरांव ,एतवा उरांववीर चन्द्र उरांव , सहित कई गांवों के ग्रामीण मौजूद थे.

### नामकुम में पंचायत प्रभारियों की बैठक सम्पन्न



**नामकुम।** रविवार को प्रखंड के रामपुर स्थित जाना पहचाना होटल सभागार में आजसू पार्टी पंचायत प्रभारीयों का बैठक खिजरी विधानसभा प्रभारी जितेन्द्र सिंह की उपस्थिति में प्रखंड अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा के अध्यक्षता में किया गया. बैठक का संचालन राजू उरावं कर रहे थे.इस बैठक में सभी पंचायत प्रभारियों को निर्देशित किया गया . मौके पार्टी के केंद्रीय सचिव फुलकुमारी देवी,केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव,केंद्रीय सचिव रामजी यादव ,केन्द्रीय सदस्य उमेश महतो, केन्द्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी,मजदूर नेता राजेन्द्र कांत महतो प्रखंड के सभी पंचायत महिला पुरुष प्रभारी शामिल हुए .

### न्यूमंगरदाहा में क्रिकेट टूर्नामेंट का बेंती बना विजेता




**पिपरवार।** पिपरवार क्षेत्र के न्यूमंगरदाहा गांव में केजीएन क्लब के द्वारा चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को समारोह पूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि बेंती पंचायत की मुखिया सरीता देवी और विशिष्ट अतिथि में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के चतरा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद ताज मौजूद थे.अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और बल्लेबाजी कर फाइनल मुकाबले की शुरुआत की. टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबल पिपरवार के बेंती बनाम खलारी के राय टीम के बीच खेल गया.जिसमें टॉस जीतकर बेंती की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बारह ओवर में 144 रन बनाये.

### राज्य ताइक्वांडो प्रतियोगिता का विजेता बना हजारीबाग



**हटिया।** कुसुम फनजोन, प्रेम नगर हटिया में दो दिवसीय तृतीय झारखंड राज्य त इ क्व ंड ो प्रतियोगिता 2023 का समापन हुआ. प्रतियोगिता का आयोजन हटिया ताइक्वांडो क्लब द्वारा झारखंड राज्य ताइक्वांडो संघ के तत्वावधान में किया गया. मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने पंच मारकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया. प्रतियोगिता में झारखंड के लगभग 200 खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों ने भाग लिया. आयोजित प्रतियोगिता में 127 अंक प्राप्त कर हजारीबाग प्रथम, 87 अंकों के साथ रांची दूसरे तथा 57 अंकों के साथ पूर्वी सिंहभूम तीसरे स्थान पर रहा. कार्यक्रम को संघ के उपाध्यक्ष श्रीनाथ महतो, सचि व उपेंद्र अग्रवाल, प्रशिक्षक मो. नदीम, संजय यादव, सुनील कुमार, निरंजन आदि ने मिलकर सफल बनाया.



## रिकॉर्ड टूटे : वनडे क्रिकेट में 2023 रहा भारतीय टीम के नाम

# वनडे में भारत ने 35 में से 27 मैचों में हासिल की जीत

एजेंसी । नयी दिल्ली

भारतीय टीम ने साल 2023 में वनडे में अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. भारत ने इस साल खेले गए 35 वनडे में से 27 में जीत हासिल की, जो कि वनडे इतिहास में एक साल में किसी भी टीम के द्वारा किया गया दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है. वनडे में एक साल में सर्वाधिक मैच जीतने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम है. ऑस्ट्रेलिया ने साल 2003 में 35 मैच में 30 मैचों में जीत दर्ज की थी. इससे पहले वनडे में भारतीय टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 1998 में था, जहां उसने 24 वनडे मैच जीते थे.

**पहले बल्लेबाजी करते औसत जीत के अंतर का रिकॉर्ड भी भारत के नाम :** भारत ने साल 2023 में 14 मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए जीते. जिसमें भारत का औसत जीत अंतर 143 रन रहा, जो वनडे इतिहास में सर्वाधिक है. अफ्रीका का जीत का औसत अंतर 137 रन रहा. साल 2003 में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 मैच 122 रन के औसत अंतर से जीते थे. 2007 की ऑस्ट्रेलिया टीम ने 12 मैच 105 रन के औसत अंतर से जीते थे.

### भारत ने 2023 में 9 बार बनाए 350 से अधिक स्कोर, रिकॉर्ड तोड़ा

भारतीय टीम ने इस साल 9 बार वनडे में 350 से अधिक रन बनाए है, जो किसी भी टीम के द्वारा एक कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा 350 स्कोर है. भारत ने साल 2019 में इंग्लैंड के 7 बार 350 रन का रिकॉर्ड तोड़ा. भारतीय टीम की ओर से इस साल 19 शतक लगे. भारत ने साल 2017 के बनाए गए अपने ही रिकॉर्ड की बराबरी की. कोहली वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ शतक लगाकर दुनिया में 50 वनडे शतक वाले पहले बल्लेबाज बने.



#### भारत के लिए 2023 में वनडे में सर्वाधिक रन

| बल्लेबाज | पारी | रन | औसत | शतक |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 29 | 1584 | 63.36 | 5 |
| विराट कोहली | 24 | 1377 | 72.47 | 6 |
| रोहित शर्मा | 26 | 1255 | 52.29 | 2 |

#### भारत के लिए 2023 में वनडे में सर्वाधिक विकेट

| गेंदबाज | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| कुलदीप यादव | 30 | 49 |
| मोहम्मद सिराज | 25 | 44 |
| मोहम्मद शमी | 19 | 43 |

- वनडे में एक साल में सर्वाधिक जीत का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के है, 2003 में ऑस्ट्रेलिया ने 30 मैच जीते थे







### सिक्स के मामले में भारतीय टीम रोहित ने तोड़े रिकॉर्ड

भारतीय टीम ने इस साल वनडे इतिहास के किसी एक साल में 250 छक्के जमाने वाली पहली टीम बन गई है. दक्षिण अफ्रीका ने 225 छक्के लगाकर रिकॉर्ड टैली में दूसरा स्थान हासिल किया. इससे पहले यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के नाम था. वेस्टइंडीज ने 2019 में 209 छक्के जड़े थे. भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने इन 250 में से 67 छक्के जड़े. यह किसी बल्लेबाज द्वारा एक कैलेंडर ईयर में सर्वाधिक है. रोहित ने एबी डिविलियर्स ( 58 छक्के, साल 2015 ) का रिकॉर्ड तोड़ा.

## ब्रीफ खबरें

### अयूब को मिल सकता है पाक टीम में मौका

**कराची ।** पाकिस्तान के तीन जनवरी से सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट में 21 साल के 'अनकैप्ड' बल्लेबाज सईम अयूब को खिलाने की उम्मीद है. अनुभवी सलामी बल्लेबाज इमाम उल हक की धीमी बल्लेबाजी की आलोचना हो रही है जिससे टीम प्रबंधन ने आखिरकार अयूब को मौका देने का फैसला किया है. इस युवा बायें हाथ के बल्लेबाज ने इस साल आठ टी-20 मैच खेले हैं जबकि उन्होंने प्रथम श्रेणी के केवल 14 मैच ही खेले हैं.

### स्कॉटिश ओपन : भारत की अनहत ने जीता खिताब

**नयी दिल्ली ।** भारत की प्रतिभाशाली युवा अनहत सिंह ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत एडिनबर्ग में हुए 2023 स्कॉटिश जूनियर ओपन स्क्वाश में बालिका अंडर-19 खिताब अपने नाम किया. अनहत ने शनिवार को फाइनल में घरेलू प्रबल दावेदार रोबिन मैकअल्पाइन पर 11-6, 11-1, 11-5 से जीत हासिल की. दिल्ली की इस खिलाड़ी के लिये यह शानदार वर्ष रहा जिसमें उन्होंने अंडर-19 और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का दोहरा खिताब जीता.

### पीओए अध्यक्ष आरिफ हसन ने इस्तीफा दिया

**कराची ।** पाकिस्तान के दूसरे सबसे लंबे समय तक सेवारत खेल अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) आरिफ हसन ने स्वास्थ्य समस्याओं के कारण 19 साल बाद पाकिस्तान ओलंपिक संघ (पीओए) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया. हसन 2004 में ओलंपिक संस्था के अध्यक्ष बने थे. हसन अध्यक्ष पद के चौथे कार्यकाल में थे और उन्होंने कार्यकारी परिषद के सदस्यों को पत्र भेजकर एक जनवरी 2024 से अपना इस्तीफा सौंप दिया.

# न्यूजीलैंड की टीम ने बांग्लादेश को हराया

### मिशेल सैंटनर और जिम्मी नीशम ने की 46 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी

भाषा । माउंट मोनगानुई

मिशेल सैंटनर और जिम्मी नीशाम के बीच 46 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने रविवार को तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस पद्धति से 17 रन से हरा दिया. इससे बांग्लादेश की न्यूजीलैंड में पहली श्रृंखला जीतने की उम्मीद टूट गयी और तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर रही. बांग्लादेश की पूरी टीम 19.2 ओवर में 110 रन पर सिमट गयी थी. कप्तान नजमुल शांटो 17 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे. केवल पांच बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंच पाये थे. इस लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम फिर चरमरा गया और नौवें ओवर में टीम का स्कोर पांच विकेट पर 49 रन था. नीशाम (नाबाद 28 रन) और सैंटनर (नाबाद 18 रन) ने मिलकर 15वें ओवर तक न्यूजीलैंड को पांच विकेट पर 95 रन के स्कोर तक पहुंचाया. इसके बाद बारिश के कारण मैच खत्म हो गया. न्यूजीलैंड को डकवर्थ लुईस पद्धति से 14.4 ओवर में 79 रन चाहिए थे और टीम इस स्कोर से आगे थी. बांग्लादेश ने पहला मैच पांच विकेट से जीता था जबकि दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था. बांग्लादेश ने भले ही तीन मैचों की वनडे श्रृंखला गंवा दी और टी-20 श्रृंखला में बराबरी हासिल की, पर उसने न्यूजीलैंड में दोनों ही प्रारूपों में अपनी पहली जीत हासिल की.



**टी-20 श्रृंखला**

- डकवर्थ लुईस पद्धति से 17 रनों से जीता न्यूजीलैंड
- दोनों टीमों के बीच श्रृंखला 1-1 से बराबर

### बैनक्रॉफ्ट की निगाह वार्नर की जगह पर

**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कैमरून बैनक्रॉफ्ट ने डेविड वार्नर के टेस्ट संन्यास के बाद सलामी बल्लेबाज के लिए अपना दावा पेश करते हुए कहा कि इस स्थान के लिए किसी विशेषज्ञ को ही चुना जाना चाहिए. वार्नर ने पहले ही घोषणा कर रखी है कि वह पाकिस्तान के खिलाफ 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के बाद खेल के इस प्रारूप को अलविदा कह देंगे. ऑस्ट्रेलिया की टीम में उनकी जगह लेने के लिए बैनक्रॉफ्ट, मार्कस हैरिस, मैट रेनशा के अलावा कैमरन ग्रीन को भी दावेदार माना जा रहा है. बैनक्रॉफ्ट ने एएपी से कहा कि मैं पिछले 10 वर्षों से शील्ड क्रिकेट में पारी का आगाज कर रहा हूं. यह बल्लेबाजी के लिए आसान स्थान नहीं है. इससे कई चुनौतियां जुड़ी हुई हैं. मेरा मानना है कि यह स्थान विशेषज्ञ के लिए होता है. उन्होंने कहा कि पिछले 12 महीनों में मेरी चयनकर्ताओं से कुछ अवसरों पर बातचीत हुई और मैं उनसे पूछा कि मुझे अपनी बल्लेबाजी में सुधार करने के लिए क्या करना चाहिए.

### आओ जानें

## आओ जानें: खेल से संबंधित सामान्य ज्ञान

- उस देश का नाम बताइए जिस देश से जस्टिन हेनिन हार्डिंन संबंधित है? **-बेल्जियम**
- किस आधार पर जिमनास्टिक में अंक दिए जाते हैं? **-परेशानी, नवीनता, शालीनता और आश्वस्त गति के जॉन मैकनरो**
- किस खेल से जोड़ी जोशना चिनप्पा है? **-स्क्वेश**
- किस देश के गोल्फ खिलाड़ी टाइगर वुड्स हैं. **-यूएसए**
- किस हॉकी खिलाड़ी ने 'टू हेल विद हॉकी' नाम पुरस्कार की रचना की है? **-असलम शेर खान (ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन विम्बडलन)**
- किस साल टेनिस को एशियाई खेलों में शामिल किया गया? **- 1958 टोकियो**
- क्या मतलब होता है टेनिस में 'लव' का? **-शून्य स्कोर**
- सबसे पहले कहां पर टेबल टेनिस खेला गया? **-लदंन**
- टेस्ट क्रिकेट में 600 विकेट लेने वाले विश्व के तीसरे गेंदबाज का नाम बताइए? **-अनिल कुंबले**
- किस खेल से संबंधित है 'डिक पास' शब्द? **- वॉलीबॉल**

### नेशनल स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप

# टेंडर हार्ट के रौनक ने जीता स्वर्ण

संवाददाता । रांची

टेंडर हार्ट स्कूल के रौनक राज महतो ने 67वीं नेशनल स्कूल शूटिंग चैंपियनशिप के 10मी. एयर राइफल के अंडर -19 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता. भोपाल में आयोजित इस नेशनल चैंपियनशिप में पूरे देश भर के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था. जिसमें रौनक ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है. रौनक राज महतो टेंडर हार्ट स्कूल में कक्षा 9 में अध्ययनरत हैं, और उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय पूरे विद्यालय परिवार को दिया है. रौनक ने बताया कि टेंडर हार्ट का श्रेष्ठ वातावरण एवं सभी शिक्षकों का उचित मार्गदर्शन बेहतर करने के लिये प्रेरित करता है. रौनक की इस सफलता पर टेंडर हार्ट के चैयरमैन सुधीर तिवारी एवं प्राचार्या उषा किरण झा ने रौनक को बधाई देते हुए कहा की यह पूरे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है एवं रौनक की इस उपलब्धि ने पूरे विद्यालय को समृद्धि के ऊंचाइयों तक पहुंचाया है. उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में टेंडर हार्ट स्कूल के छात्र विश्व स्तर पर भी अपने प्रतिस्पर्धी को पीछे छोड़ने के लिए तैयार हैं. रौनक की इस उपलब्धि पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव के रवि कुमार, जेपीईसी निदेशक किरण पासी, टेंडर हार्ट के वाईस चैयरमेन वेदान्त तिवारी, निदेशक जे मोहन्ती, उप प्राचार्या मेजर रश्मि प्रकाश सहित सभी शिक्षकों ने शुभकामनाएं प्रेषित की एवं आने वाली सफलताओं के लिए आशीर्वाद दिया.



**खास बातें**

- 10 मी. एयर राइफल में रौनक ने जीता स्वर्ण
- चैंपियनशिप में पूरे देश के खिलाड़ियों ने लिया था हिस्सा

### जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच बने खालिद

**जमशेदपुर ।** इंडियन सुपर लीग की टीम जमशेदपुर एफसी ने एएफसी प्रो लाइसेंस धारक खालिद जमील को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है. जमील को स्कॉट कूपर की जगह नियुक्त किया गया है जिन्होंने कुछ अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण इस पद पर आगे बने रहने में असमर्थता जताई थी. क्लब के बयान के अनुसार जमील इस फुटबॉल टीम के साथ अपना सफर जनवरी में होने वाली कलिंग सुपर कप से शुरू करेंगे और इसके बाद आईएसएल के बाकी बचे सत्र में भी टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे. जमशेदपुर एफसी के सीईओ मुकुल ने कहा कि हमारे पास कलिंग सुपर कप और आईएसएल के बाकी बचे मैचों में करने के लिए काफी कुछ है और इसलिए हमारा मानना है कि उनके पास हमारी टीम को अगले मैच से ही आगे बढ़ाने के लिए भारतीय फुटबॉल की पर्याप्त समझ और अनुभव है.

### यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट

# कनाडा और अमेरिका की टीमें जीतीं

भाषा । सिडनी

अमेरिकी ओपन की पूर्व फाइनलिस्ट लेयला फर्नांडीज के शानदार प्रदर्शन के दम पर कनाडा ने रविवार को यूनाइटेड कप टेनिस टूर्नामेंट के शुरुआती मुकाबले में चिली पर 2-1 से जीत दर्ज की. फर्नांडीज ने डेनिएला सेगुएल को 6-3, 6-2 से हराया. इसके बाद निकोलस जेरी ने स्टीवन डिएज को सीधे सेटों में हराकर चिली को ग्रुप बी के इस मुकाबले में बराबरी पर ला दिया. इसके बाद मिश्रित युगल के निर्णायक मैच में फर्नांडीज और डिएज ने सेगुएल और टॉमस बैरियोस वेरा के खिलाफ 7-5, 4-6, 10-8 से जीत हासिल की. उधर पर्थ ने खेले गए ग्रुप सी के मुकाबले में अमेरिका ने शुरू में पिछड़ने के बाद ग्रेट ब्रिटेन को 2-1 से हराया. ब्रिटेन की केटी बोल्टर ने विश्व में पांचवीं रैंकिंग की खिलाड़ी जेसिका पेगुला को एक सेट से पिछड़ने के बाद लगभग तीन घंटे में 5-7, 6-4, 6-4 से हराया. अमेरिका के विश्व में 10वीं रैंकिंग के टेलर फ्रिट्ज़ ने कैमरून नोरी को 7-6 (5), 6-4 से हराकर मुकाबला को बराबरी पर ला दिया.

मिश्रित युगल में पेगुला और फ्रिट्ज़ ने बोल्टर और नील स्कूपस्की पर 1-6, 7-6 (4), 10-7 से जीत हासिल करके अमेरिका की जीत सुनिश्चित की.



**खास बातें**

- कनाडा ने चिली पर 2-1 से जीत दर्ज की
- अमेरिका ने ब्रिटेन को 2-1 से हराया

**विश्व कप**

### हॉकी इंडिया ने फाइव्स हॉकी के लिए भारतीय महिला और पुरुष टीम की घोषणा की

# सिमरनजीत को पुरुष व रजीन को मिली महिला टीम की कप्तानी

भाषा । नयी दिल्ली

हॉकी इंडिया ने ओमान के मस्कट में होने वाले आगामी एफआईएच हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए रविवार को भारतीय टीम की घोषणा की जिसमें सिमरनजीत सिंह और रजनी इतिमारपु क्रमशः पुरुष और महिला टीम की कमान संभालेंगे.

हॉकी फाइव्स महिला विश्व कप 24 से 27 जनवरी तक आयोजित होगा जबकि पुरुषों की प्रतियोगिता 28 जनवरी से 31 जनवरी तक खेली जायेगी. अनुभवी गोलकीपर रजनी की मदद के लिए डिफेंडर महिमा चौधरी उप कप्तान होंगी जबकि मनदीप मोर पुरुष टीम के उप कप्तान होंगे.भारतीय महिलाओं को नामीबिया, पोलैंड और अमेरिका के साथ पूल सी में रखा गया है. हॉकी फाइव्स महिला विश्व कप में कुल 16 टीमें भाग लेंगी जिसमें पूल ए में फिजी, मलेशिया, नीदरलैंड और मेजबान ओमान शामिल हैं जबकि पूल बी में ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन और जाम्बिया हैं. पूल डी में न्यूजीलैंड, पराग्वे, थाईलैंड और उरुग्वे शामिल हैं.

**खास बातें**

- 24 से 27 जनवरी तक महिला टीमों के बीच होगा मुकाबला
- 28 से 31 जनवरी तक पुरुष टीमों के बीच होगा मुकाबला



भारतीय टीम

### पूल बी में है भारतीय पुरुष टीम

भारतीय पुरुष टीम को पूल बी में रखा गया है जिससे नॉकआउट दौर में जगह बनाने के लिए उसे मिस्र, जमैका और स्विट्जरलैंड के खिलाफ खेलना होगा. पूल ए में नीदरलैंड, नाइजीरिया, पाकिस्तान और पोलैंड और पूल सी में ऑस्ट्रेलिया, कीनिया, न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद और टोबैगो शामिल हैं जबकि पूल डी में फिजी, मलेशिया, ओमान और अमेरिका मौजूद हैं. कोच सरदार सिंह ने कहा कि हमने हॉकी के इस रोमांचक प्रारूप के लिए युवा और अनुभवी खिलाड़ियों वाली संतुलित टीम चुनी है. इस टीम में कई खिलाड़ियों को पहले ही इस प्रारूप में खेलने का अनुभव है और वे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक हैं. हमने इस टूर्नामेंट के लिए कड़ी मेहनत की है और पोडियम पर पहुंचने के लिए उत्सुक हैं.

- **महिला टीम :** रजनी इतिमारपु, बंसारी सोलंकी,अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, मारियाना कुजूर, मुमताज खान, अजमीना कुजूर, रुताजा दादासो पिसल और दीपिका सोरेंग
- **पुरुष टीम :** सिमरनजीत सिंह, मनजीत, मनदीप मोर, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह, पवन राजभर, गुरजोत सिंह और उत्तम सिंह

# टेस्ट क्रिकेट में आक्रामक खेल रहे हैं गिल: गावस्कर

भाषा । नयी दिल्ली

महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने शुभमन गिल से टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी करते हुए अपनी आक्रामकता पर लगाम लगाने की बात कही. गिल सेंचुरियन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे थे जिसमें भारत को पारी और 32 रन से करारी हार मिली थी. गिल ने सुपरस्पोर्ट पार्क में दो और 26 रन बनाये थे जिसमें वह पहली पारी में तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर और दूसरी पारी में मार्को यानसेन का शिकार हो गये थे. गावस्कर ने गिल से सफेद गेंद की तुलना में टेस्ट क्रिकेट की जरूरतों को ध्यान में रखने की सलाह दी. गावस्कर ने कहा कि मुझे लगता है कि वह टेस्ट क्रिकेट में कुछ ज्यादा ही आक्रामकता से खेल रहा है. जब आप टेस्ट क्रिकेट में खेलते हो तो टी-20 अंतरराष्ट्रीय और वनडे की तुलना में इसमें थोड़ा अंतर होता है. उन्होंने कहा कि लाल गेंद हवा में और पिच के बाहर भी सफेद गेंद की तुलना में कुछ ज्यादा ही घूमती है. यह थोड़ा अधिक उछाल लेती है. उसे यह ध्यान में रखना चाहिए. गिल ने सीमित ओवर के प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन किया है.

**क्या कहा**

- गिल को टेस्ट की जरूरतों को ध्यान में रखने की सलाह दी
- सफेद गेंद की तुलना में लाल गेंद अधिक खतरनाक










देश भर में युवाओं ने अलग-अलग अंदाज से नये साल का स्वागत किया. 2023 की विदाई और 2024 के स्वागत को लेकर लोग तैयारी में जुटे रहे, खासकर स्कूल कालेज के छात्र-छात्राएं नए साल को लेकर उत्साहित दिखे. (फोटो : पीटीआई)

## ब्रीफ खबरें

### पाकिस्तान में बम धमाके में दो बच्चों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में एक पुलिस थाने को निशाना बनाकर बम धमाका किया गया जिसमें दो बच्चों की मौत हो गई. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शनिवार को प्रांत के बोलन जिले के माच इलाके में हुई. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बम जेल रोड पर पुलिस थाने की इमारत के ठीक पीछे एक ठेले के नीचे छुपाया गया था. थाने के करीब ही एक छोटा सा बाजार है. उन्होंने कहा कि बम धमाका रिमोट से किया गया जिसमें पास से गुजर रहे 10 और 12 वर्ष के दो बच्चों की मौत हो गई.

### पादरी सहित 50 ईसाई परिवार भाजपा में शामिल

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में कुछ समय से ईसाई समुदाय को लुभाने में लगी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कहा कि राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय का एक पादरी और करीब 50 परिवार पार्टी में शामिल हो गए हैं. भाजपा ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा कि दक्षिणी केरल के पत्तनमतिट्टा जिले में ऑर्थोडॉक्स चर्च निलाक्कल भद्रसानम के सचिव फादर शैजू कुरियन समेत करीब 50 ईसाई परिवार शनिवार को केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन की मौजूदगी में भाजपा में शामिल हो गए. पार्टी ने कहा कि केरल कांग्रेस (जैकब) गुट के कई लोग भी शनिवार को मध्य केरल के त्रिशूर जिले में प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो गए.

### बीपी गोपालिका बंगाल के नए मुख्य सचिव बने

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार ने रविवार को बीपी गोपालिका को राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया. एक आधिकारिक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई. उनकी नियुक्ति इस पद पर आसीन रहे निवर्तमान मुख्य सचिव एच के द्विवेदी का विस्तारित कार्यकाल आज समाप्त होने के बाद की गई. गोपालिका भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1986 बैच के अधिकारी हैं. अगर उनका कार्यकाल उनके पूर्ववर्ती द्विवेदी की तरह नहीं बढ़ाया जाता है, तो वह इस पद पर महज पांच महीने तक बने रहेंगे, क्योंकि अगले साल वह 31 मई को सेवानिवृत्त होने वाले हैं. गोपालिका की जगह नंदिनी चक्रवर्ती राज्य की नई गृह सचिव बनीं.

एक साथ दिखेगा नौ देशों का समय

# सब्जी विक्रेता ने राम मंदिर को समर्पित की विशेष घड़ी




- घड़ी भारत, दुबई, तोक्यो (जापान), मॉस्को (रूस), बीजिंग (चीन), सिंगापुर, मेक्सिको सिटी (मेक्सिको), वाशिंगटन और न्यूयॉर्क (यूएसए) का समय एक साथ दिखाती है.

**भाषा। लखनऊ**

पुराने जमाने के 'टू-इन-वन' म्यूजिक सिस्टम से प्रत्यक्ष तौर पर प्रेरित होकर और कुछ अलग एवं अनोखा करने की गहरी इच्छा रखते हुए लखनऊ के सब्जी विक्रेता अनिल कुमार साहू ने एक ऐसी घड़ी बनाई है, जो भारत सहित आठ देशों का समय बताती है. साहू ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को ऐसी एक घड़ी उपहार में दी है.

अनिल कुमार साहू (52) द्वारा डिजाइन की गई घड़ी लखनऊ के 'हैनिमैन क्रॉसिंग' के पास सब्जी बाजार में सभी के आकर्षण का केंद्र बन गई है और जिज्ञासावश सब्जी खरीदार, दर्शक और साथी दुकानदार लगातार घड़ी की कार्यप्रणाली के बारे में पूछताछ कर रहे हैं. साहू ने बताया कि घड़ी की खासियत यह है कि इसमें एक कांटा है जो घंटे और मिनट दोनों बताता है. दूसरा कांटा सेकेंड का है, यह दिखाने के लिए दिया गया है कि घड़ी काम कर रही है. साहू ने कहा कि हाल ही में उन्होंने चंपत राय को 75 सेंटीमीटर व्यास वाली इस डिजाइन की एक घड़ी उपहार में दी थी. उन्होंने कहा कि मैंने अक्टूबर 2023 में नवरात्र के दौरान इस घड़ी (75 सेमी) पर काम करना शुरू किया.



### पहली घड़ी लखनऊ के खाटू श्याम मंदिर को दी

सब्जी विक्रेता अनिल कुमार साहू ने कहा कि पहली घड़ी मैंने लखनऊ के खाटू श्याम मंदिर को दी थी. दूसरी घड़ी बाराबंकी के कोटवा धाम, बाराबंकी के कुंतेश्वर महादेव को उपहार में दी गई. एक घड़ी अयोध्या में चंपत राय को उपहार में दी गई. उन्होंने कहा कि बचपन से ही मेरी चाहत थी कि देश के लिए कुछ अलग करूं, दुनिया से अलग बनूं. मेरे दोस्त मेरी सूझबूझ की तारीफ करते थे. उन्होंने कहा कि मैं लापरवाह था और पढ़ाई पर ध्यान नहीं देता था. यह बात मुझे परेशान करती थी और यह सोचने में कि मैं क्या कर सकता हूं, 20-25 साल गुजर गए. साहू ने कहा कि कई विचारों को त्यागने के बाद मैंने इस घड़ी को बनाने पर ध्यान केंद्रित किया, जो एक ही समय में कई देशों का समय बता सकती है.

**कैसे मिली प्रेरणा**

साहू ने यह भी बताया कि घड़ी पहली बार 2018 में उनके द्वारा बनाई गई थी और भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय द्वारा 'डिजाइन के पंजीकरण का प्रमाण पत्र' दिया गया था. यह पूछे जाने पर कि किस बात ने उन्हें ऐसी घड़ी डिजाइन करने के लिए प्रेरित किया साहू ने कहा कि 2015 में, मुझे ओमान से मेरे मकान मालिक का फोन आया और समय क्षेत्र के बारे में चर्चा हुई. इसके बाद कई देशों का समय बताने वाली घड़ी डिजाइन करने के विचार ने आकार लिया.

# रूस पर जवाबी हमला, 20 की मौत

**भाषा। मॉस्को**

रूस और यूक्रेन के बीच का युद्ध एक बार फिर भड़क गया है. कुछ दिन पहले रूस ने यूक्रेन पर मिसाइलें बरसायी थी. जिसमें 39 नागरिकों की जान चली गयी थी. इस बमबारी के जवाब में अब यूक्रेन ने रूस शहर पर हवाई हमला किया है. यूक्रेन ने मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर से सेंट्रल कैथेड्रल स्क्वायर पर एक स्केटिंग रिक, एक शॉपिंग सेंटर और आवासीय इमारतों को निशाना बनाया. इस एयर स्ट्राइक में करीब 20 लोगों की मौत होने की खबर है. इसमें दो बच्चे भी शामिल हैं. इस हमले में बेलगोरोद शहर के 111 लोग घायल भी हुए हैं. यह रूस पर यूक्रेन का सबसे बड़ा एयर स्ट्राइक है.

**रूसी अधिकारियों की यूक्रेन को चेतावनी :** रूसी रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन को चेतावनी दी है. मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन द्वारा बेलगोरोद शहर पर हुए हवाई हमले को बख्शा नहीं जायेगा. कहा कि कीव शासन ने प्रतिबंधित क्लस्टर कॉन्फिगरेशन में दो ओल्खा मिसाइलें और चेक निर्मित वैंपायर रॉकेटों का इस्तेमाल किया है. यूक्रेन के इस हवाई हमले से वाणिज्यिक संपत्ति, शॉपिंग सेंटर, दुकानों सहित 22 अपार्टमेंट को नुकसान पहुंचा है. एयर स्टाइक में 100 से अधिक कारें क्षतिग्रस्त हुई हैं. हालांकि दोनों ओल्खा मिसाइलकों को मार गिराया गया, जिससे बड़ी क्षति होने से बचाया जा सका.

### रूसी हमले में 39 लोगों की गयी थी जान

रूसी सेना ने इससे पहले यूक्रेन पर हवाई हमले किये थे. सेना ने ताबड़तोड़ 122 मिसाइल और 36 ड्रोन से यहां एयर स्ट्राइक किया था. रूसी हमले में 39 लोगों की जान गयी थी. वहीं 159 लोगों के घायल होने की खबर थी. यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की मानें तो रूस के इस हवाई हमले से 120 शहर और गांव प्रभावित हुआ. रूसी सेना का यह हमला अब तक का सबसे बड़ा खूनी हमला था. इससे पहले लंबे समय से यूक्रेनी सेना अपनी सीमा से लगते रूसी क्षेत्रों पर हमला कर रही थी.

### दक्षिणी नौसेना कमान के प्रमुख बने श्रीनिवास

**कोच्चि।** वाइस एडमिरल वी. श्रीनिवास ने रविवार को नौसेना प्रतिष्ठान पर एक औपचारिक परेड में दक्षिणी नौसेना कमान के 30वें फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एफओसीआईएनसी) के रूप में कार्यभार संभाला. उन्होंने वाइस एडमिरल एम.ए. हम्पीहोली का स्थान लिया जो नौसेना में चार दशक के करियर के बाद सेवानिवृत्त हुए. वाइस एडमिरल श्रीनिवास और उनके पूर्ववर्ती दोनों ने वेंडुरुथी युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्र के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वालों के सम्मान में आयोजित समारोह में पुष्पांजलि अर्पित की. रक्षा विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल श्रीनिवास वर्ष 1987 में नौसेना में शामिल हुए, जो पनडुब्बी-रोधी युद्ध के विशेषज्ञ हैं.

# राहुल गांधी को बड़ा नेता नहीं मानें मैं भी नहीं मानता : लक्ष्मण

**भाषा। भोपाल**

कांग्रेस के पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह ने कहा है कि राहुल गांधी एक साधारण पार्टी कार्यकर्ता एवं सांसद हैं, और उन्हें बहुत ज्यादा तवज्जो नहीं दी जानी चाहिये. कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह के अनुज लक्ष्मण सिंह शनिवार को मध्यप्रदेश के गुना में कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे.

संवाददाताओं ने जब उनसे पूछा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी लोकसभा में बयान देते हैं, तो उनका चेहरा टीवी पर कम दिखाया जाता है, तो इसपर सिंह ने कहा कि राहुल गांधी एक सांसद हैं, वह (पार्टी के) अध्यक्ष नहीं हैं, और कांग्रेस के एक कार्यकर्ता हैं. इसके अलावा राहुल गांधी कुछ नहीं हैं. उन्होंने कहा कि आप (मीडिया) लोगों को राहुल गांधी को इतनी तवज्जो नहीं देनी चाहिए और न ही हमें ऐसा करना चाहिए. पांच बार सांसद और तीन बार विधायक रह चुके लक्ष्मण सिंह ने कहा कि राहुल गांधी केवल एक सांसद हैं और वह पार्टी के बाकी सांसदों के बराबर हैं. उन्होंने कहा कि कोई जन्म से नहीं, बल्कि अपने कर्मों से (बड़ा) बनता है. राहुल गांधी को इतना बड़ा नेता मत मानिए, मैं भी नहीं मानता. वह एक साधारण सांसद हैं. इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप उन्हें तवज्जो देते हैं या नहीं. पिछले महीने हुए मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में गुना जिले की चचौरा विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका पेंची ने लक्ष्मण सिंह को 61,000 से अधिक मतों से हराया था.

विनेश के पुरस्कार लौटाने पर राहुल गांधी ने कहा -

# पीएम की निष्ठुरता देख पीड़ा होती है

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महिला पहलवान विनेश फोगाट द्वारा अपना खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पर छोड़े जाने को लेकर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री देश के अभिभावक होते हैं और उनकी तरफ से ऐसी निष्ठुरता देखकर दुख होता है.



राहुल गांधी का यह बयान तब आया है जब एक दिन पहले विश्व चैम्पियनशिप में कई बार की पदक विजेता विनेश फोगाट ने अपने खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार लौटा दिए तथा दिल्ली पुलिस द्वारा प्रधानमंत्री कार्यालय जाने से रोके जाने के बाद दोनों पुरस्कार कर्तव्य पथ के बीच में छोड़ दिए. विनेश ने ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के चुनाव का विरोध किया था. इन तीनों ने बृजभूषण पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था.

**आत्मसम्मान पहले है, पदक उसके बाद :** कर्तव्य पथ पर फोगाट का एक वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि देश की हर बेटी के लिए आत्मसम्मान पहले है, अन्य कोई भी पदक या सम्मान उसके बाद. पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज, क्या एक घोषित बाहुबली से मिलने वाले राजनीतिक फायदे की कीमत इन बहादुर बेटियों के आंसुओं से अधिक हो गई है? प्रधानमंत्री राष्ट्र के अभिभावक होते हैं, उनकी ऐसी निष्ठुरता देख पीड़ा होती है.

### कारखाने में आग लगने से छह श्रमिकों की मौत

**छत्रपति संभाजीनगर।** महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले में शनिवार देर रात दस्ताने बनाने वाले एक कारखाने में आग लगने से छह श्रमिकों की मौत हो गई. पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. वालुज औद्योगिक क्षेत्र में स्थित 'सनशाइन एंटरप्राइजेज' इकाई में देर रात करीब एक बजे आग लग गई. इस दौरान परिसर में 13 कर्मचारी सो रहे थे. अधिकारी ने बताया कि आग लगने की घटना में छह लोगों की मौत हो गई जबकि सात व्यक्ति किसी तरह टीन की छत तोड़कर भाग निकलने में कामयाब रहे. पुलिस आयुक्त मनोज लोहिया ने कहा कि वालुज एमआईडीसी में सूती और चमड़े के दस्ताने बनाने वाली 'सनशाइन एंटरप्राइजेज' फैक्टरी में आग लग गई.

# गर्भवती को अस्पताल से निकालने का आरोप, गेट पर जन्मे बच्चे की मौत

**भाषा। बदायूं**

बदायूं के जिला महिला अस्पताल में कथित तौर पर रुपये न देने पर एक गर्भवती महिला को धक्के देकर बाहर निकाले जाने और अस्पताल के गेट पर ही बच्चे को जन्म देने का मामला सामने आया है. बताया जा रहा है कि अत्यधिक ठंड होने व उपचार न मिलने के कारण बच्चे की मौके पर ही मौत हो गयी. जिलाधिकारी ने इस मामले में जांच के आदेश दिये हैं. बदायूं के जिलाधिकारी (डीएम) मनोज कुमार ने रविवार को बताया कि मामला बेहद गंभीर है. अस्पताल इस मामले में नगर मजिस्ट्रेट को जांच करने के निर्देश दिए गए हैं.

**खास बातें**

- नगर मजिस्ट्रेट को तीन दिन में सौंपी जाएगी जांच रिपोर्ट
- कर्मचारियों ने जांच के नाम पर पांच हजार रुपये मांगे

उन्होंने बताया कि नगर मजिस्ट्रेट तीन दिन में जांच करके रिपोर्ट सौंपेंगे, उसके बाद दोषी डॉक्टर व मेडिकल स्टाफ के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी. इस तरह की लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. परिजनों की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार बदायूं शहर के मोहल्ला कबूल पुरा निवासी रवि शनिवार की शाम अपनी पत्नी नीलम को प्रसव के लिए जिला महिला अस्पताल लेकर पहुंचा.

रवि ने आरोप लगाया कि जिला महिला अस्पताल में डॉक्टर उपलब्ध नहीं थी, कर्मचारियों ने उसकी पत्नी नीलम को भर्ती करने को मना कर दिया, जिस पर उसने अपने परिजनों को बुला लिया. हंगामा करने पर अस्पताल के कर्मचारियों ने जांच करने के नाम पर पांच हजार रुपये मांगे. रवि ने बताया कि रुपये देने में असमर्थता जताने पर जिला महिला अस्पताल के कर्मचरियों ने धक्के देकर प्रसूता नीलम और परिजनों को बाहर निकाल दिया.


**हंगामा** एमएलसी से धक्का-मुक्की, भाजपा और विपक्ष के नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप लगाया

# मेरठ नगर निगम की बैठक में चले लात-घूंसे

**भाषा। मेरठ**

मेरठ नगर निगम बोर्ड की बैठक में कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और विपक्षी पार्षदों के बीच हंगामे के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और समाजवादी पार्टी (सपा) के पार्षदों की पिटाई का मामला सामने आया है.

इस मामले को लेकर भाजपा और विपक्ष के नेताओं ने एक दूसरे पर आरोप लगाया है. हालांकि, अभी तक पुलिस ने किसी भी पक्ष की तहरीर पर मामला दर्ज नहीं किया है. यहां नगर निगम बोर्ड की शनिवार को हुई बैठक में हंगामा हुआ. विपक्षी पार्षदों ने घटना को अनुसूचित जाति के अपमान से जोड़ते हुए मामले में



संलिप्त सत्ता पक्ष के नेताओं के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की. विपक्षी नेताओं ने कहा है कि 2024 लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग इस पिटाई का जवाब देगा. वहीं भाजपा ने इसे विपक्ष की सुनियोजित साजिश करार दिया है. मेरठ के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सिंह सजवाण ने रविवार को बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर मिल गई है. नगर निगम सदन के भीतर की सीसीटीवी फुटेज मंगाई गई है और जांच के बाद कार्रवाई होगी.

मामले में बसपा-सपा के पार्षदों की पिटाई के मामले में प्रदेश के ऊर्जा राज्यमंत्री सोमेंद्र तोमर और विधान पार्षद (एमएलसी) धर्मेंद्र भारद्वाज का नाम आने के बाद मामला तूल पकड़ने लगा है.

**अखिलेश ने साधा निशाना :** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हंगामा, मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए शनिवार को लिखा कि मेरठ में नगर निगम बोर्ड की बैठक के दौरान उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्री और एमएलसी ने पुलिस की मौजूदगी में विपक्ष के दलित पार्षदों पर घातक प्रहार किये. भाजपाई सत्ता के अहंकार में डूबकर दलितों से जो अपमानजनक व्यवहार कर रहे हैं उसका जवाब उनको आगामी चुनाव में मिलने वाला है. भाजपा आगामी हार की हताशा में हिंसक हो गयी है.

### षड्यंत्र के तहत किया जा रहा बदनाम : भाजपा

गौरतलब है कि शनिवार को मेरठ नगर निगम बोर्ड बैठक में गृहकर की किसी बात को लेकर हुए हंगामे के दौरान पार्षदों के बीच आपस में कथित गाली-गलौज और मारपीट हुई थी. आरोप है कि इस दौरान भाजपा के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) धर्मेंद्र भारद्वाज के साथ विपक्षी दलों के पार्षदों ने धक्का-मुक्की की और मारपीट की, जिसके बाद भाजपा के पार्षद भड़क गए और फिर उन्होंने वार्ड संख्या 36 से बसपा पार्षद आशीष चौधरी और वार्ड संख्या 31 से सपा पार्षद कुलदीप उर्फ कीर्ति घोपला की कथित पिटाई कर दी.

### रेव पार्टी पर छापेमारी कर 95 लोगों को हिरासत में लिया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में रविवार सुबह पुलिस ने रेव पार्टी पर छापेमारी कर 90 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले लिया. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा की वागले एस्टेट-5 और भिवंडी-2 इकाई के अधिकारियों ने तड़के करीब तीन बजे वडावली क्रीक के पास एक दूरदराज के इलाके में खुली जगह पर की जा रही रेव पार्टी पर छापेमारी की. पुलिस उपायुक्त (अपराध) शिवराज पाटिल ने बताया कि पांच महिलाओं सहित कम से कम 95 लोग रेव पार्टी करते पाए गए, जिन्हें हिरासत में ले लिया गया है. उन्होंने बताया कि पुलिस ने रेव पार्टी के आयोजक तेजस कुबल (23) और सुजल महाजन (19) को गिरफ्तार कर लिया है.

उल्फा के वार्ता विरोधी गुट ने शांति समझौते पर कहा

# समझौते से हैरान, चिंतित या क्रोधित नहीं, बल्कि शर्मिंदा हैं

**भाषा। गुवाहाटी**

उल्फा (आई) के वार्ता विरोधी गुट के नेता परेश बरुआ ने वार्ता समर्थक गुट के साथ हुए त्रिपक्षीय शांति समझौते को शर्मनाक बताया और कहा कि यदि क्रांतिकारी अपने लक्ष्य और आदर्श छोड़ देते हैं तो राजनीतिक समाधान संभव नहीं है.

बरुआ ने असमी टेलीविजन चैनल 'प्रतिदिन टाइम' को टेलीफोन पर दिए साक्षात्कार में कहा कि हम समझौते से हैरान, चिंतित या क्रोधित नहीं, बल्कि शर्मिंदा हैं. हम परिणाम से अवगत हैं कि जब क्रांतिकारी अपने लक्ष्य, आदर्श और विचारधारा छोड़ देते हैं तो राजनीतिक समाधान संभव नहीं होता. उनके गुट के साथ मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की संभावित वार्ता के बारे में पूछे जाने पर बरुआ ने कहा कि हां, उन्होंने मुझसे बात की. वह बातचीत के इच्छुक हैं. हम सिर्फ बातचीत के लिए नहीं बैठेंगे. हमने राजनीतिक समाधान की मांग की है और हम इस लक्ष्य से पीछे नहीं हटेंगे तथा राज्य के लोगों से धोखा नहीं करेंगे. उन्होंने कहा कि अगर राजनीतिक मांग नहीं मानी जाती और केवल एक पैकेज दिया जाता है तो यह स्वीकार्य नहीं है. हम शुरुआत से यह कह रहे हैं कि वह (वार्ता समर्थक गुट) तथाकथित व्यवस्था के गलत रास्ते पर आगे बढ़ रहा है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)

### JANUARY 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

### FEBRUARY 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | | |

### MARCH 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |




### APRIL 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

### MAY 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

### JUNE 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

### JULY 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

### AUGUST 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

### SEPTEMBER 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

### OCTOBER 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

### NOVEMBER 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

### DECEMBER 2024

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |